ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 5, अंक 187, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह 16
भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज 15




# 1971 में मोदी होता तो भारत में होता करतारपुर साहिब

## 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को मुक्त करते समय था भारत के पास ट्रंप कार्ड

- पटियाला में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देश के विभाजन के लिए कांग्रेस पूरी तरह जिम्मेदार

पटियाला, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि अगर वह उस वक्त सत्ता में होते तो आत्मसमर्पण करने वाले 90 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को मुक्त करने से पहले पड़ोसी मुल्क से करतारपुर साहिब वापस ले लेते।

मोदी ने पटियाला में एक रैली को संबोधित करते हुए करतारपुर साहिब गुरुद्वारे का भावनात्मक मुद्दा उठाया और देश के विभाजन के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए ऐसा किया था। विभाजन के बाद करतारपुर साहिब पाकिस्तान के पंजाब वाले हिस्से में चला गया था। यह भारत के साथ सीमा से कुछ किलोमीटर दूर ही स्थित है। मोदी ने कहा, 70 साल तक हम करतारपुर साहिब गुरुद्वारे के दर्शन केवल दूरबीन से ही कर सके। उन्होंने कहा कि 1971 में करतारपुर साहिब गुरुद्वारे को वापस लेने का मौका मिला था, जब 90 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उन्होंने इस अवसर को और भारत के हाथ में 'ट्रंप कार्ड' जैसा बताया और कहा, यदि उस वक्त मोदी होता तो मैं उनसे करतारपुर साहिब ले लेता और फिर उनके जवानों को मुक्त करता। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया, लेकिन मैं जितना कर सकता था, किया। उन्होंने 2019 में करतारपुर साहिब गलियारा खोले जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे सिख श्रद्धालुओं के लिए गुरुद्वारे की यात्रा आसान हुई।


पटियाला में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरोपा भेंट करते भाजपा नेता। ● एजेंसी

### पंजा और झाड़ू दो संगठन लेकिन दुकान एक

प्रधानमंत्री ने कहा दिल्ली की घोर भ्रष्ट पार्टी और सिख विरोधी दंगों की दोषी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ लड़ने का नाटक कर रही हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पंजा और झाड़ू दो संगठन हैं, लेकिन दुकान एक ही है। यहां वे कोई भी बयान दे सकते हैं, लेकिन दिल्ली में दोनों एक साथ नाच रहे हैं। इसलिए मैं पंजाब के लोगों से उनसे सावधान रहने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने अपने गुरु अन्ना हजारे को 'धोखा' दिया और दिन में 10 बार झूठ बोलती है, वह पंजाब या इसके बच्चों का कभी भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास न तो कोई नेता है, न ही इरादा।

# सांसद की हत्या को 5 करोड़ की सुपारी

कोलकाता, एजेंसी



- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या का राजफाश

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा था कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है। अधिकारी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा था कि पुलिस के पास विश्वसनीय इनपुट थे कि अनार की संभवत हत्या कर दी गई है लेकिन अभी तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुलिस को कोलकाता के बाहरी इलाके के न्यू टाउन में स्थित अपार्टमेंट (जहां सांसद के 13 मई को वहां आखिरी बार मौजूद होने का पता चला था) में खून के धब्बे मिले हैं, चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी फॉरेंसिक टीम संदिग्ध अपराध स्थल की जांच कर रही है।

## छत्तीसगढ़ में मार गिराए 7 नक्सली

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर के जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल के संयुक्त दल को रवाना किया गया था। दल गुरुवार सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 7 मारे गए।

## मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट के पद पर मिलेगी नियुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** साल 2018 बैच के एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण चिकित्सकों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट व ट्यूटर के पद पर तैनात किया जाएगा। यह नियुक्ति उन्हें दो साल के लिए अनिवार्य शासकीय सेवा बांड के तहत मिलेगी। काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें कॉलेज आंवटित किया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सार्वजनिक सूचना के संबंध में गुरुवार को महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में गोरखपुर, आगरा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज व झांसी मेडिकल कॉलेज में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट के पद 63000 रुपये प्रतिमाह पर सृजित किए गए हैं। साथ ही ग्रेड वेतन 5400 रुपये पर डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद सृजित हैं। इन पदों पर बांड के तहत 2018 बैच के अभ्यर्थियों को नियुक्त किया जाएगा। ऑनलाइन काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों की प्राथमिकता और कॉलेज में सीट की उपलब्धता के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी।










## एक नजर

### राज्यपाल के खिलाफ ईसी में टीएमसी ने की शिकायत

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल के राज्यपल सीवी आनंद बोस के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बोस ने कोलकाता में भाजपा के लिए प्रचार किया।

### सलमान ने याचिका से नाम हटाने को कहा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है।

### मुठभेड़ में माओवादी को मार गिराया

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। मुठभेड़ खूंटी-चाईबासा-रांची सीमा के पास हुई।

# काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नई दिल्ली/जमशेदपुर, एजेंसी

काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की। जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचीं। इसके साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की बन गई हैं।



### फुंजो ने बनाया कम समय का रिकॉर्ड

**काठमांडू।** नेपाली मूल की महिला पर्वतारोही फुंजो लामा 15 घंटे से भी कम समय में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला पर्वतरोही बन गई हैं। वे गुरुवार सुबह 6 :23 बजे 8,848 मीटर ऊंची चोटी पर आधार शिविर से 14 घंटे 31 मिनट में पहुंचीं।

# 75418 पर सेंसेक्स निफ्टी 23 हजार के पास

**मुंबई/नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1.75 प्रतिशत उछलकर 22,993.60 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

**नया रिकॉर्ड**

# केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 8 की मौत

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन कारखाने (केमिकल फैक्ट्री) में गुरुवार दोपहर विस्फोट होने के बाद आग लग गई, हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए। डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल कंपनी के एक बॉयलर में दोपहर करीब 1.40 बजे विस्फोट होने से लगी भीषण आग आसपास के कारखानों में भी फैल गई।

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग आसपास के कारखानों में काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आसपास के कारखानों में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये दिए जाएंगे और घायलों का खर्च सरकार वहन करेगी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट के कारण आसपास की इमारत की खिड़कियों के शीशों में दरारें आ गईं जबकि कुछ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए।


ठाणे की रसायन फैक्ट्री में आग बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी।

- ठाणे में विस्फोट के बाद लगी आग में 60 से अधिक लोग झुलसे

# कांग्रेस ने कहा- निर्वाचन आयोग का सत्तापक्ष की ओर झुकाव का मतलब खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मतदान केंद्र वार डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार को निंदनीय बताया
- निर्वाचन आयोग ने कहा था-बिना सोचे-समझे डेटा जारी करने से बनेगी भ्रम की स्थिति

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र वार वोटिंग प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ झुक जाएगी तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम पैदा होगा। आयोग ने कहा कि मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इससे भ्रम हो सकता है क्योंकि इससे तस्वीरों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी थी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आयोग के किसी दस्तावेज में नाम तक नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी, न कोई प्रतिबंध लगाया और न कोई दोषारोपण किया।

**इंसानियत** बिना किसी मदद के सैकड़ों शवों का अंतिम संस्कार कर चुके शरीफ गाजी

# अंतिम संस्कार के इंतजार में न पड़ा रहे कोई लावारिस शव

केपी शर्मा, बदायूं

- पुलिस भी लेती है मदद, मुस्लिम को दफन, हिंदू को देते हैं मुखाग्नि

**अमृत विचार :** कोई रिश्ता है न नाता, अमीरी-गरीबी की परवाह नहीं। शरीफ गाजी के लिए सिर्फ इतना काफी है कि इस शव का कोई वारिस नहीं। बस वह जुट जाते हैं और शव के धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इसमें किसी की मदद नहीं लेते। वह ऐसे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करा चुके हैं। पुलिस भी उनसे मदद लेती है। अब लोग उन्हें जेसीबी वाले शरीफ भाई के नाम से पहचानते हैं। उन्हें लावारिस शवों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं।



शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी शरीफ गाजी के पिता रियाकत अली क्रेन चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके निधन के बाद शरीफ गाजी ने भी क्रेन चलानी शुरू की। शरीफ गाजी बताते हैं कि साल 1991 में शहर की एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उस युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

दो दिन तक शव रखा रहा। उन्होंने सुना तो अच्छा नहीं लगा। इंसानियत कचोटने लगी। इसके बाद शव के अंतिम संस्कार का फैसला किया। अपने पैसे से सामान जुटाकर शव का अंतिम संस्कार किया। तभी से उन्हें लावारिस शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार करने का जूनून सवार हो गया। अब तक गिनती नहीं की कि कितने शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

### धर्म के अनुसार करते हैं अंतिम संस्कार

जिले में जहां भी लावारिश शव मिलता शरीफ गाजी खुद वहां पहुंच जाते हैं और शव का अंतिम संस्कार करते हैं। पुलिस लावारिस शव बरामद करती है तो पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शरीफ भाई को याद करती है। शरीफ गाजी का कहना है कि मरने वाला जिस धर्म का होता है उसका अंतिम संस्कार उसी के अनुसार करते हैं। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने से दिली सुकून मिलता है। उनका कहना है कि शरीर एक मिट्टी है। उनके धर्म में मिट्टी को मिट्टी से मिलाना शबाब का काम होता है। शव का अच्छे से अंतिम संस्कार करना या दफन करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं।

### 33 साल से नहीं ली किसी की मदद

नेक कार्य के लिए जिला प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य की सराहना होती है। कुछ लोग तो उन्हें मुर्दों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं। वह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने के अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन भी कराते हैं। वह लगभग 33 साल से यह काम कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्होंने किसी की मदद नहीं ली। हां जो अपनी इच्छा से लकड़ी देता है तो ले लेते हैं लेकिन किसी के पास मदद के लिए नहीं जाते।

## शहर में आज

- मानव सेवा क्लब द्वारा अमर शहीद प्रताप सिंह बारहठ बलिदान दिवस पर गोष्ठी राजेंद्र नगर स्थित पार्क में सुबह 8 बजे।
- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन की प्रेस वार्ता चौपुला स्थित कार्यालय पर सुबह 11 बजे।
- इनरव्हील क्लब बरेली साउथ द्वारा जल सेवा शिविर निकट रोटरी भवन सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।



## सिर्फ पैसे फूंकने से बन जाता स्मार्ट सिटी तो बात ही क्या थी...





**अतिक्रमण फिर बहाल**
कुतुबखाना रोड पर बुधवार को ही अतिक्रमण हटाया गया था थे जो बृहस्पतिवार को फिर अपनी जगह नजर आया। कोई उनका हाल भी देखने नहीं पहुंचा।

**सड़क का हाल**
मिनी बाईपास पर कर्मचारी नगर जाने वाली सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसका जल्द निर्माण कराने के वादे सुनते लोगों के दिन कट रहे हैं।

**बदायूं रोड पर फिर गड्ढा**
बदायूं रोड पर बार-बार पाइप लाइन फटती है और उसे ठीक करने को खुदाई की जाती है। स्मार्ट सिटी में यह सिलसिला खत्म होने में नहीं आ रहा है। ● मोहित कुमार सिंह

# अफसरों ने 65 परियोजनाओं पर 930 करोड़ कर डाले खर्च आपको देखना है स्मार्ट सिटी तो सरकारी नजर से ही देखें

## कई परियोजनाएं अधूरी, कई पूरी होने के बाद भी शुरू नहीं फिर भी कागजों पर फेज- 1 के काम पूरे, फेज- 2 शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कहने को स्मार्ट सिटी की 930 करोड़ लागत की 65 परियोजनाओं को पूरा कर दिया गया है लेकिन इतनी भारी-भरकम धनराशि खर्च होने के बाद शहर कितना स्मार्ट हुआ है, यह शहरवासियों को ही तय करना है। वजह यह है कि कई परियोजनाओं को अब तक शुरू नहीं किया जा सका है। कई अधूरी पड़ी हैं और लेटलतीफी की वजह से उनकी कार्यदायी संस्थाओं पर जुर्माना भी लग चुका है। इस बीच स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फेज- 1 से निकलकर फेज- 2 में जरूर प्रवेश कर गया है।

फेज- 2 में अफसर शहर को और ज्यादा स्मार्ट बनाने में जुटेंगे। इसके लिए करोड़ों की परियोजनाएं कागजों पर उतरनी शुरू हो गई हैं। बरेली को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 2018 में शामिल किया गया था। पहले फेज के सभी प्रोजेक्ट पूरे करने के दावे के बाद अब प्रदेश में बरेली और आगरा को स्मार्ट सिटी फेज- 2 के लिए चुना गया है। पहले फेज में बजट की कोई कमी न रहने के बावजूद स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की रफ्तार शुरू से काफी धीमी रही।

एक तरफ कार्यदायी संस्थाएं पूरी मनमानी से काम करती रहीं तो दूसरी तरफ अफसर भी निगरानी में लगातार ढिलाई दिखाते रहे।

पहले फेज में स्मार्ट सिटी की परियोजनाएं पूरी करने की समयसीमा कई बार बढ़ाने के बाद आखिरी बार दिसंबर 2023 तय की गई थी, लेकिन असल में अब भी कई परियोजनाएं पूरी नहीं हुई हैं। कुछ पूरी होने के बाद भी शुरू नहीं हो पाई हैं।



पटेल चौक पर 11.34 करोड़ की लागत से बन रहे स्काईवाक का ठप पड़ा है काम। ● अमृत विचार

### करोड़ों की कई और परियोजनाएं भी फिलहाल सुनने-सुनाने की बातें

गांधी उद्यान में 86 लाख लागत का म्यूजिकल फाउंटेन, अक्षर विहार पर 7.94 करोड़ का लेजर शो और सेटेलाइट तिराहे पर 25 लाख का शी लाउंज नियमित रूप से संचालित नहीं है। गांधी उद्यान में ही करोड़ों की लागत से बनी भूलभुलैया, 7.18 करोड़ लागत का लाइट एंड साउंड शो, करीब छह करोड़ से बने स्मार्ट टॉयलेट और पांच करोड़ से पार्कों का सौंदर्यीकरण को भी अभी जनोपयोगी नहीं बनाया जा सका है। इसके अलावा स्मार्ट सिटी के तहत घंटाघर के जीर्णोद्वार पर 87 लाख, सिविल लाइंस में स्मार्ट कियोस्क पर 85 लाख, संजय कम्युनिटी हॉल के सरोवर पर 8.55 करोड़, नगर निगम में लाइब्रेरी पर 7 लाख, मल्टीलेवल पार्किंग पर 15.62 करोड़, ट्यूबवेलों के ऑटोमेशन पर पर 17.89 करोड़, आई ट्रिपल सी पर 163.32 करोड़, अर्बन हाट पर 157.67 करोड़, स्काई वाक पर 11.34 करोड़ और कुतुबखाना पुल पर 105.87 करोड़ का खर्च किया गया है। इनमें से भी गिनी-चुनी परियोजनाओं का लाभ ही शहर को मिल पा रहा है।

### अधूरा पड़ा है स्काई वाक

पटेल चौक पर 11.18 करोड़ की लागत से ग्रो एवर इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी स्काई वाक का निर्माण कर रही है जिसे 30 नवंबर 2023 को पूरा हो जाना चाहिए था। लोकसभा चुनाव को देखते हुए अफसरों ने इसे समय पर पूरा कराने के लिए पूरा जोर लगाया लेकिन अब भी निर्माण अधूरा पड़ा है। कंपनी पर दो लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है। इसके बाद भी निर्माण तेज होने के बजाय फिलहाल ठप जैसी स्थिति में है।

### अर्बन हाट का टेंडर नहीं



विकास भवन रोड पर 170.91 करोड़ रुपये की लागत से अर्बन हाट का निर्माण किया गया है। काम पूरा हो जाने के बाद भी टेंडर नहीं किया जा सका और इस बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। फिलहाल अर्बन हाट का भी शहर के लोगों को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है।

"स्मार्ट सिटी के पहले फेज के सभी काम पूरे हो चुके है। स्काई वाक और अर्बन हाट को शुरू करने के लिए टेंडर होने है। इसके लिए तीन बार कमेटी की बैठक हो चुकी है। चुनाव बाद यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। – **एसके यादव**, अपर नगर आयुक्त

### पार्किंग का भी यही हाल



सड़कों पर गाड़ियों की पार्किंग रोकने के लिए गांधी उद्यान, संजय कम्युनिटी हाल, डीडीपुरम् और कुतुबखाना के पास मोती पार्क में चार मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई हैं लेकिन इनका भी अब तक टेंडर नहीं हो पाया है। इस वजह से अभी कोई भी पार्किंग शुरू नहीं हो पाई है। टेंडर करने के लिए आचार संहिता हटने का इंतजार किया जा रहा है।

### 163 करोड़ खर्च, नहीं सुधरा ट्रैफिक

ट्रैफिक सुधार के लिए 163 करोड़ का इंटिग्रेटेड कमांड कंट्रोल सिस्टम बनाया गया है। इस पर कई सवाल खड़े हो चुके है। इतने खर्च के बाद भी यातायात व्यवस्था जस की तस है। अस्तव्यस्त ट्रैफिक से सड़कों पर जाम लगना आम बात है।

# अधूरी सड़कें... नोटिस देने से भी टस से मस नहीं हुए 30 ठेकेदार

● **दो-दो साल से अधूरे पड़े हैं नगर निगम के कई निर्माण कार्य**

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के 30 ठेकेदारों ने करोड़ों की लागत के काम अटका रखे हैं। कहीं कोई सड़क अधूरी पड़ा है तो कहीं नाली। अफसरों का हाल भी यह है कि इन ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के बाद कोई सुध ही नहीं ले रहे हैं। नगर निगम के चक्कर काट रहे परेशान लोगों से भी टालमटोल की जा रही है।

शहर के अलग-अलग वार्डों में सबसे ज्यादा सड़कों के निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। इनमें कई तो दो साल गुजरने के बाद भी पूरे नहीं हुए हैं। इस बीच नगर निगम के निर्माण विभाग के अफसर 30 ठेकेदारों को काम पूरा न करने पर नोटिस जारी कर चुका है लेकिन इसके बावजूद ज्यादातर काम न दोबारा शुरू हुए न ही पूरे किए गए। लोगों का आरोप है कि ठेकेदारों की अफसरों से साठगांठ हैं। अफसरों ने सिर्फ अपनी गर्दन बचाने के लिए नोटिस जारी कर दिए।

पूर्व पार्षद दीपक सक्सेना बताते हैं कि सैदपुर हाकिंस में कंपोजिट स्कूल के मुख्य मार्ग का निर्माण 2022 से अधूरा पड़ा है। 5 नवंबर 2022 से 1 फरवरी 2023 तक उन्होंने आठ बार ऑनलाइन शिकायत की, तीन बार खुद नगर निगम जाकर अफसरों को पत्र दिया। करीब 15 महीने पहले सड़क पर बजरी डाल कर छोड़ दी गई थी। निर्माण विभाग ने ठेकेदार को तीन नोटिस जरूर दिए लेकिन सड़क का निर्माण पूरा नहीं करा सका। दीपक ने अब दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र भेजा है। इसी तरह लाजपत नगर की सड़क की मरम्मत पूरी नहीं हुई है। वार्ड के लोग 3 नवंबर 2022 से 2 फरवरी 2024 तक पांच बार आनलाइन शिकायत कर चुके हैं।

"दोनों सड़कों के बारे में पता कर रहा हूं कि क्यों अधूरी हैं। समय से काम पूरा न करने पर ठेकेदारों को नोटिस और चेतावनी जारी की जाती है। अगर कोई लापरवाही सामने आएगी तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
– **पुनीत ओझा**, मुख्य अभियंता नगर निगम










# किला इलाके में चार दिन में जवाब दे गए तीन ट्रांसफार्मर

● **ताबड़तोड़ फाल्ट और ट्रिपिंग ने भीषण गर्मी में शहर से देहात तक कर रखा है बुरा हाल**

● **सिविल लाइंस और सनसिटी सबस्टेशन पर मरम्मत की वजह से बिजली गुल**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में लगे बिजली के पोल गर्मी में लोड नहीं उठा पा रहे है। आए दिन ट्रांसफार्मर फुंकने से आए दिन उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद मोबाइल ट्राली लगाकर उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति दी जा रही है।

वही गुरुवार को सनसिटी और सिविल लाइंस से उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में भी काम कराने को लेकर तीन से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला क्षेत्र में चार दिन में तीन ट्रांसफार्मर में खराबी और फुंकने की वजह से गर्मी में कटौती की जा रही है। मंगलवार को घोसियो की मस्जिद के पास ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली की आपूर्ति ठप हो गई थी। इसके बाद वहां मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कराई गई।

मंगलवार को ही बानखाने चौराहे पर लगा ट्रांसफार्मर भी फुंक गया था जिसे बुधवार रात बदला गया। इसके बाद बृहस्पतिवार शाम कटघर में लगा ट्रांसफार्मर हीट होकर काम छोड़ गया। वहां भी मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाना पड़ा।

बृहस्पतिवार को ही 33/11 केवी सिविल लाइंस द्वितीय उपकेंद्र पर आउटगोइंग वीसीबी पैनल बदलने का काम किया गया जिसकी वजह से सिटी स्टेशन फीडर और कमल टाकीज फीडर को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बंद रखा गया। इससे सिविल लाइंस, पटेल चौक, चौपुला चौराहा, सिटी स्टेशन, मलूकपुर और कुंवरपुर समेत कई इलाकों में बिजली गुल रही। उधर, सनसिटी पर 33/11 केवी सबस्टेशन पर भी पीरबहोडा वाइफरकेशन के लिए वीसीबी लगाने के दौरान सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई।

सुभाषनगर और मढ़ीनाथ के साथ जगतपुर, एजाज नगर गौटिया समेत कई इलाकों में ट्रिपिंग और कटौती से लोग परेशान हुए। शाहदाना और हजियापुर क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट के बाद करीब घंटे बिजली गुल रही। भुता क्षेत्र में भी मरम्मत कराने के लिए बृहस्पतिवार को चार घंटे बिजली आपूर्ति बंद रखी गई।




**खतरे की अनदेखी**
राजीवनगर में कई दिन से एक तरफ झुका यह खंभा कभी भी गिर सकता है।

## स्टेशन और ट्रेनों के अंदर बिना टिकट 241 यात्री पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन और ट्रेनों के अंदर 241 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देश पर एसीएम प्रथम विशाल शर्मा और एसीएम द्वितीय आशीष गुलाटी के नेतृत्व में बरेली जंक्शन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना टिकट यात्रियों से 68750 रुपये का किराया और 59500 रुपये का जुर्माना मिलाकर 1,28,070 रुपये वसूले गए। चेकिंग अकालतख्त एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस और सियालदह एक्सप्रेस में की गई। इस दौरान सीआईटी विशाल शर्मा, टीटीआई प्रदीप कुमार, उदय कुमार और नेहा चौहान कार्रवाई में शामिल रहे।

## जिला महिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों को शुद्ध पानी के लिए सिर्फ एक आरओ

**बरेली, अमृत विचार:** जिला महिला अस्पताल में सैकड़ों मरीजों और तीमारदारों के लिए सिर्फ एक आरओ ही लगा हुआ है। मरीजों को शुद्ध पानी के लिए पुरुष अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वहीं ओपीडी में भी आने वाले मरीजों को पानी के लिए भटकना पड़ता है।




# ब्लॉक में फंसी ट्रेनें, पंजाब मेल 24 घंटे से ज्यादा लेट



काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी करते यात्री। ● अमृत विचार

● **किसान आंदोलन के बाद अब ब्लॉक से बढ़ी रेल यात्रियों की परेशानी**

**बरेली, अमृत विचार :** किसान आंदोलन खत्म होने के बाद अब ब्लॉक से रेल यात्रियों को परेशानी हो रही है। ब्लॉक की वजह से गुरुवार को कई ट्रेनों घंटों की देरी से पहुंचीं। जिस पंजाब मेल को बुधवार को आना चाहिए था वो 24 घंटे से ज्यादा की देरी से गुरुवार रात को बरेली जंक्शन पहुंची।

जंक्शन पर गुरुवार को 12331 हिमगिरी 16 घंटा 34 मिनट, 13005 पंजाब मेल 24 घंटा 37 मिनट, 14618 जनसेवा दो घंटा 58 मिनट, 12584 लखनऊ जंक्शन डबल डेकर एक घंटा 13 मिनट, 15652 लोहित छह घंटा 26 मिनट, 04312 गुवाहटी समर स्पेशल दो घंटा 4 मिनट, 22446 अमृतसर कानपुर सेंट्रल चा घंटा 22 मिनट, 12358 दुर्गियाना दो घंटा 14 मिनट, 13309 दून एक्सप्रेस एक घंटा 31 मिनट, 04059 जयनगर आनंद विहार स्पेशल छह घंटा सात मिनट, 02191 जबलपुर हरिद्वार स्पेशल पांच घंटा सात मिनट की देरी से पहुंची। हालांकि किसान आंदोलन के कारण 35 दिन से लेट चल रहीं सियालदह एक्सप्रेस, गंगा सतलुज एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें मामूली देरी से पहुंचीं। गुरुवार को काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में स्लीपर और एसी कोच में भीड़ उमड़ पड़ी।

## जननायक एक्सप्रेस का पेंटोग्राफ टूटने से ट्रेनें रुकीं

● **रसुईया और पीतांबरपुर के बीच टूटा ट्रेन का पेंटोग्राफ**

**बरेली, अमृत विचार :** रसुईया और पीतांबरपुर स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर गुरुवार सुबह जननायक एक्सप्रेस का पेंटोग्राफ टूट गया। इस वजह से बीच में ही करीब डेढ़ घंटे तक कई ट्रेनों को रोका गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दूसरा पेंटोग्राफ लगाकर जन नायक एक्सप्रेस को चलाया।

बरेली जंक्शन से गुरुवार सुबह 15212 जननायक एक्सप्रेस रवाना हुई। सुबह करीब 7:30 बजे रसुईया और पीतांबरपुर स्टेशन के बीच अचानक ओएचई सप्लाई फेल हो गई। लोको पायलट ने चेक किया तो इंजन का पेंटोग्राफ टूटा मिला। इसी पेंटोग्राफ से इंजन के अंदर बिजली की आपूर्ति होती है। कंट्रोल रूम में जानकारी के बाद टीआरडी विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पेंटोग्राफ को ठीक करने का प्रयास किया गया लेकिन ठीक हुआ तो पीछे वाले पेंटोग्राफ को ऑन कर ट्रेन को चलाया गया। इस बीच करीब एक घंटे का ब्लॉक भी लिया गया। इससे कई यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हो गया। उधर कई यात्रियों ने एक्स पर शिकायतें कीं तो तो अधिकारियों ने ओएचई फेल होने की जानकारी दी गई।

**ब्लॉक के कारण आउटर पर रोकी काशी विश्वनाथ :** बरेली जंक्शन पर गुरुवार शाम डाउन लाइन पर ब्लॉक लेकर रेल पथ विभाग के कर्मचारी काम कर रहे थे। इस दौरान 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को आउटर पर ही रोक दिया गया।






# प्लाईवुड फैक्ट्रियां संकट में, आधा रह गया उत्पादन 60 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों की नौकरी छिनी

## मेक इन इंडिया और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की गूंज के बीच सरकारी फैसलों ने खड़ी कीं कई चुनौतियां

सुरेश पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** मेक इन इंडिया और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए हजारों करोड़ के औद्योगिक निवेश और हजारों बेरोजगारों को रोजगार देने के दावों के बीच विदेशी माल के आयात को बढ़ावा दिए जाने जैसे फैसलों से जिले में प्लाईवुड उद्योग तबाही के कगार पर पहुंच गया है। पिछले कुछ ही समय में प्लाईवुड फैक्ट्रियों में उत्पादन आधे से भी ज्यादा गिर गया है। इसका सीधा असर रोजगार पर भी पड़ा है। ज्यादातर फैक्ट्रियों ने अपने 60 फीसदी तक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इसके बाद भी प्लाईवुड फैक्ट्रियां संकट से जूझ रही हैं।

जिले में करीब 20 प्लाईवुड फैक्ट्रियां हैं जिनके भविष्य पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। सरकारी नीतियों के अलावा जिले में किसानों के यूक्लिप्टिस और पॉपुलर के उत्पादन से हाथ खींच लिए जाने से ये फैक्ट्रियां संकट से घिर गई हैं। प्लाईवुड का उत्पादन करने वाले उद्यमियों के सामने घरेलू समस्याएं तो हैं ही, ऊपर से नेपाल और वियतनाम समेत कई देशों से सस्ती प्लाईवुड के आयात ने उनके आगे कड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। स्थानीय उत्पादन में लागत के मोर्चे पर उन्हें लगातार मात खानी पड़ रही है। हालत यह है कि जिले में कई उद्यमियों ने नई प्लाईवुड फैक्ट्री शुरू करने के लिए जमीनें खरीदीं थी लेकिन अब उन्होंने कदमों को पीछे खींचना शुरू कर दिया है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी लकड़ी की अनुपलब्धता और दूसरी कई समस्याओं की वजह से हरियाणा में करीब 80 फीसदी प्लाईवुड फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। देश के कई और राज्यों में भी प्लाईवुड उद्यमियों को फैक्ट्रियां चलाना भारी पड़ रहा है।



सीबीगंज की एक प्लाईवुड फैक्ट्री में अब गिने-चुने ही कर्मचारी बचे हैं।। ● अमृत विचार

### कई उद्यमी नई इंडस्ट्री लगाने से पीछे हटे

### 60 टन तक था एक प्लाईवुड फैक्ट्री का उत्पादन, अब रह गया औसतन 25 टन

प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक जिले की हर प्लाईवुड फैक्ट्री में अब औसतन हर दिन 25 टन के आसपास ही उत्पादन हो रहा है। पहले यह उत्पादन 50 से 60 टन था। पहले जब लकड़ी की अच्छी उपलब्धता थी तो बेहतर उत्पादन के साथ एक फैक्ट्री में 150 से 200 लोगों को रोजगार मिला था जो अब घटकर 70 से 75 रह गया है। तीन साल पहले तक 24 घंटे चलने वाली फैक्ट्रियां अब 12 ही घंटे चल पा रही हैं।

### ठगे जाने लगे किसान तो छोड़ दिया पॉपुलर और यूक्लिप्टिस के पेड़ उगाना

कुछ साल पहले तक जिले में बड़े पैमाने पर यूक्लिप्टिस और पॉपुलर के पेड़ उगाए जाते थे। प्लाईवुड फैक्ट्रियों में इस लकड़ी की मांग बढ़ने के बाद किसानों की दिलचस्पी बढ़ने का नतीजा यह हुआ कि बिचौलियों ने जहां-तहां आढ़तें खोलकर किसानों और फैक्ट्रियों के बीच दलाली शुरू कर दी। बिचौलियों के सक्रिय हो जाने से लकड़ी का रेट लगातार कम होने लगा तो किसानों का मोह भंग हो गया।

### विनियर से बनती है प्लाई

प्लाईवुड उद्योग में विनियर का प्रयोग होता है जिसे विदेश से आयात किया जा रहा है। विनियर एक गुणवत्ता वाली लकड़ी होती है, जिसे पेड़ के तने को बहुत पतली परतों में काटा जाता है। विनियर शीट की मोटाई 0 .5 और 2 मिमी के बीच होती है। कई शीट मिलाने से एक ही पैटर्न के साथ बड़े क्षेत्रों को कवर किया जा सकता है।

### ऊपर से मंडी शुल्क लागू करके सरकार ने कमर तोड़ दी

बरेली प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष शेखर का कहना है कि तीन साल पहले तक प्लाईवुड उद्योग ठीकठाक चल रहा था लेकिन इसके बाद एक-एक कर कई समस्याओं में घिर गया। कई चुनौतियों से जूझ रहे इस उद्योग पर सरकार ने मंडी शुल्क लागू कर दिया। इस उद्योग में मंडी शुल्क का औचित्य नहीं है लेकिन सरकार आयातित माल पर भी मंडी शुल्क लेती है। 1998 के उस शासनादेश की भी अनदेखी की जा रही है जिसमें साफ कहा गया था कि कोई भी उत्पाद जो प्रयोग हो चुका हो या उसका रूप बदल चुका है तो उस पर मंडी शुल्क नहीं लगेगा। शेखर ने बताया कि सरकार किसान के लकड़ी उत्पादन पर मंडी शुल्क लगाने के साथ उससे बनी प्लाईवुड पर भी मंडी शुल्क ले रही है। इसने प्लाईवुड उद्योग की कमर तोड़ दी है।

### प्लाईवुड एसोसिएशन का वर्ल्ड एग्रो फॉरेस्ट्री से नर्सरी बनाने का आग्रह

केंद्र सरकार के एक एनजीओ ने वर्ल्ड एग्रो फारेस्ट्री बनाई है जो लोगों को पर्यावरण के लिए पेड़ों के लाभों का उपयोग करना बताती है। इसकी एक नर्सरी सीतापुर में शुरू हुई है। शेखर ने बताया कि उन्होंने एनजीओ से बरेली में भी नर्सरी बनाने का आग्रह किया है। एसोसिएशन इसका आधा खर्च भी वहन करने को तैयार है। इस नर्सरी में उच्च गुणवत्ता वाले पॉपुलर और यूकेलिप्टस के पौधे मिल सकेंगे। इससे प्लाईवुड इंडस्ट्री के साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

# दीवार से टकराई कार सीबीगंज आईटीआई के प्रधानाचार्य की मौत



सीबीगंज आईटीआई परिसर में दीवार में घुसी प्रधानाचार्य की कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, सीबीगंज

- आईटीआई परिसर में हुआ हादसा, शहर से वापस लौट रहे थे अपने आवास पर



शिव राम कृष्णन।

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सीबीगंज के प्रधानाचार्य की कार सरकारी आवास के सामने एक दीवार में टकरा गई। आसपास के लोगों ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रधानाचार्य को शहर के एक निजी अस्पताल में भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रधानाचार्य शिव राम कृष्णन (55 ) कार से गुरुवार रात पौने 11 बजे शहर से आईटीआई के आवासीय परिसर में लौट रहे थे। जैसे ही आवास के पास पहुंचे कि कार परिसर में एक दीवार से टकरा गई। टक्कर काफी तेज थी। कार के दोनों एयरबैग भी खुल गए थे और प्रधानाचार्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल घायल प्रधानाचार्य को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों में उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रधानाचार्य के परिवार में पत्नी, बेटा और बेटी हैं। पत्नी बेसिक स्कूल में टीचर हैं और बेटी एमडी और बेटा बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

## एक नजर

### रिश्वत लेते हुए पकड़े गए कानूनगो को छह साल कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** पट्टे की जमीन की पैमाइश करने के लिए किसान से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोपी आंवला के तत्कालीन कानूनगो मो. इफ्तिखार को स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी करार देकर छह साल के सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी ने बताया कि आंवला निवासी जगन्नाथ ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि उन्हें वर्ष 2001 में पट्टे की भूमि आवंटित हुई थी जिसके कुछ हिस्से पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। कब्जा हटाने के लिए उन्होंने 15 मई 2020 को एसडीएम आंवला को प्रार्थनापत्र दिया था, जिसे तहसीलदार को भेज दिया गया। वह तहसीलदार से मिले तो उन्होंने बताया कि उनका प्रार्थना पत्र कानूनगो इफ्तिखार को दे दिया गया है, वह पट्टे की पैमाइश कराएंगे। वह इफ्तिखार से मिले तो उसने टालमटोल करते हुए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। फाइक एन्कलेव निवासी इफ्तिखार को ट्रैप टीम ने 30 जून 2020 को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया था।

### फर्जी वकीलों को पकड़ेगी बार की निगरानी कमेटी

**विधि संवाददाता, बरेली :** कचहरी में अधिवक्ताओं की ड्रेस पहनकर घूमने वाले फर्जी वकीलों को पकड़ने के लिए बरेली बार एसोसिएशन की निगरानी कमेटी का गठन किया गया है। सचिव वीपी ध्यानी ने बताया कि बार एसोसिएशन को अधिवक्ताओं से लगातार फर्जी वकीलों के सक्रिय होने की शिकायतें मिल रही हैं। कुछ लोग न्यायालय परिसर में बिना लाइसेंस और डिग्री के फर्जी ढंग से काम कर रहे है। काला कोट पहनकर वादकारियों को वे अधिवक्ता के रूप में अपना परिचय देते हैं जबकि उनका न तो पंजीकरण है और न ही वे सीओपी धारक हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा कोई भी फर्जी व्यक्ति अधिवक्ता की वेशभूषा मे किसी भी कोर्ट में काम करते पाया गया तो बार कड़ी कार्रवाई करेगी।

## चार दिन में मलेरिया के 34 नए मामले आए, संख्या अब बढ़कर 134

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पिछले चार दिनों में मलेरिया के 34 नए मामले सामने आए हैं और संख्या बढ़कर 134 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा मरीज देहात क्षेत्र में पाए गए हैं, जबकि शहर में अभी तक दो ही मरीज मिले हैं।

सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों में भी बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। अप्रैल के अंत में जहां जिले में मलेरिया के मामले 37 थे तो वहीं मई में इनकी संख्या तेजी से बढ़ी है। देहात में सबसे अधिक 45 मामले बिथरी चैनपुर ब्लॉक में सामने आए हैं। इसके अलावा शेरगढ़ में 26, मीरगंज में 26 और फतेहगंज पश्चिमी में 15 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से जिले में 3200 टीमें घर-घर दस्तक देकर मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक कर रही हैं। शहर की तुलना में देहात में मलेरिया के मरीजों की संख्या अधिक हैं। जहां भी मलेरिया के मरीज सामने आ रहे हैं वहां टीमें भेजकर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## अनुसूचित जाति की छात्राओं को प्यासा रखने की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीएम सदर, प्रोबेशन अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी की कमेटी बनाई
- बालिका छात्रावास की छात्राओं ने दो दिन पहले अधीक्षक पर लगाए थे गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** नावल्टी चौराहे के पास राजकीय संकेत विद्यालय परिसर में स्थित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की छात्राओं की जरूरत के मुताबिक पीने का पानी न दिए जाने जैसे गंभीर आरोपों की जांच शुरू हो गई है। एसडीएम सदर की अध्यक्षता में प्रोबेशन अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी समेत तीन सदस्यीय जांच कमेटी को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

समाज कल्याण विभाग के अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की कई छात्राओं ने तीन दिन पहले कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए थे। एडीएम प्रशासन को दिए पत्र में कहा था कि छात्रावास में रह रहीं 27 छात्राओं के लिए सीमित मात्रा में पानी मंगाया जाता है। और पानी मांगने पर कहा जाता है कि कम पानी पीओ, ज्यादा की जरूरत हो तो खुद खरीदकर लाओ। छात्राओं का आरोप था कि कोई शिकायत करने पर अधीक्षक गालीगलौज करने लगती हैं।

छात्राओं का यह भी कहना था कि उनकी सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। छात्रावास जर्जर हालत में है। बारिश में छत टपकती है। बाथरूम के दरवाजे और अलमारियां टूटी हैं। मच्छरों का भी काफी प्रकोप है। एडीएम दिनेश ने बताया कि छात्राओं की कुछ समस्याओं को फौरन दूर करा दिया गया है। उनके शिकायती पत्र पर जांच कमेटी भी गठित कर दी गई है जिसमें एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा और समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा को शामिल किया गया है।

### पर्यटकों की संख्या आंकने के लिए होगा 1 जून से सर्वे

बरेली, अमृत विचार : जिले में प्रति वर्ष आने वाले पर्यटकों की संख्या का वास्तविक पता लगाने के लिए 1 जून से सर्वे किया जाएगा। सर्वे एजेंसी टीम के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को पर्यटन कार्यालय में सर्वे के संबंध में पूरी जानकारी ली। जिले में प्रमुख स्थलों में शहर में सात प्राचीन नाथ मंदिर, आला हजरत के सालाना उर्स और रामनगर के जैन मंदिर और अहिच्छत्र में पर्यटक आते हैं। इन जगहों पर आने वाले पर्यटकों का अनुमानित आंकड़ा तो विभाग के पास रहता है, लेकिन वास्तविक संख्या क्या है, यह पता नहीं है। सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि सर्वे शुरू कराने की तैयारी चल रही है। 1 जून से दो चरणों में सर्वे किया जाएगा।

## छुरी से पत्नी की कलाई काटी, फिर उंगलियों पर चलाई सिलाई मशीन

संवाददाता, नवाबगंज

- महिला की शिकायत पर पुलिस ने फौजी पति और सास के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** नवाबगंज के तुमड़िया गांव में छुट्टी पर आए फौजी ने दूसरी महिला के चक्कर में पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। पहले छुरी से पत्नी की बाएं हाथ की कलाई काट दी और फिर उंगलियों पर सिलाई मशीन चला दी। इसके बाद दीवार में सिर मारा।

उसने जबरन प्रेमी से बात करने की बात कहलाते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद भाई को फोन कर कहा कि तेरी बहन को मारकर डाल दिया है उठाकर ले जा। नवाबगंज थाने पुलिस ने पति और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हाफिजगंज के गांव चौखंडी निवासी नारायन लाल की बेटी नीलम कुमारी ने नवाबगंज थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि 23 अप्रैल 2021 को उनका विवाह नवाबगंज के गांव तुमड़िया के फौजी मुकेश कुमार से हुआ था। उसे एक आठ माह का पुत्र है। उसने आरोप लगाया कि उसका पति प्रेमिका से शादी करने के लिए उसकी जान लेना चाहता है। आरोप है कि उसका पति 12 मई को छुट्टी लेकर घर आया है। 21 मई को रात करीब एक बजे पति ने उस पर धारदार छुरी से हमला कर दिया जिससे उसके बाएं हाथ की कलाई कट गई। इसके बाद पति ने सिलाई मशीन उसकी उंगलियों पर चला दी। इसके बाद सिर दीवार में मारा और बूट से भी हमला किया। उसकी बाएं आंख के नीचे की हड्डी भी टूट गई है। आरोप है कि पति ने इसके बाद उसके चेहरे पर चाकू से कई प्रहार किए। एसएचओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि मामले में पति और सास पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद ही मेडिकल कराया गया है, उसके आधार पर आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी।

### फिर पारा 42 तक जाने का पूर्वानुमान

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मौसम में एक बार फिर बदलाव दिखा। पूर्वी हवाओं के चलने से गुरुवार को गर्मी से कुछ राहत मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में 40 से 42 डिग्री के आसपास रहने का पूर्वानुमान जताया है। जिले में पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 39 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

## ओवरलोडिंग : शाही फीडर से जोड़े जाएंगे मीरगंज के 15 गांव

**बरेली, अमृत विचार :** मीरगंज में करीब 20 हजार उपभोक्ताओं को जल्द बिजली कटौती और ट्रिपिंग से राहत मिलने की उम्मीद है। ओवरलोडिंग को कम करने के लिए मीरगंज के 15 गांवों को शाही फीडर से जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। एक-दो दिन में इसके पूरा होने की बात कही जा रही है।

मीरगंज क्षेत्र में तहसील और ग्रामीण क्षेत्र के दो सबस्टेशन हैं जो करीब 34 हजार कनेक्शनों पर सप्लाई करते हैं। इनमें 25 एमबीए के तीन ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं लेकिन इसके बाद भी ओवरलोडिंग की वजह से आए दिन लोग फाल्ट और ट्रिपिंग होते रहते हैं। एसडीओ मीरगंज जसीम अख्तर ने बताया कि लाइन डालने का काम अंतिम चरण में है। एक दो दिन में मीरगंज के गांवों को शाही में बनाए गए अलग फीडर से जोड़ दिया जाएगा। इससे ओवरलोडिंग की समस्या दूर हो जाएगी।

## हेमलता हत्याकांड : पिता का बरामद जेवर बेटी के होने से साफ इन्कार

संवाददाता, बरेली/दुनका

- हत्या के पीछे बताई अवैध संबंधों के शक और आपसी विवाद की लंबी कहानी
- 14 मई को हुई थी वारदात, दो दिन पहले तक पुलिस के पास नहीं था कोई सुराग

**अमृत विचार :** दस दिन पहले दुनका इलाके में हुए हेमलता हत्याकांड में दो दिन पहले तक उसके पति राजकुमार के खिलाफ पुलिस के पास कोई सुराग नहीं था लेकिन बृहस्पतिवार को अवैध संबंधों की लंबी-चौड़ी कहानी के साथ उसे उसके दोस्त रामबहादुर के साथ जेल भेज दिया गया। हालांकि पुलिस ने रामबहादुर के पास से जिन जेवरों की बरामदगी दिखाई, हेमलता के पिता ने उनके अपनी बेटी के होने से इन्कार कर सारी कहानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शाही के गांव बकैनिया का राजकुमार पत्नी हेमलता के साथ बाइक पर 14 मई को अपनी ससुराल शीशगढ़ के गांव मल्सा खेड़ा से लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में हेमलता को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राजकुमार ने पुलिस को बताया था कि बदमाशों ने लूटपाट के लिए उसे रोका था और विरोध करने पर हेमलता की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस को शुरू से राजकुमार पर शक था। पुलिस 14 मई की रात से ही राजकुमार से पूछताछ कर रही थी लेकिन उससे कुछ नहीं उगलवा पाई। दो दिन पहले हेमलता के पिता हरीश कुमार ने पुलिस को दहेज उत्पीड़न की तहरीर दी तो पुलिस के लिए राजकुमार को गिरफ्तार करने का आधार बन गया। इस बीच पुलिस ने राजकुमार के दोस्त रामबहादुर को भी हिरासत में ले लिया। बृहस्पतिवार को हेमलता के जेवरों की बरामदगी दिखाते हुए पुलिस ने राजकुमार और रामबहादुर को जेल भेज दिया। हालांकि हेमलता के पिता हरीश ने



राजकुमार और रामबहादुर।

यह आरोप लगाकर पुलिस के दावे पर सवाल खड़ा कर दिया कि पुलिस ने जो जेवरात बरामद किए हैं, वह उनकी बेटी के नहीं हैं।

### गर्भवती होने के बाद लिया हत्या का फैसला

पुलिस के अनुसार राजकुमार को करीब डेढ़ महीने पहले पता चला कि हेमलता गर्भवती है। उसने जांच करवाकर इसकी पुष्टि की। उसे लगा कि हेमलता के पेट में पल रहा बच्चा उसका नहीं है। इस बारे में उसने अपने दोस्त रामबहादुर को बताया तो उसने निगरानी रखने को कहा। हत्या के दस दिन पहले फिर विवाद हुआ। इसके बाद उसने हेमलता की हत्या का फैसला लिया और एक तमंचा और दो कारतूस खरीदे। 14 मई को ससुराल से लौटते वक्त उसका हेमलता से विवाद हुआ। उसने बाइक की डिग्गी में रखा तमंचा निकालकर हेमलता के सीने में गोली मार दी। वह तड़पती हुई जमीन पर गिरी तो दूसरी गोली सिर में मार दी।

### पुलिस का दावा, राजकुमार को नहीं पसंद थीं हेमलता की आदतें, लगा रखी थीं कई पाबंदी

पुलिस का कहना है कि राजकुमार ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी हेमलता से मई 2023 में हुई थी। हेमलता मोबाइल पर बहुत ज्यादा बातें करती थी और रील बनाने की भी शौकीन थी, उसे यह पसंद नहीं था। इस बात पर कई बार उसका विवाद हुआ। उसने कई बार हेमलता को पीटा लेकिन वह नहीं मानी। कुछ महीने पहले उसने हेमलता को अपने बहनोई से बात करते पाया तो मना किया। इस बात पर भी झगड़ा हुआ। परिजनों के समझाने के बाद उसने बात न करने का वादा किया था लेकिन जब वह घर से बाहर जाता था तो चोरी-छिपे बात करती थी। उसने मार्च में उसे बात करते पकड़ा तो गुस्से में अपना मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद हेमलता के मोबाइल में अपना सिम डाल लिया। इसके बाद हेमलता कई महीने मायके में रही।

### हत्या के बाद रामबहादुर ने गढ़ी लूट की कहानी

पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद राजकुमार ने सबसे पहले दोस्त रामबहादुर को बुलाया और रोते हुए किसी तरह खुद को बचाने को कहा। इस पर रामबहादुर ने पैर मारकर मोटर साइकिल को गिरा दिया। उसके बाद हेमलता के दोनों पैर की पायल और कमर में पहनी तगड़ी निकाल ली। उसका एक पैर का जूता उठाकर दूसरी तरफ फेंक दिया। तमंचे को खेत में पेड़ के नीचे सूखे पत्तों के नीचे छिपा दिया और मौके पर एक खोखा छोड़ दिया। वहीं से उसने दोस्त के मोबाइल पर कई बार फोन भी किया। उसके बाद गांव के लोगों को फोन कर लूट और हत्या की सूचना दी। इसके बाद वह दो अस्पतालों में गया लेकिन चोट न होने के कारण डॉक्टरों ने उसे भर्ती करने से मना कर दिया। इसके बाद नाटक करते हुए वह फिर मौके पर पहुंचा।

> अवैध संबंधों के शक में राजकुमार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की थी। पुलिस ने लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया है। वारदात में इस्तेमाल तमंचा बरामद कर लिया है। **-घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# मांगते-मांगते थक गए... मुख्यमंत्री पर्यटन योजना के नाम पर एक पैसा नहीं दिया सांसदों और विधायकों ने

## साल भर पहले लागू हुई थी कि पर्यटन सहभागिता योजना, हर विधानसभा क्षेत्र में विकसित होना था पर्यटन स्थल

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए साल भर पहले लागू की गई मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना जिले में अब भी जहां के तहां है। इस योजना को सांसद और विधायक निधि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाना था लेकिन पर्यटन विभाग की ओर से कई बार बातचीत किए जाने के बावजूद जिले के किसी सांसद या विधायक ने एक पैसा नहीं दिया। फिलहाल यह योजना पर्यटन विभाग के कागजों में बंद पड़ी है।

राज्य सरकार ने 15 मई 2023 को इस योजना की घोषणा की थी। इसके तहत किसी सरकारी जमीन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना था। हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए 15 दिन के अंदर प्रस्ताव मांगे गए थे। शासन का निर्देश आने के बाद पर्यटन विभाग जिले के सांसदों-विधायकों के साथ कई बार पत्राचार और बैठकें कीं लेकिन कोई जनप्रतिनिधि अपनी निधि से एक पैसा देने को तैयार नहीं हुआ। 15 मई को इस योजना का बगैर किसी उपलब्धि के एक साल पूरा हो गया।

योजना के क्रियान्वयन के लिए एक समिति भी बनाई गई थी जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष, डीएम को उपाध्यक्ष, सीडीओ, प्रभागीय वनाधिकारी, बीडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला परिषद के अपर मुख्य अधिकारी, डीपीआरओ, क्षेत्रीय पुरातत्व अधीक्षक, जिला कृषि अधिकारी को सदस्य और मुख्य कोषाधिकारी को कोषाध्यक्ष नामित किया गया था।

### राजस्व और रोजगार सृजन के साथ होना था पर्यटन विकास

योजना के तहत शासन ने उन स्थलों की जानकारी मांगी थी, जहां प्रतिवर्ष न्यूनतम 50 हजार पर्यटक आते हैं। योजना थी कि ऐसे स्थानों को घरेलू और विदेशी पर्यटकों के आवागमन के लिहाज से संभावित राजस्व और रोजगार सृजन के आधार पर पर्यटन विकास के लिए चिह्नित किया जाए। योजना में 25 लाख से पांच करोड़ तक लागत के प्रस्तावों को शामिल किया गया था। इसमें आधी रकम जनप्रतिनिधियों को अपनी निधि से देनी थी, शेष विभाग को वहन करना था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की एक बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई प्रस्ताव न देने पर बात हुई थी। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों का अंश 25 लाख से कम करके 10 या 12 लाख करने की मांग की गई थी लेकिन इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया।

> मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। एक साल हो गया है। जनप्रतिनिधियों से कई बार वार्ता हो चुकी है। अभी किसी का प्रस्ताव नहीं आया है। चुनाव बाद उनसे फिर संपर्क किया जाएगा। **- ब्रजपाल सिंह**, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी

### क्योंकि निधि वोटों के काम आती है, विकास के लिए नहीं

जनप्रतिनिधियों को हर साल पांच करोड़ रुपये की निधि दी जाती है। विधायक इस धनराशि से उन कार्यों को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं, जो ज्यादा आबादी को प्रभावित करें और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के साथ उसका वोट बैंक भी मजबूत करें। यहां चुनाव में उनके काम आता है। माना जा रहाहै कि इसी कारण विधायकों ने इस योजना से दूरी बनाए रखी। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक फोन करने पर कई विधायकों ने साफ कहा कि उन्हें अपनी निधि सड़क, बिजली जैसे कामों पर खर्च करनी है। यह काम उनके क्षेत्र के लिए ज्यादा जरूरी हैं।

## सार-संक्षेप

### एआई और क्लाउड कम्प्यूटिंग पर प्रस्तुत किए रिसर्च पेपर



**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में इफेक्ट्स ऑफ टेक्निकल रेव्योलेशन इन एकेडमी एंड इंडस्ट्रीज विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का गुरुवार को समापन हुआ। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में शिक्षाविद राकेश कुमार आजाद ने देश के तकनीकी विकास की जानकारी दी और राष्ट्रीय विकास में अपना योगदान देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। डायरेक्टर इंजीनियरिंग डॉ. केपीएस चौहान ने उद्योग जगत में युवा पीढ़ी के योगदान पर चर्चा की। तीसरे तकनीकी सत्र में एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, चैट जीपीटी और नेक्स्ट जनरेशन एजुकेशन पर रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। डॉ. अरुण कुमार ने एजुकेशन में तकनीकी के प्रयोग के बारे में बताया। डॉ. शोभना सिंह, डॉ. अब्दुल मलिक ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का एनाटोमी एजुकेशन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। संस्थान के चेयरमैन मुकेश कुमार गुप्ता ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

### गंगा समग्र की टीम ने रामगंगा की सफाई की

**बरेली, अमृत विचार :** गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को रामगंगा नदी की सफाई की। श्रमदान कर सभी ने संकल्प लिया कि टीम 15 दिन के अंतराल पर आकर सफाई करेगी। इस मौके पर गंगा सेविका प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य गीता सिंह, जिला संयोजक सोमेंद्र गंगवार, विनीता खंडेलवाल, मंजू सक्सेना, नवीन कुमार, निधि खंडेलवाल, मीना सिंह, कीर्ति शर्मा, राजेश्वर, प्रियंका तिवारी, रामदास, पुष्पांजलि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को कराया भोजन, मिट्टी के बर्तन बांटे



**बरेली, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद और वरिष्ठ नागरिक समाज सेवा समिति ने जरूरतमंदों को भोजन कराया और पक्षियों के लिए जल रखने के लिए मिट्टी के बर्तन वितरित किए गए। डीडीपुरम में नव दुर्गा मंदिर के पास गुरुवार को हुए कार्यक्रम में परिषद की सचिव डॉ. दीक्षा सक्सेना, प्रांतीय संयोजक एसके कपूर, अध्यक्ष सुशील धस्माना, केके माहेश्वरी, जेपी गुप्ता, विपिन मेहरा, प्रभाकर मिश्रा, विश्ववानी देव आदि मौजूद रहे।

### सिटी स्टेशन पर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली सिटी स्टेशन पर गुरुवार को ईएनएचएम विभाग इज्ततनगर ने रेल कर्मचारियों और स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि ट्रेनों में बॉयोटॉयलेट का ही प्रयोग करें। इसके अलावा सूखा कचरा नीले कूड़ेदान में ही डाले और सभी मिलकर पौधे लगाएं।

# औद्योगिक विकास में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का है महत्वपूर्ण योगदान

## आईआईए और आरएमए की बैठक में विमर्श, एआई के प्रयोग की सीमा भी तय हो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) तकनीक मजबूत हो लेकिन इस पर आश्रित होना ठीक नहीं है। इसका प्रयोग कितना और कैसे करना है, इस पर भी विचार करना चाहिए। आधुनिक युग में तकनीकी उन्नति ने औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है, इसमें एआई का महत्वपूर्ण योगदान है। औद्योगिक क्रांति 4.0 में एआई की भूमिका विषय पर वर्कशाप में यह बातें मुख्य वक्ता रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सीएसआईटी विभाग के प्रो. विनय ऋषिवाल ने कहीं।

रोटरी भवन में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) और रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन (आरएमए) की ओर से आयोजित वर्कशाप में उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य मानव बुद्धिमत्ता और तकनीकी प्रणालियों को स्वयं सीखने और समझने की क्षमता प्रदान करना है। कहा कि देश में विभिन्न क्षेत्रों में एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदूषण को रोकने के लिए हवा को साफ कैसे करें इसके लिए भी एआई का प्रयोग किया जा रहा। एम्स और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एआई आधारित उपकरणों का इस्तेमाल रोगों के पूर्वानुमान, उपचार की सलाह और जांच के लिए कर रहे हैं। बैंकिंग सेवाओं में भी वित्तीय फ्राड को रोकने में भी एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।




रोटरी भवन में आईआईए और आरएमए की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आईआईए के सचिव मयूर धीरवानी ने कहा कि आज की वर्कशाप बरेली के औद्योगिक क्षेत्र को एक नई दिशा देने का काम करेगी। आईआईए के डिवीजनल चेयरमैन विमल रेवाड़ी ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से ऑनलाइन मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस और सप्लाई चेन की दिशा में अभूतपूर्व सुधार किये जा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन आरएमए के कार्यक्रम निदेशक डॉ. नीरज सक्सेना ने किया।

उन्होंने कहा कि एआई का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कंप्यूटरों को स्वचालित रूप से निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि वह डाटा और गणना का उपयोग करके स्वयं से निर्णय लेते हैं।

इस दौरान रजत मेहरोत्रा, आरएमए के सचिव कदीर अहमद, सुरेश सुंदरानी, धनंजय विक्रम सिंह, सलिल बंसल, आशीष गुप्ता, सक्षम जैन, ध्रुव कन्नौजिया, एके राय, केबी अग्रवाल, डॉ. विनय खंडेलवाल, केबी जौहरी, प्रदीप मधवार, मनोज कुमार चौधरी, उमेश धीरवानी आदि मौजूद रहे।

### एआई क्षेत्र में नए रोजगारों का सृजन

आरएमए के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि औद्योगिक परिदृश्य में एआई का महत्वपूर्ण योगदान है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग डेटा एनालिटिक्स, न्यू प्रोडक्ट डेवलपमेंट, ग्राहक सेवा एवं समस्याओं के रचनात्मक हल ढूंढने में किया जा रहा है। एआई क्षेत्र में नए रोजगारों का भी सृजन हो रहा है।

आईआईए के अध्यक्ष तनुज भसीन ने कहा कि एआई खतरनाक इंटेलिजेंस नहीं है। मानव का स्वभाव खतरनाक है वह कब गलत दिशा में चला जाए नहीं कहा जा सकता। एआई को कितना प्रयोग करना है, इसका ध्यान खुद ही रखना होगा।

# फैक्ट्रियों में सोलर पैनल लगाएं और बिजली बेचकर करें कमाई



लघु उद्योग भारती की बैठक में शामिल उद्यमी। ● अमृत विचार

- लघु उद्योग भारती की बैठक में उद्यमियों को दी गई जानकारी
- तीन साल में निकल आएगा खर्च उसके बाद बिजली मुफ्त

**बरेली, अमृत विचार :** उद्यमी अपनी फैक्ट्रियों में उत्पादित बिजली बेचकर भी कमाई कर सकते हैं। वे इसके लिए सोलर पैनल लगा सकते हैं जिसका खर्च तीन साल में निकल आएगा। इसके बाद वे खुद तो मुफ्त बिजली इस्तेमाल कर ही सकेंगे, बाकी बची बिजली ग्रिड में भेजकर उसका मूल्य भी हासिल कर सकेंगे।

लघु उद्योग भारती की एक बैठक में यह बात संभाग कार्यकारिणी सदस्य एसके सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि उद्यमी को उसकी बिजली का पैसा 45 दिन के अंदर मिल जाता है। अगर 45 दिन में भुगतान न मिले तो वह फैसिलिटेशन काउंसिल में वाद दर्ज करा सकता है। काउंसिल उसे बकाया भुगतान दिलाएगी। उन्होंने बताया कि कमिश्नर की अध्यक्षता में गठित यह काउंसिल एमएसएमई उद्यमियों के ही वाद सुनती है। इसमें दो उद्यमी भी सदस्य हैं। हर मंडल में गठित यह काउंसिल अब तक सैकड़ों वादों का निपटारा कर चुकी है।

बैठक में सदस्यों को सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन और बेचने की जानकारी दी गई। बताया गया कि 10 किलोवाट का पैनल लगाने पर साढ़े तीन लाख का खर्च आता है। सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि घर में सोलर पैनल लगाने पर सरकार छूट दे रही है लेकिन अभी उद्यमियों को छूट नहीं दी जा रही है।

लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष उन्मुक्त संभव शील ने संस्था का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली, प्रदेश सम्मेलन आगरा संभाग में होने की जानकारी सदस्यों को दी। बैठक में सतीश अग्रवाल, शुभम, निशांत, शरद, शशांक, प्रवीन अग्रवाल, तनुज भसीन, सुनीत मूना, माधव, सनी मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

# निरक्षर को साक्षर बनाने में उल्लास एप बनेगा मददगार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 साल से अधिक आयु के निरक्षर लोगों को चिह्नित कर बनाया जाएगा साक्षर

**अमृत विचार :** साक्षरता अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों के शिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर 15 साल से अधिक आयु के निरक्षर लोगों को चिह्नित कर उन्हें पढ़ना और लिखना सिखाएंगे। जुलाई से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए शिक्षकों को उल्लास एप का इस्तेमाल करना होगा। बीएसए ने इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

विभाग की रूपरेखा के अनुसार निरक्षरों को चिह्नित करने के लिए क्षेत्रों में वॉलंटियर तैयार किए जाएंगे। बेसिक शिक्षा परिषद की निगरानी में तैयार एप में चिह्नित निरक्षरों का डाटा अपलोड किया जाएगा। वॉलंटियर प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व में निरक्षकों की कक्षाओं का संचालन करेंगे। इसके बाद निरक्षरों की परीक्षा कराई जाएगी। निरक्षरों को पढ़ाने के लिए एप पर ही पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया है। कक्षाओं की रोजाना फोटो भी बीएसए को उपलब्ध कराई जाएगी। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इस बार एप के जरिए निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने की योजना बनाई गई है। इसके तहत वॉलंटियर बनाए जाएंगे। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

**बरेली, अमृत विचार :** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से यूनेक्स सनराइज प्रथम मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता 24 से 26 मई तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने गुरुवार को बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, वाराणसी समेत अन्य जिलों से 250 महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर ईस्ट जोन आल इंडिया प्रतियोगिता के लिए यूपी की टीम चुनी जाएगी। प्रतियोगिता पुरुष, महिला, एकल, युगल और मिश्रित युगल आदि वर्गों में होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएल खट्टर ने बताया कि 25 को क्वार्टर और सेमी फाइनल मुकाबले होंगे। इसके बाद 26 मई को फाइनल मुकाबले के साथ विजेता की घोषणा की जाएगी।



मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार

### कान्हा ने वध कर पूतना को किया जीवन से मुक्त



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर मॉडल में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास मधुर कृष्ण ने बताया कि कृष्ण लीला पुरुषोत्तम है और ईश्वर की प्रत्येक लीला में मनुष्य जीवन का परम कल्याण है। कृष्ण ने गोमाता की सेवा करते हुए मानव जाति को परम सुख प्राप्त करने और गोमाता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि गोमाता की सेवा केवल धार्मिक मान्यताओं से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक आधार पर भी हमारे स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। उन्होंने कहा कि कृष्ण के जन्म के बाद कंस उनका वध करने के लिए अपनी बहन पूतना को भेजता है। पूतना कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है लेकिन कृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। कथा में विधिविधान के साथ गिरिराज (गोवर्धन) पूजा में 56 भोग लगाए गए। समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, अनिल, अश्वनी ओबराय, जतिन दुआ, रंजन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रो. कमलेश के शोधपत्र को मिला पुरस्कार



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय गणित के प्रो. कमलेश कुमार दुबे के शोध पत्र को अमेरिकी रिसर्च जर्नल इंजीनियर्ड साइंस ने सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का सम्मान दिया है। शोध पत्र में उन्होंने प्रोटीन मल्टिपल सिक्वेंसिंग एलाइनमेंट में आने वाली विसंगतियों को दूर करने के पापुलेशन बेस्ड ऑप्टिमाइजेशन को आधार बनाया है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने प्रो. कमलेश को सम्मान मिलने पर बधाई दी। कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध गतिविधियों में लगातार सक्रिय है। इस मौके पर प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. अरविंद कुमार शुक्ल, प्रो. पंकज कुमार राय, प्रो. एसएस त्रिपाठी, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. मनीष गुप्ता, प्रो. जितेंद्रनाथ श्रीवास्तव, डॉ. शशांक उपाध्याय आदि ने बधाई दी।

# बरेली की सुपर मॉम्स ने नेपाल में जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नेपाल में नेपाल परफार्मिंग आर्ट्स महासंघ और नेपाल डांस स्पोर्ट्स महासंघ की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सुपर मॉम्स डांस प्रतियोगिता में तीन महिलाओं ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर बरेली का नाम रोशन किया है। महिलाओं ने 32 पदक जीते।

डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बरेली यूनिट की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि 19 मई को हुई प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में कला, डांस और संगीत गायन के आधार पर सुपर मॉम्स का चयन किया गया। प्रतियोगिता में भुटान, नेपाल और कोरिया सहित कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने खुद 35-45 आयु वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में जिले की ही वारिहम चानू हेंथोई ने स्वर्ण पदक और नीतू भटनागर ने कांस्य और शाहजहांपुर की अदविता तिवारी ने स्वर्ण, आरना तिवारी और आराध्या सक्सेना ने रजत पदक हासिल किया है।



नेपाल में सुपर मॉम्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली महिलाएं। ● अमृत विचार

- अलग-अलग आयु वर्ग में स्वर्ण रजत और कांस्य पदक जीता
- शाहजहांपुर की तीन महिलाओं ने भी जीते पदक

बालक और बालिका वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक विजेता और मदर वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं का चयन श्रीलंका में होने वाली साउथ एशियन कप म्यूजिक और डांस चैंपियनशिप में होगा। पर्फामिंग आर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव रजनीकांत ठाकुर, सचिव एवं उत्तर प्रदेश संघ के मुख्य कोरियोग्राफर आशीष मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिम्मेदारियों के साथ यहां तक पहुंचना नहीं आसान

सुपर मॉम्स प्रतियोगिता में 35 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली वारिहम चानू हेंथोई ने बताया कि पारिवारिक जिम्मेदारी और नौकरी के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेना बेहद कठिन है। इसके लिए पूरी तरह से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे और तैयारियों में जुटे रहे। डांस स्टूडियो संचालिका मनदीप कौर ने बताया कि वैवाहिक जीवन में आने के बाद से जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। इसके बावजूद भी महिलाएं इस स्पर्धा में भाग लें अपने लक्ष्य को साधना चाहती हैं। उनके लिए यह बहुत अच्छा मंच है। 45 से अधिक आयु वर्ग में कांस्य हासिल करने वाली नीतू भटनागर ने बताया कि वह शुरुआत से ही डांस और स्पोर्ट्स के प्रति रूचि रखती रही हैं। वह योगा सेंटर भी संचालित करती हैं। 15 साल तक के दो बच्चों की परवरिश के साथ तमाम घरेलू जिम्मेदारियों के साथ इस प्रतियोगिता के लिए शुरू से तैयारी में जुटे रहे।

# गर्म हवाओं से आंखों में जलन के बढ़े मामले

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में तेज हवाओं से उड़ने वाली धूल आंखों को नुकसान पहुंचा रही है। लोगों को आंखों में खुजली और जलन की शिकायत हो रही है। लोगों को कंजेक्टिवाइटिस हो रहा है।

तीन सौ बेड अस्पताल में आंखों में समस्या की शिकायत लेकर रोजाना काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। गुरुवार को नेत्र विभाग की ओपीडी में 12 बजे तक 58 मरीज पहुंचे, जिनमें से अधिकांश ने आंखों में खुजली, जलन और भारीपन होने की शिकायत की। जिला अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डीएन सिंह के अनुसार आंखों में वायरस के संक्रमण के मामले बढ़े हैं। लोग आंखों में जलन और खुजली की शिकायत बता रहे हैं। लोगों को दिन में कई बार आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारने चाहिए।

# जुलाई बाद तैयार होंगे 36 नए स्कूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 186 में से 86 खंडहर कराए ध्वस्त, चार का पुर्ननिर्माण अब अंतिम चरण में

**अमृत विचार :** जिले में जुलाई के बाद 36 परिषदीय स्कूलों के नए भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा। स्कूलों के निर्माण के लिए जुलाई में बजट स्वीकृत होने की उम्मीद है। इन स्कूलों में 22 प्राथमिक और 14 उच्च प्राथमिक स्कूल शामिल हैं।

विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के मुताबिक बजट स्वीकृत होने पर प्राथमिक स्कूलों पर लगभग 14 लाख और उच्च प्राथमिक स्कूलों को 23 लाख से अधिक की लागत से भवन तैयार कराया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन स्कूलों में कक्षा, रसोई और शौचालय सहित सभी आधुनिक सुविधाएं स्थापित कराई जाएंगी। इसके लिए करीब तीन महीने पहले ही प्रस्ताव भेजा गया है।

> जिन स्कूलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है उनमें जल्द ही कक्षाओं का संचालन शुरू करा दिया जाएगा। जुलाई में भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृति होते ही जरूरी प्रक्रिया को पूरा करा लिया जाएगा। – संजय सिंह, बीएसए

### 186 में से अभी 100 स्कूल खंडहर

विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिले में परिषदीय स्कूलों के 186 खंडहर हो चुके भवनों को ध्वस्त किया जाना है, ताकि इन स्कूलों का पुर्ननिर्माण कराया जा सके लेकिन अभी इनमें से महज 86 खंडहर ही ध्वस्त कराए गए हैं। वहीं ध्वस्त कराए गए स्कूल के भवनों में से चार स्कूलों का पुर्ननिर्माण का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। अधिकारियों का कहना है कि खंडहर भवनों का मूल्यांकन दोबारा से कराया जाएगा और बाकी औपचारिकताएं भी पूरी की जाएंगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# हर्षोल्लास के साथ मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सामूहिक त्रिरत्न वंदना की गई। इस मौके पर धम्म दर्शन और उनके आदर्शों पर वक्ताओं ने चर्चा की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आवाह्न किया। युवाओं को शिक्षा पर अधिक जोर देने और आपसी सद्भाव के साथ रहने को प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. आम्बेडर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर, जूनियर वर्ग में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक गजेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, ओमप्रकाश बौद्ध, ज्ञानेंद्र सिंह मौर्य, गुलाब सिंह, रामपाल शास्त्री, दीन दयाल गौतम, मेवाराम, टीडी प्रेमी, भानू प्रताप सिंह, राकेश बाबू, रमेश बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर महानगर कॉलोनी में गायत्री यज्ञ



**बरेली, अमृत विचार :** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर महानगर कालोनी, इंदिरा नगर, बदायूं रोड, सहित भोजीपुरा, फतेहगंज पश्चिमी के कई गांवों में यज्ञ किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में हुए यज्ञ महोत्सव का उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय, पूरे विश्व में व्याप्त प्रदूषण को खत्म कर वातावरण और पर्यावरण को शुद्ध बनाना है। गायत्री परिवार की मीडिया प्रभारी शालिनी सक्सेना ने बताया कि महानगर कालोनी में चमन गुप्ता, आराधना अग्रवाल सहित गायत्री परिवार के कई घरों में यज्ञ हुआ। इसके अलावा गायत्री परिवार के समन्वयक दिनेश पांडेय, डॉ. दीपमाला शर्मा, सरस्वती गंगवार ने भी अपने अपने क्षेत्र में गायत्री यज्ञ साधना करवाई।

### बुद्ध पूर्णिमा पर सफाई कर्मचारी संघ ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर महात्मा गौतम बुद्ध पार्क में नीम के 11 पौधे रोपित किए। जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप ने बताया कि महात्मा गौतम बुद्ध ने सर्व समाज को सही रास्ता दिखाने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष ने सभी संघ पदाधिकारियों, सदस्यों से एक-एक पौधा लगाने की अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री महेश चंद्र वाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष कमलेश सागर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान बाबू, ब्लाक अध्यक्ष राजवीर वाल्मीकि, राम मोहन कश्यप, जितेंद्र कुमार, तेज प्रकाश लोधी, संतोषी आदि मौजूद रहे।

### वैशाख पूर्णिमा पर लगाई आस्था की डुबकी

**बरेली, अमृत विचार :** वैशाख माह की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा-स्नान कर पूजा अर्चना की। चौबारी स्थित रामगंगा घाट पर गुरुवार सुबह ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंच गए। भारी संख्या में लोगों ने हर हर गंगे के उद्घोष के साथ स्नान कर दान पुण्य किया। दिन में तेज धूप और गर्मी के बावजूद भीड़ रही। इस दौरान मेले में श्रद्धालुओं ने खरीदारी के साथ मौज मस्ती की। इस दौरान मुंडन संस्कार और भंडारे भी हुए। इस मौके पर पुलिस के साथ लोगों की सुरक्षा के लिए स्थानीय गोताखोर भी नावों से भ्रमण करते रहे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर
निकलना मल द्वार के आस
पास बार-बार फोड़ा बनना
एवं फूटना, बार-बार मल
त्याग करना, मल द्वार में दर्द
एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से
सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी,
बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और
वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं,
जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट
का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon
पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# नगर निगम से जुड़े कुत्तों का खून बेचने वालों के तार

## आरोपी नगर निगम के लिए ही करता था काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अलग होकर शुरू किया काम तो विवाद होने पर खुला मामला
- पुलिस ने निगम की कुत्ते पकड़ने वाली टीम बुलाकर की पूछताछ

**अमृत विचार :** आवारा कुत्तों का खून निकालकर पालतू कुत्तों के लिए बेचने के धंधे के तार नगर निगम से जुड़ गए हैं। पुलिस के मुताबिक नगर निगम में काम करने वाले कुछ लोग पहले साथ-साथ कुत्तों का खून निकालकर बेचते थे लेकिन बाद में इनमें से वैभव शर्मा नाम के युवक ने अलग होकर अलग धंधा शुरू कर दिया। इसी बात पर विवाद हुआ और बात खुल गई।

पीपुल फॉर एनिमल्स (पीएफए) के सदस्य धीरज पाठक ने आलमगीरीगंज के घी मंडी इलाके में रहने वाले वैभव शर्मा पर आवारा कुत्तों का खून निकालकर बेचने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि वैभव ने कुछ कुत्तों को पकड़ भी रखा है ताकि कहीं से पालतू कुत्ते के लिए खून की मांग आते ही उनका खून निकालकर बेच सके। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि वैभव एक अन्य युवक के साथ पहले नगर निगम के लिए काम करते थे। कुछ समय पहले वैभव ने अलग होकर धंधा शुरू कर दिया तो विवाद हो गया। थाने में भी दोनों पक्षों के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगे थे। इस पर पुलिस ने नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम को भी थाने बुलाया था। तीखी बहस के बाद भी कोई नतीजा न निकलने पर वैभव के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पीएफए सदस्यों ने आरोप लगाया था कि वैभव बड़े लोगों को उनके पालतू कुत्ते के लिए जरूरत पड़ने पर पांच से 10 हजार रुपये तक में खून उपलब्ध कराता है। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाया है।

## साप्ताहिक बंदी में खुलीं दुकानें, श्रम विभाग ने मारा छापा



**बरेली, अमृत विचार :** साप्ताहिक बंदी के बावजूद खुलने वाली दुकानों पर श्रम विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। श्रम विभाग की टीम ने बुधवार को नवाबगंज में 30 दुकानों का चालान किया था। बृहस्पतिवार को शहर के मिशन मार्केट में छापा मारा तो दुकानदारों में खलबली मच गई। दुकानदारों ने दुकानें बंद कराने पर हंगामा किया। उन्हें फिलहाल चेतावनी दी गई है। अगली बार चालान काटा जाएगा। सिविल लाइंस के श्रम प्रवर्तन अधिकारी राकेश कुमार दोपहर में टीम के साथ मिशन मार्केट पहुंचे। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बंदी के बावजूद यहां कपड़े की सभी दुकानें खुली थीं। इनका चालान काटने की प्रक्रिया शुरू की तो दबाव बनाने के लिए दुकानदारों ने यह कहते हुए सभी दुकानें बंद कर दी कि उन्हें साप्ताहिक बंदी का पता नहीं था। आगे से वे नियमों का पालन किया जाएगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अगली बार साप्ताहिक बंदी के दिन प्रतिष्ठान खुलने पर चालान करने की चेतावनी दी है।

## गोकशी मामले में गलत धारा में भेज दी चार्जशीट

**विधि संवाददाता, बरेली :** बड़े पैमाने पर गोवंशीय मांस की बरामदगी के बाद मीरगंज पुलिस ने न सिर्फ गोवध निवारण अधिनियम की गलत धारा में रिपोर्ट दर्ज की बल्कि विवेचना करके चार्जशीट भी कोर्ट भेज दी। इस पर अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने थानाध्यक्ष मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह और सीओ डॉ. दीपशिखा को नोटिस भेजकर क्रमशः 27 और 28 मई को स्पष्टीकरण तलब किया है। मीरगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 में सात क्विंटल गोवंशीय मांस बरामद हुआ था। आरोपी नाजिम समेत कई के विरुद्ध पुलिस ने 5 क उप्र गोवध निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी और विवेचना करके आरोपपत्र धारा 3, 5क और 8 के तहत कोर्ट भेज दिया था। यह धारा गोवंश के परिवहन में लगती है। बड़े स्तर पर गोवंशीय मांस की बरामदगी होने पर धारा–5 लगाई जाती है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए नोटिस में कहा है कि पुलिस ने यह गड़बड़ी अभियुक्तों को बचाने के लिए किया है।

## गुड्डू वारसी की उत्तराखंड में मिली लोकेशन

**बरेली, अमृत विचार :** चोरी के ट्रकों को फर्जी कागजात तैयार कराकर बेचने और उसे कटवा कर बीमा कंपनी को लाखों का चूना लगाने वाले गुड्डू वारसी पर एसटीएफ पुलिस की मदद से इनाम घोषित कराएगी। गुड्डू की लोकेशन उत्तराखंड में मिली है। एसटीएफ उसकी तलाश कर रही है। एसटीएफ की टीम ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के पुलभट्टा थाना के शहदौरा किच्छा निवासी शराफत, कैंट में मोहनपुर के मुजाहिद, बिथरी चैनपुर में पदारथपुर के साकिर हुसैन और प्रेमनगर में शाहाबाद दीवानखाना के अंजुम को बुधवार को गिरफ्तार किया था। डिप्टी एसपी एसटीएफ अब्दुल कादिर ने बताया कि आरोपी पर पुलिस की मदद से इनाम घोषित कराया जाएगा।

## मियां अल्ताफ लारवी के खिलाफ नहीं दिया फतवाः शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने साफ किया है कि अनंतनाग राजौरी सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रत्याशी मियां अल्ताफ लारवी के खिलाफ दारुल इफ्ता से कोई फतवा जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि दारुल इफ्ता से सिर्फ धार्मिक मामलों में फतवे जारी किए जाते हैं, सियासी मामलों में नहीं। अगर कोई आलिम या धार्मिक रहनुमा किसी प्रत्याशी के समर्थन या विरोध में कोई बयान देता है तो वह उसकी निजी राय समझी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महबूबा मुफ्ती की पार्टी की ओर से दुष्प्रचार किया जा रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# पति-पत्नी ने सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने 8 लाख ठगे

## अदालत के आदेश पर बारादरी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक दंपती ने हरियाणा के एक युवक से सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने आठ लाख रुपये ठग लिए। जब युवक ने नौकरी न लगने पर रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हरियाणा के जिला पानीपत हुडा सेक्टर-11 निवासी फरमान ने बताया कि उनकी बहन तबस्सुम की शादी बारादरी क्षेत्र के फाइक एन्क्लेव निवासी सरताज से हुई है। 12वीं पास फरमान अपने बहन के यहां आते-जाते रहते थे। फरमान 18 अगस्त 2023 को बहनोई के भाई अशफाक की दुकान पर गए, जहां पर उनकी मुलाकात शोएब अली और उसकी पत्नी खुशनुमा से हुई।

दोनों ने शैक्षिक योग्यता पूछी और बताया कि उनकी पकड़ बड़े-बड़े नेताओं से है। दोनों ने एनसीईआरटी में सर्वेयर के पद पर फरमान की नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उसके बाद 10 लाख रुपये की मांग की। फरमान ने कई जगह से लोन लेकर और मां के जेवर गिरवी रखकर दोनों को कई बार में आठ लाख रुपये दे दिए। इसके बाद दोनों ने फर्जी नियुक्ति पत्र, आईकार्ड, वेतन स्लिप भेजे। जानकारी करने पर पता चला कि दोनों ने खुद ही फर्जी कागज बनाए और आठ लाख रुपये हड़प लिए। दोनों से रुपये लौटाने को कहा तो सुपारी देकर हत्या कराने और दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दहेज में दो लाख नहीं मिलने पर पति ने दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के पदारथपुर में रहने वाली युवती का निकाह सीबीगंज बिधौलिया निवासी वसीमउद्दीन से हुआ था। शादी के बाद वसीमउद्दीन, ससुर कलीमउद्दीन, सास नसीम, देवर फैजान और रिजवान दो लाख रुपये दहेज में लाने की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रताड़ित करते थे। देवर फैजान ने कई बार गलत हरकत की। शिकायत करने पर उसकी ही पिटाई कर दी और फिर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

# छेड़छाड़ कर युवती के फाड़े कपड़े, पति को घोंपा चाकू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में रिश्तेदारों ने घर में घुसकर दंपती पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला से छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर पति के पेट में चाकू घोंप दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक युवक ने बताया कि उसके घर के सामने ममेरे भाई रहते हैं। आरोप है कि सभी ने पहले मारपीट की थी, जिसकी पुलिस में शिकायत की थी। आरोप है कि 30 अप्रैल को बाइक खड़ी करने से मना करने पर सभी घर में घुस आए और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उनकी पत्नी के कपड़े फाड़ दिए और उनके पेट में चाकू घोंप दिया।

## बहन को गलत बोलने के विरोध पर भाई पर चाकू से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर के सामने उसकी बहन से दो लोगों ने अभद्रता की। जब किशोर ने विरोध किया तो उसकी पिटाई की और उसपर चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुतुबखाना चौराहे के पास रहने वाले 12 वर्षीय शोहान ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह घर से किसी काम से निकले थे। आरोप है कि रास्ते में दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और उनकी बहन के बारे में अपशब्द बोले। जब उन्होंने विरोध किया तो हमला किया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय)
• एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
• एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सार-सक्षेप

### स्पा सेंटर में जबरन काम कराने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बेरली, अमृत विचार :** डीडीपुरम में एक स्पा सेंटर में युवती से जबरन काम कराने की प्रेमनगर पुलिस को सूचना दी गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता का फोन बंद था और मकान पर ताला लगा हुआ था। पुलिस मोबाइल नंबर को ट्रेस कर मामले की जांच कर रही है। प्रेमनगर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार शाम सात बजे के करीब डायल-112 पर एक युवती ने फोन कर बताया कि डीडीपुरम स्थित एक स्पा सेंटर में उससे जबरन काम करवाया जा रहा है। इस दौरान उसका शोषण भी किया जा रहा है। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शिकायतकर्ता को फोन किया तो बंद मिला। जब पुलिस बताए गए पते पर पहुंची तो मकान में ताला लगा हुआ था। वहां पर कोई नहीं मिला। पुलिस को अंदेशा है कि स्पा सेंटर में काम करने वाली किसी युवती का मैनेजर या मालिक से लेनदेन का विवाद हुआ होगा, जिसके बाद शिकायत की गई होगी लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ताला डालकर भाग गए होंगे।

### छत पर सो रहा था परिवार, चोरों ने खंगाला घर

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करेली में एक परिवार गर्मी के कारण छत पर सो रहा था। इसी बीच चोरों ने घर में से दो लाख 80 हजार रुपये नकदी और जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

करेली के कमालउद्दीन ने बताया कि वह मंगलवार की रात परिवार समेत छत पर सो रहे थे। देर रात किसी समय अज्ञात चोर घर में घुस आए और घर में चोरी की।

### सरिया से हमला कर युवक का तोड़ा पैर

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पुराने विवाद में दबंगों ने युवक पर सरिया से हमला कर उसका पैर तोड़ दिया। परतापुर जीवन सहाय निवासी नाजिम ने बताया कि 4 मई को बैरियर- टू क्षेत्र में एक शादी थी। जहां पर उनकी चचेरी बहन गई थी। आरोप है कि वहां पर कुछ लोग खाना खाते समय लड़कियों की फोटो खींच रहे थे। इसका विरोध करने पर मारपीट की थी और थाने में शिकायत पर समझौता कर लिया था। आरोप है कि बुधवार की रात वह अपने भतीजे सैफ अली के साथ जा रहे थे। घर से थोड़ी दूरी पर आधा दर्जन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर सरिया से हमला कर उनका पैर तोड़ दिया। उसके बाद तमंचा लहराते हुए जमकर पिटाई की। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राजबब्बर के लिए बरेली महानगर कांग्रेस ने किया प्रचार



**बरेली, अमृत विचार :** हरियाणा के गुरुग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी एवं अभिनेता राज बब्बर के चुनाव प्रचार में बरेली महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सलमान खुर्शीद भी मौजूद रहे। अजय शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में चुनाव जीतेंगे और आने वाले समय में हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रचार के दौरान पश्चिमी युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पारस शुक्ला, पूर्व पार्षद महेश पंडित, महानगर प्रवक्ता कांग्रेस एवं पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश योगेश जौहरी मौजूद रहे।

### प्रचार के लिए मिर्जापुर गए अपना दल एस के नेता



**बरेली, अमृत विचार :** मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र से अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए बरेली से कई नेता मिर्जापुर के रवाना हुए। मिर्जापुर के लिए राष्ट्रीय सचिव किसान मंच सतीश गंगवार, अपना दल एस उत्तर प्रदेश विधि मंच के प्रदेश महासचिव अधिवक्ता अनुज कुमार गंगवार, जिला महासचिव गोपेन्द्र पाल, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल समेत कई पदाधिकारी गए हैं। प्रदेश महासचिव अनुज कुमार गंगवार ने बताया कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव प्रचार तक मिर्जापुर में ही प्रवास पर रहेंगे।

### नकदी और जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ भागी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती घर से जेवरात और 15 हजार रुपये लेकर प्रेमी के साथ चली गई। युवती की मां ने प्रेमी के खिलाफ सुभाषनगर थाना में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती की मां ने बताया है कि युवती का प्रेम प्रसंग सुभाषनगर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी निवासी अनिल गुप्ता से चल रहा था। आरोप है कि 21 मई को घर वाले काम पर गए हुए थे। इसी दौरान युवती घर से 15 हजार रुपये और जेवरात लेकर अनिल के साथ चली गई।

### शराबी ने घर में घुसकर ईंट से सिर फोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी थाना क्षेत्र में शराबी ने घर में घुसकर पड़ोसी का ईंट से सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव भगवतीपुर के रहने वाले भगवानदास का आरोप है कि 21 मई को पड़ोसी रविंद्र शराब के नशे में उनके घर में घुस आया। विरोध करने पर उसने मारपीट की और उनके सिर में ईंट मार दी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SACHIN ASAWA पुत्र श्री SURESH CHANDRA ASAWA है। भविष्य मे मुझे इसी नाम व पते से जाना पहचाना जाये। SACHIN ASAWA S/O SURESH CHANDRA ASAWA निवासी वार्ड संख्या 21, मोहल्ला नं. 1, बिल्सी, जिला बदायूँ।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डीएल नंबर UP-2520160024982 में मेरा नाम MAHESH CHAND अंकित हो गया है जो कि गलत है, मेरा सही नाम MAHESH CHANDRA है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। **महेश चंद्र पुत्र राम भरोसे लाल निवासी मेगा ड्रीम होम मकान संख्या 148 कर्मचारी नगर बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# भाजपा पर पिछली बार से आगे बढ़ने का दबाव

अमृत विचार। छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट पड़ेंगे। 2019 के चुनाव में इन 58 सीटों में भाजपा ने 40 सीटें जीत ली थीं। बसपा और बीजद ने चार-चार, टीएमसी और जद यू ने तीन-तीन, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट जीती थी। इनके अलावा सपा ने भी एक सीट आजमगढ़ की जीती थी, लेकिन बाद में हुए उपचुनाव में वह इस सीट पर हार गई थी। इस तरह सपा का स्कोर शून्य और भाजपा की जीती हुई सीटों की संख्या 41 हो गई थी। इस चरण के लोकसभा चुनाव में पिछली बार कांग्रेस के साथ ही राजद, आम आदमी पार्टी या वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा ने हरियाणा और दिल्ली में सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी को हरियाणा और दिल्ली में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने तो उत्तर प्रदेश की 14 सीटों समेत पं. बंगाल और ओडिशा में 2019 की सफलता से आगे निकलने का भारी दबाव है।

| स्कोर कार्ड-2019 | |
|---|---|
| भाजपा | 41 |
| बसपा | 04 |
| बीजद | 04 |
| टीएमसी | 03 |
| जद (यू) | 03 |
| लोजपा | 01 |
| आजसू | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |

**06** चरण का मतदान शनिवार को होगा

**08** आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

**58** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट

**14** सीटों पर यूपी में 162 उम्मीदवार

# झारखंड में एनडीए के सामने चारों सीटें बचाने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा तीन, आजसू एक लोकसभा सीट पर मैदान में तो कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर लड़ रहे चुनाव





अमृत विचार। झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरीडीह में 25 मई को मतदान होगा। पिछली बार एनडीए की तरफ से गिरडीह आजसू जीतने में सफल रही थी, बाकी तीन सीटों पर भाजपा जीती थी। इस बार भी आजसू गिरडीह और बाकी तीन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर सहानुभूति लेने में जुटी है। ऐसे में भाजपा-आजसू के सामने अपनी सीटों को बचाए रखने की चुनौती है।

### जमशेदपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक की चुनौती

- जमशेदपुर सीट पर भी एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, तो झामुमो विधायक समीर मोहंती ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। दोनों प्रत्याशी बहरागोड़ा से विधायक रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती में मित्रवत संबंध थे, लेकिन 2019 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद समीर मोहंती इस बार लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो के सामने हैं। उधर, बहरागोड़ा से विधायक रहते विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर से 2014 का लोकसभा चुनाव जीता था। भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर गए हैं। समीर मोहंती के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कल्पना सोरेन रैली कर चुकी हैं।

### गिरीडीह के दो विधानसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- गिरीडीह सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों बगोदर, राजधनवार, जमुआ और गांडेय में 20 मई को वोट पड़ चुके हैं। 25 मई को गिरीडीह और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के करीब छह लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां एनडीए से आजसू के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो से है। निर्दलीय जयराम महतो संघर्ष त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

### रांची में कांग्रेस का आदिवासी-अल्पसंख्यक दांव

- झारखंड की राजधानी रांची सीट पर भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के देवेंद्रनाथ महतो ग्रामीण इलाकों में दौड़-भाग कर रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी-अल्पसंख्यक मतदाताओं को गोलबंद करने में लगी है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर वोट मिलने का भरोसा है। मोदी और अमित शाह के रोड शो के बाद भाजपा उत्साह से लबरेज है, तो प्रियंका गांधी की सभा में जुटी भीड़ से कांग्रेस को जीत की उम्मीद है।

### धनबाद में भाजपा-कांग्रेस दोनों में भितरघात

- धनबाद में भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग है। यहां भाजपा उम्मीदवार बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को मौजूदा सांसद पीएन सिंह का टिकट कटने से राजपूत समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। कुछ स्थानीय नेताओं से भितरघात का भी खतरा है। ऐसे में ढुल्लू महतो को मोदी की गारंटी और कमल निशान से ही जीत की आस है। उधर, कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरीं बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को भी भितरघात का डर सता रहा है। जो दिग्गज कांग्रेस नेता धनबाद से टिकट की आस में थे, वे या तो घर बैठ गए हैं या विरोध कर रहे हैं। धनबाद के पूर्व कांग्रेस सांसद और मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे की नाराजगी सार्वजनिक है। लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के अलावा कई नेता अनुपमा सिंह के साथ मजबूती से खड़े हैं। झामुमो और राजद का समर्थन है।



# बंगाल की आदिवासी बेल्ट में फिर लहराएगा भगवा!

**रोचक हुआ संघर्ष**

- पिछली बार छठे दौर की भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीती थीं

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। 2019 के लोकसभा चुनाव नतीजों के अनुसार पश्चिम बंगाल में छठे दौर की आठ सीटों में भाजपा ने पांच सीटें और तीन सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जाहिर है इस चरण में भाजपा के सामने अपनी पांचों सीटें बचाने के साथ टीएमसी से एक या दो सीटें छीनने का लक्ष्य है। इसके चलते हर सीट पर रोचक संघर्ष हो रही है।

शनिवार को मतदान वाली सीटें राज्य में आदिवासी बेल्ट का हिस्सा है यहां संथाल जो राज्य की सबसे अधिक आबादी वाली जनजाति है, बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में निवास करती है। मुंडा जनजाति पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर के पहाड़ी इलाकों में रहती है, जबकि ओरांव या कुरुख जनजाति पुरुलिया के मैदानी इलाके में रहती है।

### घाटल में दो अभिनेताओं के बीच छिड़ा रहा घमासान

- घाटल लोकसभा सीट से टीएमसी के सासंद बंगाली सिने स्टार दीपक अधिकारी (देव) हैं। 2019 में देव ने भाजपा से चुनाव लड़ीं पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने सीपीआई के संतोष राणा को हराया था। अभिनेता दीपक अधिकारी देव इस बार चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें मना लिया। इस बार देव का मुकाबला एक अन्य फिल्म अभिनेता भाजपा के हिरन चटर्जी और सीपीआई के तपन गांगुली से है, जिन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है।

### झारग्राम जीतने के लिए टीएमसी ने भाजपा सांसद को तोड़ा

- झारग्राम लोकसभा सीट 2019 में भाजपा के कुंअर हेम्ब्रम ने टीएमसी के बीरबाहा सरीन को हराकर जीती थी। लेकिन उन्होंने बिना कोई कारण बताए मार्च की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था और अब टीएमसी का दामन थाम चुके हैं। टीएमसी ने 2014 में यह सीट माकपा से हासिल की थी लेकिन 2019 में हार गई थी। भाजपा ने इस बार झारग्राम से प्रणत टुडू को मैदान में उतारा है, जो टीएमसी के कालीपद सोरेन और माकपा के सोनामणि मुर्मू (टुडू) के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में झारग्राम की सभी सात विधानसभाएं टीएमसी ने जीत ली थीं।

### तामलुक में 'खेला होबे' के रचयिता की पूर्व जज से हुई टक्कर

- तामलुक लोकसभा सीट पूर्व मेदिनीपुर जिले में है। यह सीट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसबा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। 2019 में यहां से टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी जीते थे। इस बार ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग के 'खेला होबे' गाने से प्रसिद्ध हुए देबांग्शु भट्टाचार्य को उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय से है जिन्होंने हाल ही में न्यायिक पद से इस्तीफा दिया था। वह टीएमसी के प्रखर आलोचक हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शिक्षक भर्ती घोटाले सहित महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दिए हैं। इस सीट पर कांग्रेस- वाम मोर्चा गठबंधन से माकपा के शायन बनर्जी प्रत्याशी हैं। 2019 में जीते टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी ने 2016 में हुए उपचुनाव में माकपा की मंदिरा पांडा को पांच लाख वोटों से हराया था। सासंद सुवेंदु अधिकारी के विधायक बनने और भाजपा के साथ जाने पर यहां उपचुनाव हुआ था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर भाजपा और चार में टीएमसी जीती थी।

### मेदिनीपुर में फैशन डिजाइनर और अभिनेता में छिड़ी रही वोटों की जंग

- मेदिनीपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा नेता दिलीप घोष करते थे, जो अब बर्धमान-दुर्गापुर से चुनावी मैदान में उतरे हैं। 2019 में उन्होंने टीएमसी के मानस भुनिया को लगभग 89,000 वोटों से हराया। 2014 में एक्टर संध्या रॉय ने सीपीआई से टीएमसी के लिए यह सीट जीती थी। इस बार यहां फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्नि मित्रा पॉल को भाजपा ने टीएमसी के अभिनेता जून मालिया और सीपीआई के बिप्लब भट्टा के खिलाफ मैदान में उतारा है। साल 1989 से 2001 के बीच सीपीआई के इंद्रजीत गुप्ता ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था।



### कांथी में अधिकारी परिवार को बचाना है इस बार अपना गढ़

- कांथी लोकसभा सीट को अब अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां 2009 से टीएमसी के शिशिर अधिकारी सांसद हैं। इस बार कांथी से तीन बार के टीएमसी सांसद सौमेंदु अधिकारी इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी ने स्थानीय नेता उत्तम बारिक को उतारा है, जबकि कांग्रेस-वामपंथी गठबंधन से कांग्रेस नेता उर्बशी भट्टाचार्य चुनौती दे रही हैं। टीएमसी उम्मीदवार शिशिर अधिकारी ने 2019 में भाजपा के देबाशीष सामंत को 1.1 लाख वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने माकपा के तापस सिन्हा को लगभग 2.3 लाख वोटों से हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां के सात विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी, चार सीटें भाजपा को मिली थीं।

### पुरुलिया में फिर से कमल खिलाने का मौका

- पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में 2019 में भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो ने टीएमसी के मृगांका महतो को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है जबकि टीएमसी से इस बार शांतिराम महतो उनका मुकाबला कर रहे हैं। वह ममता बनर्जी कैबिनेट में मंत्री हैं। इस सीट पर कांग्रेस के नेपालदेव महतो किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यह उन सीटों में एक है जहां वाम मोर्चा के साथी फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां की पांच विधानसभा सीटें भाजपा और दो टीएमसी ने जीती थीं।

### बांकुड़ा में मोदी सरकार के मंत्री दूसरी जीत को प्रयासरत

- बांकुड़ा लोकसभा सीट 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 18 सीटों में शामिल थी। यहां भाजपा के सुभाष सरकार ने टीएमसी के सुब्रत मुखर्जी को 1.7 लाख से अधिक वोटों से हराया था। पेशे से चिकित्सक सुभाष सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार में राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। टीएमसी ने उनके सामने अरूप चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। माकपा से चुनाव लड़ रहे नीलांजन दासगुप्ता कांग्रेस के समर्थन से त्रिकोणीय संघर्ष बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस लोकसभा सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2021 में चार भाजपा और तीन टीएमसी ने जीती थीं।

### बिष्णुपुर में तिकोने संघर्ष में फिर जीत पाएंगी भाजपा

- बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान ने टीएमसी के श्यामल संतरा को हराया था। 2014 में टीएमसी ने यह सीट माकपा से जीती थी। इस बार भाजपा ने सौमित्र खान पर फिर अपना भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला टीएमसी की सुजाता मंडल और माकपा की शीतल कोइबोर्तो से हुआ है। यहां तिकोना मुकाबला नजर आ रहा है। इस सीट के विधानसभा क्षेत्रों में एक पूर्व बर्धमान में है, और अन्य छह बांकुरा जिले में हैं। 2021 में चार सीटें टीएमसी और तीन भाजपा ने जीती थीं।

# ओडिशा में छठे चरण के चुनाव पर संबित विवाद का साया

चुनाव डेस्क

- राज्य में छह लोकसभा सीटों के साथ शनिवार को 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे

अमृत विचार। ओडिशा में छठे चरण में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, कयोंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर पर मतदान होगा 2019 में भाजपा इन छह में दो सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजद ने चार सीटें जीती थीं। राज्य में इसी के साथ इन लोकसभा सीटों के 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे।

प्रचार खत्म होने तक यहां पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु जगन्नाथ को लेकर जुबान फिसलने का मुद्दा छाया रहा। हालांकि विगत दिवस अखबारों में विज्ञापन देकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए संबित की ओर से बिना शर्त माफी मांगते हुए अनजानी गलती के लिए गहरा खेद जताया जा चुका है। लेकिन विवाद अभी थमा नहीं था कि बात आगे बढ़ गई है। अब संबित के एक विज्ञापन पर बवाल छिड़ गया है। बीजद ने संबित द्वारा भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के साथ प्रभु



पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा।

जगन्नाथ की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 2019 के चुनाव में पुरी सीट पर बीजद की पिनाकी मिश्रा जीती थीं। उन्हें 5,38,321 वोट मिले थे, जबकि भाजपा से संबित पात्रा 5,26,607 वोट पाकर हार गए थे। हालांकि इस बार संबित को पुरी में भाजपा की पहली जीत का भरोसा है। यहां उनका मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है जो बीजद के मजबूत कैडर के आधार पर अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में 2019 के चुनाव में भाजपा की अपराजिता सारंगी की जीत राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का प्रतीक मानी गयी थी। उन्होंने बीजद के अरूप मोहन पटनायक को 23,839 वोटों से हराया था। भाजपा ने अपराजिता को फिर से मौका दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के यासिर नवाज और बीजद के मन्मथ राउतराय से हुआ है। एक और प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र कटक बीजद का मजबूत किला है। यहां 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजद के भर्तृहरि महताब ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में यह सीट जीती है। 2014 में भर्तृहरि महताब ने कांग्रेस द्वारा अभिनेत्री अपराजिता मोहंती को मैदान में उतारने के बावजूद जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भी उन्होंने सीट बरकरार रखी। इस बार भी बीजद से भर्तृहरि महताब चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के सुरेश महापात्र, कांग्रेस से प्रमोद कुमार मल्लिक और बीजद के संतृप्त मिश्र से उनका मुकाबला हुआ है।

# महबूबा को मियां अल्ताफ और जफर मन्हास की कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

- अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी जबर्दस्त प्रचार के चलते रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद

अमृत विचार। छठे चरण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी श्रीनगर और बारामुला लोकसभा सीट की तरह रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद है। इसकी वजह यहां प्रचार के अंतिम दौर में लगी रही नेताओं की भीड़ है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद और अल्ताफ बुखारी जैसे बड़े नेताओं ने यहां रोज रोड शो और सभाएं की हैं। महबूबा बीते दो दिनों से राजौरी और पुंछ में डेरा जमाए रही हैं, तो उनकी बेटी इल्तिजा भी उनके लिए प्रचार में जुटी रही हैं। 2019 में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतने में सफल रही थी। धारा 370 हटने और नए परिसीमन के बाद इस सीट पर यह पहला चुनाव है, ऐसे में पिछले नतीजे के आधार पर भी कोई भी कयास लगाना बेमानी है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस



पीडीपी नेता पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

के उम्मीदवार और गुज्जर नेता मियां अल्ताफ और अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मन्हास से उन्हें कड़ी चुनौती मिली है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता मोहम्मद सलीम पर्रा के अलावा 10 निर्दलीय भी यहां किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार समाप्त करने के लिए पहाड़ी जनजाति के मतदाताओं पर फोकस किए है, इस सीट अपनी पार्टी के जफर मन्हास का समर्थन कर रही है।

# पूर्वांचल में भाजपा ने चौहान मतदाता साधकर सात सीटों पर किया खेला

विनय जायसवाल, मऊ

- जनवादी पार्टी के साथ आने से भाजपा को कड़े मुकाबले वाली सीटों पर बढ़त के आसार
- सुभासपा और जनवादी पार्टी के साथ सपा के गठबंधन से पिछली बार बिगड़ गया था खेल

अमृत विचार। पूर्वांचल की राजनीति में चुनाव के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जनवादी पार्टी के भाजपा के साथ आने से घोसी, गाजीपुर और आसपास की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ मिलने के आसार हैं। पिछले विधानसभा चुनाव सुभासपा और जनवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के साथ होने से भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। सुभासपा पहले से ही भाजपा के साथ है और अब जनवादी पार्टी प्रमुख संजय सिंह चौहान के जुड़ने से पिछड़ी जाति में आने वाले चौहान (नोनिया) जाति के मतदाताओं को साधने में भाजपा को आसानी हो सकती है।

संजय चौहान को इस जाति का बड़ा नेता माना जाता है। आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, भदोही, चंदौली, जौनपुर, मछलीशहर आदि सीटों पर इस



जनवादी पार्टी नेता संजय सिंह चौहान।

जाति के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। 2019 के चुनाव में जनवादी पार्टी का सपा से गठबंधन था। संजय सिंह चौहान सपा के चुनाव निशान पर चंदौली सीट से मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर उन्हें महेंद्र नाथ पांडेय से 13,959 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तब सुभासपा भी भाजपा के साथ नहीं थी। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल सपा के साथ थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की राजभर मतदाताओं पर अच्छी खासी पैठ है तो संजय सिंह चौहान को नोनिया चौहान जाति का प्रभावशाली नेता माना जाता है।

हालांकि भाजपा पहले फागू चौहान के सहारे नोनिया जाति के मतदाताओं को साधती रही। बाद में दारा सिंह चौहान आए तो उनके भरोसे इस तबके को साधने का प्रयास किया गया लेकिन अच्छा परिणाम न आता देख पार्टी ने संजय सिंह चौहान को साथ ले लिया। संजय सिंह चौहान सपा के सिंबल पर घोसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा ने यहां राजीव राय को मैदान में उतार दिया। इससे वे नाराज हो गए और अब भाजपा के साथ चले गए।

वाक्सायका वदनात्रिष्पतन्ति यैराहत: शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्य: ।।

शब्द रूपी बाण सीधा दिल पर जाकर लगता है जिससे पीड़ित व्यक्ति दिन-रात घुलता रहता है। इसलिए ज्ञानियों को चाहिए कि कटु वचन बोलने से बचें।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र का मजबूत घटक

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही दुनिया में साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय रक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के लिए भी साइबर सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। साइबर सुरक्षा के मामले में भारत की दक्षता ऐसे क्षेत्र में महत्वपूर्ण है जहां साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। विदेशी हैकर्स विभिन्न भारतीय संस्थानों पर साइबर हमले कर डेटा की चोरी कर लेते हैं और काम भी ठप कर देते है। रक्षा सूत्रों के अनुसार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन के हैकर्स द्वारा सैन्य प्रणालियों में सेंध लगाकर जानकारी चुराने और व्यवधान पैदा करने के प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना के लिए भी साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सेना की ओर से कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। भारत ने सूचना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षा नेटवर्क को मजबूत करने, उन्हें साइबर हमलों से बचाने और बहुत संवेदनशील सूचनाओं को गलत हाथों में पड़ने से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। साइबर क्षेत्र में भारत की रक्षा क्षमताओं को विस्तार देने के महत्व को देखते हुए रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा साइबर सुरक्षा अभ्यास शुक्रवार तक आयोजित किया जा रहा है। रक्षा साइबर एजेंसी को साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने का काम सौंपा गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की एक त्रि-सेवा कमान है जो साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है।

यह आयोजन तेजी से उभरते हुए और महत्वपूर्ण साइबर क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। निश्चित रूप से भारतीय सेना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, जैसे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सेल एवं साइबर अपराध जांच इकाइयां, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। हालांकि, ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देश में व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर क्षेत्र में सभी संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

# भारतीय दर्शन और पर्यावरण संरक्षण



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था।

विगत वर्षों में जलवायु परिवर्तन की समस्या जिस तेजी के साथ पूरे विश्व समुदाय के सामने मुंह फैलाएं खड़ी है, यह काफी चिंतनीय है। आज न केवल भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या के हल को निकालने के लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने हेतु दिसंबर-2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन का आयोजन किया था, जबकि भारत में इसके कई हजार वर्ष पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया था कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। इसके लिए प्राचीन काल में ही हमारे यहां वैदिक ग्रंथों में कई मौसम संबंधित देवताओं जैसे-इंद्र वर्षा के देव, वायु के देवता, अरण्य-वन की देवी इत्यादि का उल्लेख किया गया है तथा इनके कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। ऐसा माना जाता था कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातन काल में भी मौजूद था, परंतु उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर कार्य करने वाली संस्थाएं नहीं थीं। भारतीय दर्शन यह मानता है कि इस देह की रचना पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक-पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से हुई है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया है। यहां मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, चंद्र, नदी एवं पशु-पक्षी के सहचर्य के रूप में देखा गया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण आज एक वैश्विक अवधारणा है, हम पर पर्यावरण संरक्षण की विशेष जिम्मेदारी है, न केवल सौंदर्य मूल्य के लिए, बल्कि जीवनयापन के लिए भी। मनुष्य प्रकृति की सबसे बड़ी रचना है। इसलिए यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो यह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बन सकता

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है।

है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगा जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। भारतीय परंपरा में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का बड़ा महत्व है। वट वृक्ष को पूज्य मानकर अटल सुहाग से संबद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। विल्व (वेल) वृक्ष को भगवान शिव से जोड़ा गया है और ढाक, पलाश, दुर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवगृह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया है। कुछ वृक्षों एवं पौधों को इतना पावन माना गया है कि उनकी कल्पना यह है कि विभिन्न देवी एवं देवताओं ने उनमें अपना स्थान बना लिया है।

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नित क्रियाकलापों से जुड़ा था। भारतीय विचारधारा में जीवन का विभाजन भी प्रकृति पर ही आधारित था। चार आश्रम में से तीन तो पूरी तरह से प्रकृति के साथ ही व्यतीत होते थे। उपनिषदों में भी लिखा है-हे अश्वरूप धारी परमात्मः बालू तुम्हारे उदरस्थ अर्धजीर्ण भोजन है, नदियां तुम्हारी नाड़ियां हैं, पर्वत-पहाड़ तुम्हारे हृदय खंड हैं, समग्र वनस्पतियां, वृक्ष एवं औषधियां तुम्हारे राम सदृश्य हैं। ये सभी हमारे लिए शिव बनें। हम नदी, वृक्षादि को तुम्हारे अंग स्वरूप समझकर इनका सम्मान और संरक्षरण करते हैं। हमारे महर्षि जानते थे कि पेड़ में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर वृहदारण्यकोपनिषद, पुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छांदोग्योपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र स्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओत-प्रोत होते हैं और मनुष्यों की भांति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष के रोपण को दस पुत्रों की संतान के समान बताया गया है।

जल स्रोतों का भी भारतीय परंपरा में बड़ा महत्व है। शुद्ध जल के बिना भी जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए इन्हें विभिन्न धर्मों एवं धर्म ग्रंथों में इन्हें सम्मान दिया गया। मनुष्य एवं पशु परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं। वेदों में भी अनेक स्थानों पर यह प्रार्थना की गई है कि पृथ्वी, जल औषधियां हमारे लिए शांतिप्रद हों और यह शांतिप्रद तभी हो सकती हैं जब हम इनका पूरे सम्मान के साथ सभी स्तरों पर व्यापक संरक्षण करें। तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी जिसकी आज के समय में केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणि जगत के लिए महत्वपूर्ण है तथा समस्त प्रकृति और ब्रह्मांड को संतुलित करने के लिए आवश्यक भी।

हजारों वर्षों से नदी, वायु, जल, सूर्य, वन, पशु-पक्षियों की पूजा करते चले आ रहे हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता रहा कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक हैं। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं हैं। पृथ्वी का लगभग एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य शास्त्रों में पेड़-पौधों और वन्य जीवन के साथ-साथ समुदाय के लिए उनके महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। पेड़ों को भारतीय घरों में रहने का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। मानव जीवन के लिए पौधों और पेड़ों के महत्व को वराह पुराण में और अधिक स्पष्ट किया गया है जिसमें स्वर्ग प्राप्त करने के साधन के रूप में नियमित वृक्षारोपण की वकालत की गई है। मत्स्य पुराण और पद्म पुराण में भी महान वृक्षारोपण समारोह-वृक्ष महोत्सव का वर्णन है। भारत एक ऐसा देश है जिसने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहना सिखाया है। ऋग्वैदिक युग से लेकर आज तक के लगभग सभी विचारकों ने प्रकृति के महत्व पर बल दिया। गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, उसके लालच के लिए नहीं। अगर हम अपने पवित्र ग्रंथों में देखें तो हमें वैदिक काल से ही पर्यावरण के बारे में भारतीय संस्कृति की चेतना मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है माता भूमि पुत्रहेन पृथ्वी का अर्थ है कि 'भूमि' या पृथ्वी हमारी माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं। अथर्ववेद में ऋषियों ने पृथ्वी की प्रार्थना करते हुए कहा है कि यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो वह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बनती है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगी जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। ऋग्वेद और उपनिषदों में भी पशुओं के संरक्षण की वकालत की गई है। उपनिषदों में पशुओं के प्रति हिंसा और मानव बलि को प्रतिबंधित किया गया है। मनुष्य की तरह पशु और पेड़ भी ईश्वर की रचना हैं। फिर उन्हें नष्ट करना हिंसा नहीं तो और क्या है? वृक्ष शुद्ध वायु, छाया, वर्षा, फल, फूल और मानसिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा में धार्मिक कार्यों को पर्यावरण से जोड़कर उनका संवर्धन एवं संरक्षण किया गया है। यदि हम सभ्यता में सिंधु सभ्यता की मुहरों को देखें तो पाते हैं कि उन मुहरों पर पशुओं एवं वृक्षों के चित्र अंकित रहते थे।

सम्राटों द्वारा अपने राज चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं चिन्हों का प्रयोग किया जाता था। गुप्त सम्राट बांस को पूज्य मानते थे। मार्गों में पेड़ की छाया पथिक को मिल सके इसके लिए वृक्षारोपण किया गया। चित्रकारी में प्रकृति के अनुपम छटा को हम प्रकृति के प्रेम से ही जुड़ा मानते हैं। कहते हैं कि परम्पराएं मूल्यों से सिंचित होती हैं और मूल्य जितने विशुद्ध रूप में परंपराओं से घुलते हैं, परंपराएं उतनी ही उर्वरता व ताजगी के साथ पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को ऊर्जा व पोषण प्रदान करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर मुड़कर पीछे अपनी पोषणदायिनी परंपराओं व जीवन दृष्टि को आज के साथ जोड़ें, क्योंकि हमारे आज के बीते हुए कल के बीज से ही आने वाले भविष्य का निर्माण होता है। भारतीय दर्शन इन्हीं परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' अर्थात् पूरी पृथ्वी ही हमारा घर है, को लेकर आगे बढ़ रही है।

## प्रसंगवश

# वीर की मुक्ति समर भूमि में होती है



प्रताप सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर

कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को उदयपुर में श्यामलदास की हवेली में हुआ। शिक्षा दयानंद जैन बोर्डिंग स्कूल में हुई। बाल्यावस्था में पिता श्री केसरी सिंह बारहठ ने प्रताप सिंह को सशस्त्र क्रांति की शिक्षा हेतु अर्जुन लाल सेठी को सौंप दिया, जहां से वो मास्टर अमीचंद के साथ रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी दल का हिस्सा बन गए।

प्रताप अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए मुख पर मुस्कान लिए शहीद हो गए। वहीं अंग्रेज अफसर की आंखों में आंसू थे। वह अफसर था चार्ल्स क्लिवलेंड जिनके शब्द थे "मैंने प्रताप जैसा व्यक्ति नहीं देखा। हमने उसे हराने के लिए यातनाओं का अंबार लगा दिया, पर वह सिंह की भांति लड़ा, शहीद हो गया, पर झुका नहीं, हम हार गए और वो जीत गया"। अंग्रेजों ने राजपूताने में क्रांति को ज्यादा हवा न मिले इसलिए प्रताप को वही बैरक में ही दफना दिया। दिल्ली हार्डिंग बम कांड- प्रताप सिंह बारहठ और इनके काकोसा जोरावर सिंह बारहठ ने 1912 मे चांदनी चौक में हार्डिंग पर बम फेंका था जिसमें हार्डिंग घायल हो गया और महावत की मृत्यु हो गई। जोरावर सिंह बारहट तो कभी पकड़े नहीं गए। इनके खिलाफ वारंट निकला, अमरदास बैरागी के नाम से चंबल के आसपास रहकर क्रांति में योगदान देते रहे। प्रताप और ईश्वर दान जी आशिया ( जिजोसा) दोनों को गिरफ्तार किया गया, परंतु सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया।



अजय राज शर्मा
बरेली

एक दिन अंग्रेजों ने कुटिल चाल चली। प्रताप को पिता केसरी सिंह से मिलवाने हजारीबाग जेल ले गए। हजारीबाग जेल में प्रताप को पिता की दयनीय स्थिति बताकर पिता-पुत्र के हृदय को द्रवित करने के लिए एक दूसरे के सामने खड़ा कर दिया जिससे कि सहसा दोनों के आंखों से आंसू निकल जाए। दाता की काल कोठरी के सामने प्रताप खड़े हैं। गवर्नमेंट के ऑफिसर दाता से अनुरोध करते हैं कि ठाकुर साहब प्रताप को समझाइए कि वह सच-सच बात बता दे। दाता अपने वीर पुत्र को कहते हैं कि 'प्रताप जानता है कि तू केसरी सिंह की संतान है, अगर प्राणों के मुंह से अथवा किसी अन्य प्रलोभन से तू विश्वासघात कर बैठा तो याद रखना मैं स्वयं तेरे को गोली मार दूंगा।' लाख जतन के बाग भी प्रताप अपने निर्णय से डिगे नहीं।

अंग्रेज अब हार चुके थे। चार्ल्स क्लीवलैंड ने बरेली जेल में प्रताप से चर्चा की कि तेरी माता बहुत दुखी है। तेरे लिए बहुत रोती है, तू हमें अपने साथियों के नाम और गुप्त जानकारियां दे दे। इतना तो तू अपनी मां के लिए कर ही सकता है। यह अंग्रेज ऑफिसर चार्ज क्लीवलैंड का अंतिम प्रयास था ताकि वह प्रताप को मां माणिक कवर की परिस्थितियों का देखकर उसे तोड़ सके, परंतु प्रताप सिंह बारहठ कहते हैं कि 'यदि मैं सब गुप्त बातें प्रकट कर दूं तो और भी कितने लोगों की माताएं ठीक मेरी माता के समान कष्ट पाएंगी। एक माता के बदले और कितनी माताओं को तब हाहाकार करना पड़ेगा। एक अमर वाक्य प्रताप सिंह बारहठ द्वारा बोला गया कि 'मेरी माता रोती है तो रोने दो, मैं मेरी माता को हंसाने के लिए हजारों माताओं को रुला नहीं सकता'। प्रताप ने सीना चौड़ाकर आगे कि कहा, 'वीर की मुक्ति समरभूमि में होती है। यदि आप सचमुच मुझे मुक्त करना चाहते हैं तो मेरे हाथ में एक तलवार दीजिए। फिर चाहे जितने लोग आ जाए। आप देखेंगे कि मेरी तलवार कैसे काई की तरह अंग्रेजी नौकरशाहों को फाड़ती है'।

प्रताप की इस प्रकार की दृढ़ता देख अंग्रेज अफसर आश्चर्यचकित हो रहे थे कि मात्र 22 वर्ष का बालक और इतना साहसी निर्भीक कैसे हो सकता है! अंग्रेज अफसर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक रूप से निर्बल हो चुके प्रताप ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की सेंट्रल जेल में अंग्रेजों के अमानवीय अत्याचार को सहते हुए, हंसते-हंसते 24 मई 1918 को अपने प्राण त्याग दिए।

# कचरे की समस्या का उपयुक्त समाधान पुनर्चक्रण



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं।

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है।

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी, शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।

असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर कचरे की रीसाइक्लिंग की बात करें तो इस मामले में जर्मनी सबसे बेहतर काम कर रहा है, जो 56 फीसदी कचरे को रीसाइकिल कर देता है। इसके बाद ऑस्ट्रिया 53 फीसदी, दक्षिण कोरिया 53 फीसदी, वेल्स 52 फीसदी और स्विट्जरलैंड 49 फीसदी रीसाइक्लिंग कर देता है। इस मामले में स्वीडन, नार्वे और सिंगापुर भी अच्छा काम कर रहे हैं।

भारत में भी रीसाइक्लिंग धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। देश में कई छोटे-छोटे शहर भी रीसाइक्लिंग के मामले में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अहमदाबाद और त्रिवेंद्रम अपने यहां के कुल कचरे का बड़ा भाग रीसाइकिल कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र को एक स्थाई उद्योग का स्वरूप देने के लिए बेहतर तकनीकी और आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# चाबहार और अमेरिकी प्रतिबंध

फारसी में चाबहार का अर्थ है चार बहार यानी चार वसंत। चाबहार पत्तन पर भारत और ईरान के नए समझौते की बात आते-आते हमारा वसंत बीत चुका था, पर ईरानी पठार पर बहार अपने पूरे शबाब पर थी।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

समझौते की घोषणा को सुन/पढ़कर शायद सबों के मन में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की बात आई होगी। साथ ही यह भी कि इस समझौते के चलते पता नहीं भारत पर अब क्या कहर गिरे। जब हम लोग यह सोचकर सिहर सके तो निश्चित ही विदेश मंत्री जयशंकर और उनके सहकर्मियों ने इसे पहले से देख रखा होगा।


यदि सब कुछ देखते हुए उन लोगों ने इस समझौते को अंजाम दिया तो निश्चित ही उन्हें कुछ और जानकारियां हैं, जो हम लोगों को नहीं हैं। एक रोचक बात यह हुई है कि समझौते की घोषणा के बाद जब एक समाचार एजेंसी ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट से पूछा कि इस समझौते के चलते ईरानी प्रतिबंधों के भारत पर क्या असर पड़ेंगे तो सरकारी प्रवक्ता ने बस यह कहा कि बिना इसका विस्तृत अध्ययन किए हम अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह संभव है कि भारत ने इस पर अमेरिका से अनौपचारिक सहमति ले ली हो? विश्व के भू-राजनैतिक विभाजन में बहुत स्पष्ट रूप से चीन, उत्तरी कोरिया और रूस एक धुरी बनकर उभर रहे हैं।

पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से चीन का उपनिवेश बनने जा रहा है। चाबहार के विकास में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बहुत विलंब हो चुका है। यदि और देर होती रह गई तो चाबहार का विकास चीन के हाथों जा सकता है, जो आज भी मकरान तट पर ही चाबहार से लगभग सौ मील पूरब ग्वादर पत्तन पर पसरा हुआ है।

भारत-अमेरिका के संबंधों में आई गर्मी बस चीन के चलते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शायद अमेरिका ईरान पर अपने प्रतिबंधों में इस मामले में कुछ ढिलाई दे।

-फेसबुक वॉल से

# त्वया हिंदु भूमे भी और मुस्लिम प्रेम भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया।

समय-समय पर भाजपाई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते रहे हैं और अब मुस्लिम प्रेम भी जागृत है। मेरे मित्र एक वरिष्ठ वकील एक किस्सा सुनाते थे। एक गवाह को एक नाटे आदमी को अदालत में बयान देते समय लंबा सिद्ध करना था तो वकील साहब ने बस्ते पर उसे सिखाया कि तुम बयान में कहना-'हुजूर! यों तो वे कद में कुछ छोटे थे, किंतु वह जलाल था उनके चेहरे पर कि हजारों लोगों के बीच वे लंबे नजर आते थे'। गवाह ने वैसा ही किया।

आजकल भाजपा नेताओं का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना में ही शब्द आए हैं 'त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी संस्था के प्रचारक रहे हैं और शाखा में यह प्रार्थना करते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलविहारी बाजपेयी तो कवि थे। उन्होंने एक कविता लिखी थी, जो प्रसिद्ध है, 'हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा परिचय।'

वीर सावरकर ने तो 1943 में ही 'हिंदू ध्वज को अति उच्च उठाने और हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है' जैसे शब्द अपने भाषण में कहे थे। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संप्रति चल रहे चुनावों के ठीक पहले जनवरी में संविधानिक पद पर रहकर अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और यजमान बने।

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया। 'अयोध्या तो सिर्फ झांकी है। अभी मथुरा, काशी बाकी है' के नारों की गड़गड़ाहट व्योम मंडल में गुंजरित हुई। यह सब हिंदुत्व एजेंडा ही है। बहुत समय नहीं हुआ जब कहा जाता था, 'तीन नहीं तो तीन हजार। नहीं रहेगी एक मजार'। खैर! अब चुनाव हैं तो भाजपा ने यह आस लगाई कि कुछ जुमले फेंके जाएं तो शायद धुप्पल में कुछ मुस्लिम वोट भी मिल जाए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'सबका डीएनए एक' होने की बात कही। पसमांदा मुस्लिम कार्ड खेला गया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में कहा कि बचपन में ईद में उनके पड़ोसी मुसलमानों के घर से खाना आता था। उनके अपने घर में खाना नहीं बनता था। अभी मोदी जी ने ताजा उद्घोष भुवनेश्वर में किया है कि 'भाजपा कभी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही' तथा 'हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं' इत्यादि, लेकिन ऊपर तथ्य लिखे हैं वे तो दिन के उजाले की तरह सु-स्पष्ट हैं।

# लोकसभा चुनाव में विचित्र सन्नाटा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं।

लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा। सन् 1952 मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर-नारी टोल के टोल बनाकर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थीं, वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था, किंतु वहां से मैंने जवाहर लाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामक मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी। पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट। हिम्मत से सबको हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट। पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह "जय जनता की," अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, "जय जनता की।" अन्ना के आंदोलन में तो जनता उठकर खड़ी हो गई थी, इतनी चर्चा, इतनी चर्चा कि कुछ पूछो मत। हालांकि जनता एक बार फिर अपने को ठगा महसूस कर रही थी।

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है, किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा, लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया पर जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुलकर कुछ भी नहीं कहते। जनतंत्र का आधार है जनता का विमर्श और इस बार वह विमर्श गायब है, एक विचित्र सन्नाटा है।

## रास्ता भटका हेलीकॉप्टर दूसरी सभा में पहुंचे योगी

**मोतिहारी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव प्रचार के लिए बिहार आने के दौरान उनका हेलीकॉप्टर रास्ता भटककर दूसरी जगह कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने बिहार के दो निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने राज्य के अपने दौरे का समापन पूर्वी चंपारण में एक रैली के साथ किया जिसमें शाम छह बजे प्रचार समाप्त होने में कुछ ही मिनट बाकी थे। योगी ने कहा, आज छठे चरण का प्रचार का अंतिम दिन है। आज सवेरे (ओडिशा में) पुरी गया और वहां से फिर एक और लोकसभा क्षेत्र में जाने के बाद मैं यहां आ रहा था कि हेलीकॉप्टर रास्ता भटककर दूसरे क्षेत्र में चला गया। बिहार में भाजपा द्वारा जारी यात्रा कार्यक्रम के अनुसार योगी को पहले पूर्वी चंपारण आना था और पश्चिम चंपारण में एक रैली के साथ अपना दौरा समाप्त करना था। हालांकि योगी पहले पश्चिम चंपारण पहुंच गए। इस वजह से पूर्वी चंपारण की रैली में डेढ़ घंटे से अधिक की देरी हुई।

- **डेढ़ घंटे की देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंच सके योगी**

# छठा चरण : 58 सीट पर चुनाव प्रचार खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीट सहित छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीट पर बृहस्पतिवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। राष्ट्रीय राजधानी के अलावा उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर शनिवार को मतदान होगा। अब तक 25 राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों और 543 में से 428 सीट पर मतदान पूरा हो चुका है। अंतिम चरण के तहत मतदान एक जून को होना है और मतगणना चार जून को होगी।

छठे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में संबलपुर (ओडिशा) से धर्मेंद्र प्रधान (भाजपा), उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी (भाजपा) व कन्हैया कुमार (कांग्रेस), सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से मेनका गांधी (भाजपा), अनंतनाग-राजौरी (जम्मू और कश्मीर) से महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), तमलुक (पश्चिम बंगाल) से अभिजीत गंगोपाध्याय (भाजपा), करनाल से मनोहर लाल खट्टर, कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल और गुरुग्राम सीट से राव इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब और हरियाणा में एक-एक रैली की। मोदी ने दोहराया कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों और आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक दिन पहले पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिए गए ओबीसी दर्जे को अवैध करार दिया, जिसका संदर्भ देते हुए मोदी ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन का तुष्टिकरण का जुनून हर सीमा को पार कर गया है। मोदी ने बुधवार को यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था, आज ही, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इंडी गठबंधन को बड़ा तमाचा जड़ा है। अदालत ने 2010 से जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद कर दिए हैं। क्यों? क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने महज वोट बैंक की खातिर मुसलमानों को अवांछित ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रचार अभियान में मोदी ने दो रैलियों को संबोधित किया।


- **अब तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हो चुका मतदान**

### शाह, राजनाथ, गडकरी और स्मृति ने संभाली कमान

मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल ने भी पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार का जिम्मा संभाला। केंद्रीय मंत्रियों के अलावा योगी आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड) और प्रमोद सावंत (गोवा) सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी प्रचार अभियान में हिस्सा लिया। वहीं कांग्रेस के चुनाव अभियान का नेतृत्व पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सचिन पायलट ने किया।

## 6 जून को शहजादे विदेश चले जाएंगे : शाह

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कहा कि छह जून को दोनों शहजादे विदेश चले जाएंगे और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। पांच चरण के चुनाव में 310 सीटें भाजपा को मिल चुकी हैं, 4 जून को 400 पर करेंगे।



उन्होंने कहा कि राहुल बाबा 40 के पार तथा अखिलेश यादव को चार सीटें ही मिलेगी, पांचवी नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि 25 तारीख को वह चुनाव है जो देश का प्रधानमंत्री तय करेगा। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी तरफ राहुल बाबा और अखिलेश। मोदी जी 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे उनके ऊपर कोई दाग नहीं लगा। एक तरफ चाय वाला है तो दूसरी तरफ राहुल और अखिलेश।

## शहजादे शह भी देंगे मात भी : अखिलेश

**प्रतापगढ़।** सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को जीआईसी ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे समाजवादी और कांग्रेस एक हुए हैं तब से डबल इंजन टकरा रहे हैं। ये जीरो होने जा रहे हैं।



ये दिल्ली वाले कहते हैं शहजादे- शहजादे, ये शहजादे शह भी देंगे और मात भी देंगे। इन्होंने आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन किसी की भी आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई बढ़ती जा रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा ने जनता को धोखा दिया है, जबरदस्ती कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। अब इस वैक्सीन से जान को खतरा पैदा हो गया। इन्होंने वैक्सीन कंपनियों से चंदा वसूला।

## एक नजर

### चेन्नई हवाई अड्डे पर एटीसी भवन में लगी आग

**चेन्नई।** चेन्नई हवाईअड्डे पर वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) भवन की तीसरी मंजिल पर बृहस्पतिवार तड़के आग लग गई, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारियों ने बताया कि आशंका है की आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग उस स्थान पर लगी थी, जहां पुरानी वस्तुएं रखी जाती थीं। उन्होंने बताया कि अशोक नगर और गिंडी से दमकल गाड़ियां भेजी गईं और अग्निशमन कर्मियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ और हवाईअड्डे का परिचालन प्रभावित नहीं हुआ।

### झारखंड में कुआं खोदने के दौरान चार श्रमिक दबे

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले में बृहस्पतिवार को एक कुआं खोदने के दौरान कम से कम चार श्रमिक मिट्टी में दब गये। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के सेन्हा पुलिस थाना क्षेत्र के चितरी अंबाटोली गांव में सुबह करीब 11 बजे हुई, जब मजदूर एक कुआं खोद रहे थे। यह स्थान राजधानी रांची से 80 किमलोमीटर दूर है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। सेन्हा के एसएचओ वेदांत शंकर ने बताया, ग्रामीणों के अनुसार, मिट्टी का एक हिस्सा ढहने से चार मजदूर उसमें दब गए। बचाव अभियान के लिए छह उत्खननकर्ता और अन्य उपकरण तैनात किए गए हैं।

### फॉक्सकॉन, डिक्सन के कारखानों में स्मार्टफोन बनाएगी गूगल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल तमिलनाडु में पहली बार अपने अल्ट्रा-प्रीमियम पिक्सेल स्मार्टफोन का विनिर्माण करने के लिए फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करेगी। सूत्रों के मुताबिक फॉक्सकॉन के साथ गूगल की साझेदारी डिक्सन के कारखाने में पिक्सेल स्मार्टफोन बनाने की उसकी योजना के अलावा है।

स्टालिन ने कहा, गूगल पिक्सेल मोबाइल फोन का विनिर्माण करने के लिए तमिलनाडु में फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी करेगी। साथ ही कंपनी ने कारखाना स्थापित करने की पेशकश की है।

# प्रधानमंत्री के साथ ही यह देश के भविष्य का भी चुनाव : मोदी

### प्रधानमंत्री ने हरियाणा में की चुनावी रैली, विपक्ष को सांप्रदायिक-जातिवादी बताया

महेंद्रगढ़ (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का है, लेकिन आप केवल प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे बल्कि देश के भविष्य का भी चुनाव करेंगे। दावा किया कि इंडिया गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है।



महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट की गई गदा। ● एजेंसी

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों-आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है। लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पहले ही बहाना बनाना शुरू कर दिया है कि हार के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए।

- **विपक्ष पर तंज, गाय के दूध देने से पहले घी को कर रहे झगड़ा**

### हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे, यह मोदी की गारंटी

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा। नब्बे के दशक के मध्य में राज्य में भाजपा के लिए काम करने के अपने दिनों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है, मेरे आपके साथ गहरे संबंध हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है कि हम हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने कांग्रेस के पापों को धोने के लिए कड़ी मेहनत की है।



गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा को लेकर देश भर में कई आयोजन किये गए। अनुयायियों ने बुद्ध के विचारों पर चिंतन किया। हैदराबाद में बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आकाश लालटेन छोड़ी। ● एजेंसी

## दिल्ली विवि में लिखे चुनाव बहिष्कार के नारे

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की दीवार पर चुनाव का बहिष्कार करो, नक्सलवाद जिंदाबाद, मार्क्सवाद जिंदाबाद जैसे नारे लिखे जाने के मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। अभाविप ने इस संबंध में आपत्ति जताते हुए मौरिस नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है और संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आरोपी को बचाने एम्स की चौथी मंजिल पर चढ़ा पुलिस वाहन

देहरादून, एजेंसी

एम्स-ऋषिकेश में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ के आरोपी नर्सिंग अधिकारी को भीड़ से बचाने के लिए पुलिस की कार के अस्पताल के वेटिंग एरिया से गुजरने के दौरान सुरक्षा गार्ड स्ट्रेचर रास्ते से हटाने के लिए भागते दिखे और मरीज घबराहट में बिस्तरों पर उठकर बैठ गए। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 20 मई को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर गुरुवार को सामने आया।

घटना के संबंध में देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने बताया, महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ की घटना के बाद रेजीडेंट डॉक्टरों ने आक्रोशित होकर प्रदर्शन किया। ऐसे में आरोपी को सुरक्षित रूप से बाहर लाना और उसे थाने तक ले जाना जरूरी था। उन्होंने बताया कि आरोपी की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस वाहन रैंप का इस्तेमाल करके अस्पताल की चौथी मंजिल तक गया। उन्होंने बताया कि ऐसा एम्स प्रबंधन की अनुमति लेकर किया गया। छेड़छाड़ की घटना के तूल पकड़ने के बाद आरोपी नर्सिंग अधिकारी सतीश कुमार अस्पताल के मनोरोग वार्ड में भर्ती हो गया था जहां से पुलिस ने उसे पकड़ा।

- **चिकित्सक से छेड़छाड़ को लेकर आक्रोषित थी भीड़**



## चलती बाइक पर रोमांस करने वाला जोड़ा गिरफ्तार

**कोटा (राजस्थान)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती मोटरसाइकिल पर रोमांस कर रहे एक युवक व युवती को सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल होने के एक दिन बाद बृहस्तपतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युगल पर धारा 294 (सार्वजनिक रूप से अश्लील कृत्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। कोटा शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने कहा कि वीडियो को गंभीरता से लेते हुए युगल का पता लगाने के लिए सर्कल ऑफिसर राजेश सोनीवास की देखरेख में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर युवक का पता लगा लिया। उन्होंने बताया कि युवक की पहचान जिले के कैथून कस्बे के निवासी मोहम्मद वसीम (25) के रूप में हुई।

## रनियां में दो गुटों के बीच बवाल पथराव-फायरिंग में चार घायल

संवाददाता, रनियां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार:** रनियां के आर्यनगर प्रथम और फत्तेपुर रोशनाई गांव के कुछ युवकों के बीच बुधवार को मामूली मारपीट के बाद गुरुवार को बवाल हो गया। दो गुटों के बीच मारपीट, पथराव और फायरिंग के साथ बमबामी हुई, जिसमें चार लोगों के घायल होने की सूचना है। बवाल की सूचना पर थाने के फोर्स के साथ पहुंचीं सीओ को उपद्रवियों ने दौड़ा लिया। बाद में चार थानों के फोर्स के पहुंचने पर हालात काबू में हुए।

बुधवार को आर्यनगर में गोलगप्पे (पानी के बतासे) के ठेले वाले से फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों का मामूली बात पर विवाद हो गया था, लेकिन थोड़ी बाद मामला शांत हो गया था। एक पक्ष ने तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ नामजद, दस अज्ञात पर मारपीट का मामला दर्ज कराया था। मारपीट का केस दर्ज होने पर गुरुवार की शाम करीब चार बजे फिर राजेंद्रा चौराहे पर आर्यनगर और फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के साथ ही फायरिंग और बमबाजी शुरू हो गई। महिलाओं ने छतों से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद उपद्रवियों ने रास्ते से गुजरने वाले लोगों पर भी हमला बोल दिया और सड़क किनारे दुकानों में तोड़फोड़ कर दी। एक पत्रकार के ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय रनियां थाने की पुलिस के साथ पहुंची तो महिलाओं ने ईंट-पत्थर चलाते हुए दौड़ा लिया था। बाद में सीओ तनु उपाध्याय चार थानों के फोर्स के साथ पहुंचीं और किसी तरह हालात काबू में किया।



बचाव में गोली चलाने की धमकी के साथ बंदूक ताने खड़ा दुकानदार।

- **थाने के फोर्स के साथ पहुंचीं सीओ को उपद्रवियों ने दौड़ाया**

## पुणे की घटना के बाद कानपुर में ऐसे ही हादसों की होगी जांच

कानपुर, एजेंसी

पुणे में एक नाबालिग लड़के के पोर्श कार से दो लोगों को कुचलने की घटना पर रोष के बीच, यहां पुलिस अपने ही अधिकारियों के आचरण की जांच कर रही है जिन्होंने 15 वर्षीय किशोर को कथित तौर पर ऐसे ही मामले में छोड़ दिया था। पिछले साल अक्टूबर में किशोर से जुड़े 'हिट-एंड-रन' मामले में दो लोगों की मौत हो गई थी। एक अन्य सड़क हादसे में मार्च में वही किशोर कथित तौर पर एक अन्य दुर्घटना में शामिल था जिसमें चार लोग घायल हो गए थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुणे की घटना के दो दिन बाद किशोर को 21 मई को पकड़ा गया और बृहस्पतिवार को विभागीय जांच के आदेश दिए गए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में हुई पहली घटना में, किशोर ने यहां के बर्रा इलाके में अपनी तेज रफ्तार कार से दो लोगों को कथित तौर पर कुचल दिया था। उन्होंने कहा कि इस साल मार्च में किशोर इसी तरह की घटना में शामिल था जब समय से कार्रवाई नहीं की गई थी। मार्च में यहां के नवाबगंज इलाके में चार लोग घायल हो गए थे, जब किशोर कथित तौर पर अपनी कार लापरवाही से चला रहा था। जब यह पता चला कि किशोर पहले भी इसी तरह की घटना में शामिल था, तो शीर्ष अधिकारी हरकत में आए जिसके बाद आखिरकार 21 मई को उसे पकड़ लिया गया और बाल सुधार गृह भेज दिया गया। अपर पुलिस आयुक्त (कानून- व्यवस्था) हरीश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया कि किशोर के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर जांच शुरू की गई है।

- **पिछले साल हिट एंड रन मामले में दो लोगों की हो गई थी मौत**

# वह कभी अपने विक्टोरिया क्रॉस पर बात नहीं करते थे

नई दिल्ली, एजेंसी

महान सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत अपने सैन्य साथियों के लिए विक्टोरिया क्रॉस विजेता थे और अपने शानदार करियर के दौरान जिन सैनिकों की उन्होंने कमान संभाली थी उनके लिए वह अपना साहिब थे, लेकिन अशाली वर्मा के लिए वह एक स्नेही पिता से भी अधिक थे जो मौज-मस्ती करना पसंद करते थे। आज लेफ्टिनेंट जनरल भगत की 49वीं पुण्य तिथि है, जो द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान एक साहसिक कार्रवाई के लिए प्रतिष्ठित विक्टोरिया क्रॉस जीतने वाले पहले भारतीय अधिकारी थे।

अशाली वर्मा ने कहा कि वह एक अधिकारी, एक सज्जन व्यक्ति और कार्य को अंजाम देने में जी-जान लगा देने वाले व्यक्ति थे, लेकिन उन्होंने कभी भी घर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों के बारे में घमंड नहीं किया। वर्मा ने कहा, उनके निधन के समय मैं सिर्फ 22 साल की थी, इसलिए वह मेरे पिता अधिक थे। मैं उनके सैन्य जीवन के बारे में बहुत कम जानती हूं। वास्तव में, वह कभी भी 'विक्टोरिया क्रॉस' के बारे में बात नहीं करते थे। उन्होंने मुझे कभी नहीं बताया कि उन्हें यह कैसे मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें यह नहीं मिलना चाहिए था और जो लोग मारे गए उन्हें यह मिलना चाहिए था। उन्हें इसके बारे में बात करना पसंद नहीं था, वह नहीं मानते थे कि वह इसके लायक थे। उन्होंने कहा, अभिलेखों से हमें पता चला कि उन्होंने 'विक्टोरिया क्रॉस' कैसे जीता और उन दिनों इस बारे में लिखा भी गया था। भगत का जन्म अक्टूबर 1918 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ था। 1941 में जब वह सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट थे तब भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो ने उन्हें विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया था। 23 मई, 1975 को इस बहादुर अधिकारी का निधन हो गया। दिल्ली स्थित रक्षा विचार मंच यूनाइटेड सर्विस इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडिया के अनुसार यूरोप में युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद सितंबर में उन्हें पुणे में 21 फील्ड कंपनी ऑफ इंजीनियर्स में तैनात किया गया था।



अपने पिता लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत की तस्वीरों के पास खड़ी अशाली वर्मा।

- **लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत की 49वीं पुण्य तिथि पर उनकी बेटी अशाली वर्मा ने यादें कीं ताजा**

### बॉम्बे सैपर्स ने शुरू किया वार्षिक स्मारक व्याख्यान

बॉम्बे सैपर्स ने 2022 में यूएसआई में लेफ्टिनेंट जनरल पीएस भगत, वार्षिक स्मारक व्याख्यान की शुरुआत की। हाल ही में दूसरा व्याख्यान दिल्ली में एक कार्यक्रम में हुआ जिसमें सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, कई पूर्व सेना प्रमुखों, दिवंगत जनरल की बेटी और अन्य लोगों ने भाग लिया। मानेकशॉ सेंटर की लॉबी में भगत और उनके असैन्य और सैन्य जीवन की अभिलेखीय छवियों वाले दो विशाल पोस्टर भी लगाए गए। इसके एक हिस्से में 10 जून, 1941 को युद्ध कार्यालय से पुनः प्रस्तुत किया गया एक लंबा नोट था, जिसमें उनके वीरतापूर्ण कार्य का वर्णन किया गया था। सेना प्रमुख ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा, जनरल भगत ने दुश्मन की गोलाबारी के बीच बारूदी सुरंगों को साफ किया, बारूदी विस्फोटों से उनके कान का पर्दा फट गया, फिर भी 96 घंटों तक अपने काम को अंजाम दिया। वह इसी से विक्टोरिया क्रॉस पुरस्कार विजेता बने थे।

## शादी के दूसरे दिन ही दुल्हन गायब, केस

सारंगढ़-बिलाईगढ़, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ क्षेत्र के अमझर में एक दुल्हन शादी के दूसरे ही दिन फरार हो गयी। बताया जा रहा है कि लड़का ने लड़की के रिश्तेदारों को 2 लाख रुपए देकर शादी की, मगर सुहागरात के दौरान ही दुल्हन उसे चकमा देकर फरार हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

युवक की 21 मई को मंदिर में शादी हुई थी और उसी रात जब परिजन सोए हुए थे तो दुल्हन मौका देखकर वहां से फरार हो गई। कुछ घंटे बाद जब दूल्हा जागा तो सच्चाई जानकर उसके होश उड़ गए। मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने कोतवाली थाना में की है। यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अमझर भद्रीडिपा का है। पीड़ित युवक केशव का संपर्क मोबाइल के माध्यम से ओडिशा के पटनागढ़ जलगलपारा निवासी अज्ञात व्यक्ति से हुआ। उन्होंने अपने परिचित लड़की पूजा पटेल का फोटो भेज शादी का प्रस्ताव रखा।

युवक को लड़की पसंद आने पर युवती के परिजनों ने मंदिर में विवाह की बात कही और खर्च में दो लाख रुपए नगद ले लिए। 21 मई को युवक-युवती का सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुंडा स्थित दुर्गा मंदिर में शादी हुई। इसके बाद युवक दुल्हन को अपने घर ले आया। दुल्हन के फरार होने के बाद केशव ने अपने परिजनों को बताया और फिर बिचौलिया से संपर्क किया तो बिचौलिए का मोबाइल फोन बंद बताया।

- **21 मई को हुई थी युवक की शादी, सुबह जागने पर घटना का चला पता**

# लिंग देखने को पत्नी का फाड़ा पेट, अब जेल में कटेगी जिंदगी

## कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अनीता पहले 5 बेटियों को जन्म दे चुकी थी, इससे नाराज रहता था पति पन्ना लाल

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने अपनी अपनी पत्नी की सहमति के बिना हसिया से उसका पेट फाड़कर गर्भपात किया। साथ ही जान से मारने की कोशिश की।

विशेष न्यायाधीश (त्वरित), महिलाओं के विरुद्ध अपराध के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने चार साल पुराने इस मामले में आरोपी पति को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। वह पूरी जिंदगी जेल में काटेगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव घोंचा निवासी गोलू ने 19 सितंबर 2020 को सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन अनीता की शादी 22 साल पहले शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी पन्ना लाल पुत्र नंद लाल के साथ हुई थी। अनीता ने पांच बेटियों को जन्म दिया था। जिसकी वजह से पन्ना लाल हमेशा नाराज रहता था। बार-बार अनीता को परेशान करता था और धमकाता था। अनीता ने अपने मायका पक्ष को इस बात की जानकारी दी थी। उन्होंने पन्ना लाल कोई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। कहा अगर अनीता लड़कियां पैदा करेगी तो उसे नहीं रखेगा और दूसरी शादी कर लेगा। अनीता आठ महीने की गर्भवती थी। 22 सितंबर दोपहर लगभग चार बजे पन्ना लाल ने अनीता से कहा कि वह लड़की ही पैदा करती है। उसका पेट फाड़कर देखें कि लड़का है या लड़की। उसने हसिया उठाया और अनीता की ओर बढ़ा। अनिता ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने जान से मारने की नीयत से अनीता का हसिया से पेट फाड़ दिया। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली रेफर किया गया। न्यायाधीश ने गुरुवार को पन्ना लाल को सजा सुनाई।

## हिस्ट्रीशीटर ने बैरक को बना दिया मयखाना, पत्र वायरल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जेल के अंदर बैरकों में बिरयानी और शराब पार्टी करने से जुड़ा एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिलाधिकारी, डीजी जेल, मुख्यमंत्री, डीआईजी जेल और पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र में जेल में बंद एक हिस्ट्रीशीटर पर पार्टी करने का आरोप लगाने के साथ ही जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

पत्र वायरल होने के बाद फजीहत से बचने को जेल प्रशासन ने एक सिपाही की ड्यूटी जेल के अंदर से हटाकर बाहर सुरक्षा व्यवस्था में लगाकर किनारा कर लिया है। पत्र में लिखा है 19 मई की रात नौ बजे जेल की तीन अलग-अलग बैरकों में शराब पी गई, बिरयानी, मीट और अंडे की पार्टी कर जश्न मनाया। स्टाफ को मिठाई के रूप में पैसे दिए गए।

# शाहजहांपुर में पिज्जा हब के बाथरूम में मृत मिली नर्स

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गले पर मिले चोट के निशान हत्या की आशंका

**अमृत विचार :** पिज्जा हब के बाथरूम में नर्स का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। उसके गले पर चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। नर्स के साथ आया युवक खाना लाने के बहाने लापता हो गया। नर्स और युवक पीलीभीत के थे।

चौक कोतवाली क्षेत्र में चारखंभा पर पिज्जा हब है। यहां ठहरने के लिए कमरे बने हैं। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे के करीब 25 वर्षीया युवती एक युवक के साथ पहुंची। कमरा बुक कराने के बाद दोनों कमरे में चले गए। दो घंटे बाद पिज्जा हब का मालिक अभिषेक कश्यप कमरे में गया तो दोनों नहीं दिखे। बाथरूम में जाकर देखा तो युवती का शव पड़ा था। जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर पहुंच गए। पुलिस ने युवती का मोबाइल आदि बरामद किया। कुछ ही देर में एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडे भी पहुंचे। हब मालिक ने अधिकारियों को बताया कि युवती के साथ आया युवक खाना लाने की बात कहकर गया और वापस नहीं आया।

जांच में पता चला कि युवती पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर की मेनसी सिंह (25) है। वह यहां एक निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स थी। उसके मामा सेहरामऊ दक्षिणी के कनेंग में रहते हैं और वह मामा के घर से ही ड्यूटी करने आती थी। रजिस्टर में युवक का नाम शिवम शुक्ला निवासी पूरनपुर जिला पीलीभीत लिखा था। सीओ सिटी ने बताया कि नर्स के गले पर चोट के निशान मिले हैं। गला दबाकर हत्या की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सार-संक्षेप

### यात्री की तबीयत बिगड़ने पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, अमृत विचार :** जलपाईगुड़ी से अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे विमान सवार एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से गुरुवार को विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बाद में यात्री को कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक है। पुलिस के मुताबिक पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी निवासी टिपन डे (42) अपने भाई रिपन डे के साथ गुरुवार को जलपाईगुड़ी से इंडिगो एयरलाइंस विमान के जरिए अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे थे। तभी रास्ते में टिपन डे की अचानक हालत बिगड़ गई। विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर पूर्वान्ह करीब 11:30 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद एंबुलेंस के जरिए कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। लेकिन कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान टिपन डे की मौत हो गई।

### बाइक भिड़ीं, पिता और दो पुत्रों सहित 4 लोगों की मौत

**एटा, अमृत विचार :** आमने-सामने बाइकों की टक्कर से पिता, दो बेटों और एक युवक की मौत हो गई। एक युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आगरा रेफर किया गया है। थाना रिजोर के गांव गुमानपुर के महावीर (30) पुत्र रामनिवास, पत्नी नीरज और दो बेटों यश (7), पीयूष (6) के साथ बाइक से फिरोजाबाद के जसराना स्थित ससुराल गांव नगला रंजीत गए थे। ससुराल से गुरुवार शाम को घर लौट रहे थे। गांव बाकलपुर के पास सामने से आई बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में महावीर, दोनों बेटों की मौत हो गई जबकि पत्नी नीरज घायल हो गईं। वहीं दूसरी बाइक पर सवार ललित (26) पुत्र सत्यवीर निवासी अकबरपुर हवेली जलेसर की मौत हो गई। ललित का दोस्त राजा पुत्र इरफान निवासी फफोतू रिजोर घायल हो गया। दोनों घायलों को पुलिस ने आगरा मेडिकल कॉलेज में भेजा है।

### बस ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर करुआ पुल के पास रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में परिजनों के साथ गंगास्नान कर लौट रहे एक बच्चे और ऑटो चालक की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कछला गंगा घाट पर स्नान करने के बाद घर लौटने के लिए कई श्रद्धालु जिला संभल की कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के गांव लक्ष्मणगंज निवासी और वर्तमान में सदर कोतवाली क्षेत्र के लालपुल के पास रह रहे मोनू अली उर्फ मोनिश के ऑटो में बैठ गए। मोनू ऑटो लेकर बदायूं की ओर आ रहा था। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे करुआ पुल के पास सामने से आई बदायूं डिपो की बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो हवा में उछलता हुआ खंती में जा गिरा। ऑटो चालक मोनिश (28) और गांव संजरपुर निवासी अमित कुमार सिंह के पांच साल के पुत्र बसंत (5) की मौके पर मौत हो गई। जबकि बसंत के दादा महेश सिंह, बरामालदेव निवासी राजेंद्र व उनकी पत्नी मीना देवी, बेटी आरती, अंजली, भारती, बेटा सत्यम, शिवम घायल हो गए।

### शाहनवाज हत्याकांड के दोषी सुमित को उम्रकैद

**बिजनौर, अमृत विचार :** साढ़े चार वर्ष पहले बिजनौर के सीजेएम कोर्ट में दिल्ली पुलिस की हिरासत में अपने साथी जब्बार के साथ आए शाहनवाज की गोली मारकर हत्या के मामले में शामली निवासी सुमित को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। सजा सुनते ही दोषी कोर्ट में फूट-फूटकर रोने लगा। 17 दिसंबर 2019 की दोपहर दो बजे दिल्ली पुलिस नजीबाबाद निवासी शाहनवाज और जब्बार को कोर्ट में पेश करने के लिए बिजनौर लाई थी। सीजेएम कोर्ट में दोपहर को अहसान व शादाब हत्याकांड में दोनों को पेश किया गया तभ्जी सुमित, साहिल और अकराज ने कोर्ट में ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी थीं। जब्बार कोर्ट से भाग गया था जबकि शाहनवाज के शरीर में 11 गोलियां लगी थीं और मौके पर ही मौत हो गई थी।

### पूर्णिमा पर राम मंदिर में उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा पर को गुरुवार को लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में तो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु दर्शन को कतारबद्ध दिखे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की तस्वीर भी जारी की। मुख्य पुजारी अचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि पूर्णिमा पर सुबह रामलला का श्रृंगार के बाद भव्य आरती की गई। उन्हें रबड़ी का भोग लगाया गया। दोपहर में खीर पूड़ी और मीठे का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

# सीमेंट की दुकान में चोरी करने घुसा युवक पकड़ा

संवाददाता, दियोरियाकलां

- बरेली के रोहली टोला का रहने वाला है आरोपी

**अमृत विचार:** चोरी करने की नियत से सीमेंट की दुकान में घुसे युवक को व्यापारी ने पकड़ लिया। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी बरेली के मोहल्ला रोहली टोला का रहने वाला है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदहाई निवासी अशोक मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी मधवापुर पेट्रोल पंप के पास सरिया सीमेंट की दुकान है। गुरुवार को उनकी दुकान पर एक व्यक्ति मौरंग लेने के बहाने आया। उस समय अशोक खाना खाने अपने घर जा रहे थे। इस पर अपने ड्राइवर सूरज पाल से दुकान देखने को कह गए। कुछ देर बाद ड्राइवर गोदाम की तरफ जा रहा था। तभी उसने देखा तो ग्राहक बनकर आया युवक गल्ले से रुपये निकाल रहा था। जिसे उसने रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी बरेली जनपद के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला रोहली टोला निवासी आसिम को पुलिस के सुपुर्द के सुपुर्द कर दिया। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 59.43 लाख का सोना

**लखनऊ, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम टीम ने एक तस्कर के पास एक किलो सोना बरामद किया। वह सोने का पेस्ट बनाकर मलाशय में छिपा कर शारजाह से लाया था। कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर तस्कर को हिरासत ले लिया है। शारजहा से लखनऊ पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) से आए एक यात्री को संदेह के आधार पर कस्टम अधिकारियों ने रोककर पूछताछ की। पूछताछ में तस्कर ने सोना होने की बात कबूल कर ली। तस्कर के शरीर के प्राइवेट पार्ट से 803 ग्राम सोना बरामद किया गया।

# फजीहत के बाद तीसरे दिन दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, लखीमपुर खीरी



सदर कोतवाली में गिरफ्तार दोनों आरोपी।

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला शांतिनगर में रेलवे लाइन किनारे 20 मई को मिले छात्रा के शव के मामले में कोतवाली पुलिस को मुंह की खानी पड़ गई है। पुलिस को तीसरे दिन न सिर्फ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी, बल्कि चौथे दिन आरोपी दो युवकों का चालान भी भेज दिया। हालांकि अभी तीसरे युवक की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं दर्शाई है, जबकि परिजनों का आरोप है कि तीसरा नाबालिग भी पुलिस गिरफ्त में है पर पुलिस उसे बचा रही है।

शहर निवासी 15 वर्षीय किशोरी शहर के एक कान्वेंट स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी। उसका शव 20 मई को शांतीनगर के पास रेलवे लाइन करे निकट तालाब के किनारे पड़ा मिला था। हालांकि, पहले दिन पुलिस घटना को महज हादसा मान रही थी। इससे गुस्साए परिजनों ने पुलिस पर बार-बार तहरीर बदलवाने और हत्या को हादसा बनाने की मंशा रखने का आरोप लगाया था। परिजनों के आरोप के बाद पुलिस हरकत में आई तो उसके हत्थे वह सीसीटीवी फुटेज आ गए, जिसमें तीन युवकों के साथ छात्रा जाती दिखाई दे रही थी। परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज में उन लड़कों को पहचान लिया। गुस्साए परिजनों ने दो आरोपी युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंपा था। बाद में पुलिस ने उन दोनों की निशानदेही पर नाबालिग आरोपी को भी दबोच लिया। छात्रा के पिता ने पुलिस पर बार-बार तहरीर बदलवाने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर एक नाबालिग व दो युवकों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही पॉक्सो एक्ट भी लगाया और चौथे दिन गुरुवार को दो आरोपियों का चालान भेज दिया।

# बेकाबू कार ने सगे भाईयों को रौंदा, मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

**मृतक पांच भाई थे, दो की एक साथ मौत से मातम**

समीर व अमीर पांच भाई थे। एक साथ दो सगे भाईयों की मौत से परिवार समेत गांव में मातम पसर गया है। घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग परिवार वालों को ढाढस बंधा रहे हैं। वही कोतवाली नगर पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

**अमृत विचार:** लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गुमटी के पास गुरुवार को बेकाबू कार ने स्कूटी सवार सगे भाइयों को रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई ने लखनऊ हास्पिटल गेट पर दम तोड़ दिया। दो युवाओं की मौत से गांव में चित्कार मचा है।

कोतवाली नगर के पांचोपीरन कस्बा निवासी शब्बीर के दो पुत्र समीर उर्फ पप्पू डेंटर (38) व अमीर उर्फ गुड्डू (30) गुरुवार को घर का कुछ जरूरी सामान लेने स्कूटी से बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर क्षेत्र में जा रहे थे। दोनों भाई हसनपुर गुमटी के पास पहुंचे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी व कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। तत्काल स्थानीय लोग मौके पर राहत और बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक एक भाई की मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में दूसरे भाई को प्राइवेट वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

## मायावती पंजाब में संबोधित करेंगी चुनावी सभा

**लखनऊ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने



बताया कि बसपा प्रमुख मायावती शुक्रवार को पंजाब में शहीद भगत सिंह नगर जिले में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा प्रत्याशी के समर्थन में यह चुनावी सभा नवांशहर के बंगा रोड स्थित महालांव मैदान में आयोजित होगी।

# अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज खान का निधन



**बदायूं, अमृत विचार :** कई फिल्म और सीरियल में अभिनय करने वाले बॉलीवुड के अभिनेता अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज खान का गुरुवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से बदायूं क्लब में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अंतिम प्रस्तुति दी थी। बदायूं क्लब ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उनकी बेटी और बेटा के आने के बाद शव सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। शहर के मोहल्ला कबूलपुरा में छोटे सरकार दरगाह मार्ग पर रहने वाले फिरोज खान लगभग 27 साल पहले मुंबई गए थे। जहां तेजी से प्रसिद्ध हुए भाभी जी घर पर हैं के अलावा जीजा जी छत पर हैं, साहब बीबी और बॉस, शक्तिमान, अद्नान सामी के गोने थोड़ी सी लिफ्ट करा दे आदि में काम किया। बॉलीवुड मे उन्हें डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन कहा जाता था।

# उत्तराखंड

## श्रद्धालुओं से ठगी में हरिद्वार का ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार

**ऋषिकेश, अमृत विचार :** फर्जी रजिस्ट्रेशन से श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा कराने का झांसा देने के आरोप में पुलिस ने हरिद्वार के ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार किया है। इसी आरोप में पुलिस ने दिल्ली से भी ट्रैवल एजेंट को पकड़ा है। महाराष्ट्र के 30 सदस्यीय दल (16 पुरुष, 14 महिलाएं) के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फर्जी मिले थे, जिस पर दल ने हरिद्वार के कोणार्क ट्रेवल्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऋषिकेश पुलिस ने हरिद्वार जाकर एजेंसी स्वामी टीबड़ी रानीपुर मोड निवासी अंकुश को धोखाधड़ी व जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल फोन को जब्त किया गया। इसी से उसने दल को फर्जी रजिस्ट्रेशन की पीडीएफ भेजी थी।

# हाथी ने पटक-पटक कर ग्रामीण को मार डाला

संवाददाता,रामनगर



पाला सिंह

- भाई को खाना देने के लिए बाइक से जा रहा था युवक

**अमृत विचार :** ग्राम थारी से सटे कंदला के जंगल में गुरुवार दोपहर एक ग्रामीण को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है।

कदला गांव के पाला सिंह (35) गुरुवार दोपहर बाइक से बंजारी गेट पर खनन में लगे अपने भाई को रोज की तरह खाना देने जा रहा था। इसी बीच आमपानी के कंपार्टमेंट नौ से अचानक एक हाथी आ गया। हाथी ने पाला सिंह को अपनी सूंड में फंसा कर कई बार जमीन पर पटका। बताते हैं कि हाथी उसे सूंड़ में लपेट कर दो सौ मीटर अंदर जंगल में ले गया जहां उसे उसने पटक दिया। जानकारी पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लहूलुहान पाला सिंह को रामनगर के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों के गश्त करने के साथ ही जंगल में ग्रामीणों से अकेले न जाने की अपील की गई है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

## बाघ के हमले से महिला की मौत

**बनबसा, अमृत विचार :** मवेशियों का चारा लेने जंगल गई महिला पर बाघ ने हमला कर मार डाला। ग्रामीणों ने वन विभाग से मृतका के आश्रितों को मुआवजा देने तथा जंगली जानवरों से सुरक्षा की मांग की है।



मुन्नी देवी।

गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे फागपुर की मुन्नी देवी अन्य महिलाओं के साथ चारा लेने जंगल गई थी। तराई पूर्वी डिवीजन में हुड्डी नदी के पास हेलागोठ में बाघ ने मुन्नी पर हमलाकर मार डाला। खटीमा रेंजर महेश जोशी ने कहा कि गश्त बढ़ा दी है। एसडीएम आकाश जोशी ने बाघ के हमले से महिला की मौत पुष्टि की है।

# विनायक ग्रुप की फर्मों पर आयकर का छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

- लखनऊ की टीम ने शहर में डाला डेरा, रुद्रपुर, पीरूमदारा समेत उप्र के कई शहरों में भी हो रही छापेमारी

**अमृत विचार:** आयकर की चोरी की आशंका में लखनऊ आयकर विभाग की टीम ने शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापे मारे और दस्तावेज जब्त किए। यहां तक कि परिजनों को आवास पर नजरबंद कर पूछताछ हो रही है। मौके पर व्यापारियों और नेताओं का तांता लगा रहा।

गुरुवार सुबह दस बजे लखनऊ की आयकर विभाग की टीमों का काफिला पुलिस के साथ शहर पहुंचा। टीम ने गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट और विनायक प्लाई सहित कई फर्मों पर एक साथ छापा मारा। गल्ला मंडी में डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, आईटीओ दीपक सिंह व मुकेश सिंह ने मार्ट में घुसते ही वहां रखे दस्तावेज जब्त कर लिए। पुलिस ने किसी को भी अंदर आने नहीं दिया। वहीं छह



रुद्रपुर में नारंग फर्नीचर में मौजूद इनकम टैक्स विभाग की टीम व पुलिस फोर्स।

अलग-अलग टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म एवं उनके आवासों पर भी दबिश देते हुए परिजनों को नजरबंद कर पूछताछ शुरू कर दी। इसकी खबर लगते ही व्यापारी नेताओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और हर कोई टीम से मिलने की कोशिश करता रहा। टीम ने कई घंटों तक लोगों से पूछताछ की और जब फर्म स्वामी नहीं पहुंचे तो टीमों ने फर्म, दुकान और आवास पर ही डेरा डाल दिया। खबर लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी थी। टीम ने शहर ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर छापेमारी की है। सभी फर्में विनायक ग्रुप से जुड़ी हैं। आयकर विभाग की टीमें 72 गाड़ियों के साथ हरदोई, शाहजहांपुर, बहेड़ी के अलावा फ्लाईओवर के नीचे स्थित विनायक फर्म के कॉरपोरेट ऑफिस के अलावा एलायंस और सिविल लाइन स्थित आवास पर डेरा डाल रखा है। वहीं आयकर विभाग की एक टीम नैनीताल जिले के पीरूमदारा के पास पापड़ी स्थित विनायक फर्नीचर और प्लाईवुड में छापेमारी कर रही है।

## वनाग्नि मामले में नपेंगे लापरवाह

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उत्तराखंड में वनाग्नि के मामले में हो रही लगातार वृद्धि पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि वनाग्नि की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पाया जा सके। इसके लिए सरकार बहुत गंभीर है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए सरकार की ओर से पूरे साल का प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने साफ किया कि जंगलों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने गुरुवार को जिले के विकास खंड लमगड़ा में वनाग्नि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय और हवाई दौरा किया।

# पूर्व सांसद अकबर अहमद डम्पी की कोठी में लगी भीषण आग

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में पूर्व सांसद अकबर अहमद डम्पी के फार्म हाउस में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म पुलिस चौकी क्षेत्र में पूर्व सांसद उमर अकबर अहमद डम्पी की कोठी में गुरुवार रात्रि अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग की तेज लपटें कोठी से उठने लगीं। आग लगने की जानकारी पर चौकी प्रभारी धीरेंद्र पंत भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घर में मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना के बाद दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में दमकल कर्मी दीपक बसेड़ा, संजय सिंह एवं कैलाश बिष्ट की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते हुई घटना में कोठी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

## मोबाइल के विवाद में महिला ने लगाई फांसी

**गदरपुर, अमृत विचार :** ग्राम चमनगंज गदरपुर निवासी बंटी सिंह ट्रक ड्राइवर है। उसका 7 वर्ष पूर्व रतनपुरा किच्छा निवासी कोमल कौर से विवाह हुआ था। गुरुवार की प्रातः 9 बजे कोमल का मोबाइल फोन को लेकर अपने पति दीपक सिंह उर्फ बंटी से विवाद हो गया। कोमल ने गुस्से में अपने आप को कमरे के अंदर बंद कर लिया। पति दीपक ने कई बार दरवाजा खोलने का अनुरोध किया, लेकिन वह नहीं मानी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जब कमरे के दरवाजे से झांक कर देखा तो अंदर कोमल फंदे से लटकी हुई थी।

# स्मैक के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- गदरपुर से हुई गिरफ्तारी, तीन लाख है कीमत

**अमृत विचार:** एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं गदरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी गिरोह से जुड़े महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से स्मैक की खेप भी बरामद की है। बताया कि पकड़े गए आरोपी मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी स्मैक लाकर तराई भाबर में सप्लाई करते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गुरुवार को सीओ एसटीएफ आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरूप ने बताया कि पिछले काफी समय से तराई भाबर में स्मैक की सप्लाई होने की सूचनाएं मिल रही थीं। उसको दबोचने के लिए एएनटीएफ के उपनिरीक्षक विपिन जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि गदरपुर इलाके में दो स्मैक तस्कर मादक पदार्थ की सप्लाई करने की फिराक में हैं। इसके आधार पर टीम ने गदरपुर के मोतियापुर तिराहे के समीप चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान बाइक पर दो लोग पुलिस को देखकर भागने की कोशिश लगे। टीम ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी हैदर अली और शबाना उर्फ गुलनाज बताया। पुलिस ने उनके कब्जे से 30 ग्राम स्मैक भी बरामद की है। शबाना उर्फ गुलनाज वर्ष 2021 और वर्ष 2023 में भी एनडीपीएस प्रकरण में जेल जा चुकी है। दोनों आरोपी मुरादाबाद से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में स्मैक लाकर तराई भाबर में महंगे दामों पर बेचते थे।

## तवे से ताबड़तोड़ प्रहार कर पति की जान ली, महिला गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

- घरेलू कलह को लेकर नाराज हो गई थी पत्नी

**अमृत विचार:** घरेलू कलह को लेकर उपजे विवाद में महिला ने अपने पति पर तवे से ताबड़तोड़ वारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-8 मोहल्ला सुभाषनगर में चंद्रप्रकाश उर्फ सोनू का अपनी पत्नी कंचन से घरेलू विवाद चल रहा था। सुबह-शाम दोनों में गाली-गलौज व शोरशराबा होता था। गुरुवार की सुबह भी दोनों जब विवाद हुआ तो गुस्से में आई कंचन ने रोटी सेकने वाले तवे से पति चंद्रप्रकाश पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। इस दौरान वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपित महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## राजा भैया खुलकर अब सपा तो धनंजय भाजपा के साथ, दोनों ने ही साफ कर दिया कि वे चुनाव में तटस्थ नहीं

# छठे चरण में राजा भैया और धनंजय सिंह के बाहुबल की भी परीक्षा

अजय दयाल, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की राजनीति में बाहुबली कहलाने वाले दो दिग्गजों के अचानक बदले मिजाज से चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। अब तक कई मौकों पर भाजपा के साथ खड़े राजा भैया ने अचानक सपा को समर्थन दे दिया तो वहीं, बसपा से नाराज धनंजय सिंह खुलकर भाजपा उम्मीदवारों का साथ देंगे। ऐसे में लोकसभा चुनाव के 6वें चरण में इन दोनों के प्रभाव की ही नहीं भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, विधायक और एमएलसी समेत भाजपा के सात सांसदों की भी अग्निपरीक्षा होनी है।

25 मई शनिवार को राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। हालांकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और पूर्व सांसद धनंजय सिंह का एक क्षेत्र विशेष में ही प्रभाव है लेकिन इन दिनों ठाकुर राजनीति पर चल रही गुणा-गणित के बीच दोनों के अब एक दूसरे के सामने होने से पूर्वांचल की राजनीति का प्रभावित होना स्वाभाविक है। खासकर प्रतापगढ़, कौशांबी और जौनपुर के साथ आसपास की लोकसभा सीटों का मुकाबला दिलचस्प होगा।

राजनीति के चश्मे से देखा जाए तो राजा भैया की छवि क्षत्रिय नेता के रूप में भी है। प्रतापगढ़, कौशांबी में उनका प्रभाव है। उप्र. के चुनावी परिदृश्य में राजा भैया, धनंजय सिंह ही नहीं अन्य क्षत्रिय नेताओं जैसे बृजभूषण शरण सिंह, ब्रजेश सिंह, अभय सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में क्षत्रियों को साधने की जुगत लगा रहे सत्तासीन दल के लिए राजा भैया का विपक्ष के साथ खड़ा होना चुनौती है। संभवतः यही कारण रहा कि राजा भैया के प्रभाव को कम करने की कोशिशें तेज हैं। पहले धनंजय सिंह को आगे किया अब कौशांबी की चायल सीट से सपा की बागी विधायक पूजा पाल को सामने लाने की तैयारी है। यह लड़ाई अब राजा भैया बनाम अनुप्रिया पटेल होकर आगे मिर्जापुर तक भी पहुंच चुकी है। राजा भैया ने एमएलसी, राज्यसभा, राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का साथ दिया और बदले में चाहा अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में मनमुताबिक उम्मीदवार जो मिला नहीं। वहीं, धनंजय ने अपनी जगह बसपा से पत्नी श्रीकला के लोस चुनाव का टिकट लिया जो कि ऐन वक्त पर कट गया। बसपा से नाराज धनंजय, गृहमंत्री अमित शाह से मिले और भाजपा के हो गए।

### भाजपा के सात सांसदों की अग्निपरीक्षा

छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों में से सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव ''निरहुआ'' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है।

> भाजपा राजा भैया के समर्थन से नहीं बल्कि अपने बल पर चुनाव जीतेगी।
> **- केशव मौर्य**

> धनंजय जेल से निकले तो खेल शुरू कर दिया। यह खेल सभी लोग समझते हैं।
> **-अखिलेश यादव**

### कल इन 14 सीटों पर होगा मतदान :

सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज (एससी), आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (एससी) और भदोही सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा।

# मां मेनका के लिए वोट मांगने पहली बार आए वरुण गांधी



सुलतानपुर में अपनी मां मेनका गांधी के लिए सभा को संबोधित करते वरुण गांधी।

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- **नुक्कड़ सभाओं में कहा- सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है, अपना मोबाइल नंबर भी बांटा**

**अमृत विचारः** पीलीभीत से टिकट कटने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर आए वरुण गांधी ने अपनी मां व सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में गुरुवार को यहां एक दर्जन से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वरुण ने कहा कि सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है। कोई हमसे अलग नहीं है। पूरे सुलतानपुर में एक भी व्यक्ति से कोई गुस्सा नहीं, कोई दुश्मनी नहीं। हमारे सामने भी जो चुनाव लड़ रहे हैं, बाद में अगर वह बीमार पड़े तो सबसे पहले हम उनकी मदद करेंगे।

वरुण ने कहा कि जब मैं सुलतानपुर पहली बार आया था तो यहां पर हमें अपने पिता संजय गांधी की खुशबू मिली थी, लेकिन आज मुझे कहने में गौरव महसूस हो रहा है कि आज मैं अपनी मातृ भूमि में आ गया। मैं ये चाहता हूं अगर यहां कोई संकट कभी आए तो अपने आपको अकेला नहीं समझे। मैं अपने फोन नंबर का एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं। जिसके पास माता मेनका का नंबर है वह और बड़ा सुरक्षा कवच है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से यह बात कहता हूं सुलतानपुर में न काबिलियत की कमी है, न साहस की कमी है, न प्रतिभा की और न स्वाभिमान की। जिले के लोगों को केवल ऐसा एक व्यक्ति चाहिए जो उनको अपना परिवार माने।

वरुण गांधी ने कहा कि परिवार का मतलब होता है हर वार पे जो साथ दे वही परिवार होता है। हम सब वादा करते हैं खून के रिश्ते का, सुलतानपुर का कोई व्यक्ति कभी अकेला नहीं होगा। वरुण के भाषण में भाजपा और उसका शीर्ष नेतृत्व गायब दिखा। मोदी परिवार वाले टैग लाइन से हटकर उन्होंने अपने परिवार की बात की। इससे साफ दिखा कि वरुण भाजपा से अलग होकर मां के लिए वोट मांग रहे हैं।

### मेनका समेत 16 महिला प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर

**लखनऊ, अमृत विचार :** छठे चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा से मेनका गांधी, सपा की प्रिया सरोज, बसपा की इंदू चौधरी समेत कुल 16 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सीटों में केवल लालगंज (सु.) है जहां पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं। कई सीटों पर तो महिला प्रत्याशी ही नहीं हैं। लालगंज (सु.) सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद नीलम सोनकर व बसपा से प्रोफेसर इंदु चौधरी के सामने निर्दलीय प्रत्याशी सुष्मिता सोनकर चुनाव मैदान में हैं, जबकि सपा ने दरोगा प्रसाद सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है।

## सार-संक्षेप

### बहरीन से अयोध्या आकर किया गोदान



**अयोध्या, अमृत विचार :** बहरीन में निवास और व्यवसाय कर रहे पुणे निवासी विजयन कुमारन ने वहीं के एक मंदिर में लिए गए संकल्प के तहत गुरुवार को अयोध्या पहुंचकर सात गोवंश का दान किया है। विजयन कुमारन ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अन्य अप्रवासीय भारतीयों के साथ मिल कर बहरीन के अस्कर स्थित दुर्गा मंदिर में भी पूजन कर उत्सव मनाया था। बहरीन के ही बुदइया स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी श्रीकेंस ने दुर्गा मंदिर में हुए पूजन की सफलता के लिए गोदान की सलाह दी थी। प्राण प्रतिष्ठा पूजन समारोह के लिए अप्रवासी भारतीयों के मध्य एकत्र निधि से हुए समारोह के बाद शेष निधि से कारसेवकपुरम गौशाला में सात गाय का दान किया गया| इनमें से एक गऊ व एक बछड़ा विजयान कुमारन व एक श्रीकेंस ने व्यक्तिगत निधि से दान किया। गोदान के समय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री व विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय, विहिप के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर आदि उपस्थित थे।

### ऑनलाइन सट्टा खिलवाने में 21 गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गुरुवार को एप इंस्टाल करवा ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गाजियाबाद से गिरोह के 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत मिली थी कि व्हाट्सअप के माध्यम से संदेश भेज ऑनलाइन सट्टा में रकम लगाने पर मोटा मुनाफा का झांसा दिया जा रहा है। बैट डेली व योलो 247 एप इंस्टाल करवा रकम हड़प ली गई। पुलिस ने गाजियाबाद भारत सीटी सोसायटी के दो अलग-अलग कॉल सेंटरों से लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल उपकरण बरामद हुआ है।

### अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई अब 27 को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के मामले में गुरुवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। लगभग डेढ़ घंटे तक चली बहस के बाद न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले को आगामी 27 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। गत चार दिनों से लगातार चल रही सुनवाई के दौरान अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा और गैंगस्टर मामले में गाज़ीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा को रद्द करने की मांग की। वहीं राज्य सरकार और पीयूष राय के अधिवक्ताओं ने भी अपने तर्क प्रस्तुत किये और अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की।

### कैमरे की नजर में रहेंगे आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षक

**लखनऊ, अमृत विचार :** शिक्षकों और विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली पर नजर रखने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके बाद गुरुजन स्कूल से गायब हो सकेंगे और न कक्षाओं से। प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में से 70 में सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगने शुरू हुए थे। समाज कल्याण निदेशक ने सभी 94 विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। 70 विद्यालयों में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में होगा। इससे विद्यालयों में अध्यापक समय से आ रहे हैं और कक्षाओं में कितना समय दे रहे हैं इसकी जानकारी भी मिल सकेगी।

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिसंबर 2024 तक निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य का लक्ष्य रखा गया है, जिसको पूरा के लिए राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र गुरुवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने रामजन्मभूमि परिसर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर मंदिर के निर्माण की प्रगति भी जानी। शुक्रवार को होने वाली बैठक में मंदिर के प्रथम व दूसरे तल के निर्माण की समीक्षा की जाएगी। प्रथम तल पर रामदरबार की स्थापना होनी है।

### लोस चुनाव के कारण हाईकोर्ट में 25 को अवकाश

**प्रयागराज, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में प्रयागराज में चुनाव होने के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 मई को अवकाश घोषित किया गया है। इस कारण उस दिन सूचीबद्ध मुकदमों की सुनवाई आगामी 27 मई को होगी। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा जारी की गई है।

# महाराष्ट्र के बच्चों ने भेजा था स्कूल को बम से उड़ा डालने का ई-मेल

## ऑनलाइन गेम डी-कोड में मैसेज भेजकर बच्चों को दिया गया था टास्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के बिरला ओपन माइंड स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल महाराष्ट्र से आया था। यह मेल कुछ बच्चों ने ऑन लाइन गेम डी-कोड में मिले टास्क के तहत भेजा था। ई-मेल में क्या लिखा था, इसकी जानकारी बच्चों को नहीं थी। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरुप सिंह ने बताया कि बिरला ओपन माइंड स्कूल को 01 मई को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रधानाचार्य की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला संवेदनशील होने के कारण जांच में एटीएस की मदद ली गई। जांच के दौरान ई-मेल महाराष्ट्र से आने की पुष्टि हुई। जब जांच कर रही संयुक्त टीम वहां पहुंची तो पता चला कि कुछ बच्चों ने ई-मेल भेजा है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि आनलाइन डी-कोड गेम खेलते हैं। उसमें ग्रुप बनाकर टास्क पूरे किए जाते हैं। उसी दौरान मैसेज और मेल आइडी देकर ई-मेल करने को कहा गया। इस पर ग्रुप ने ई-मेल भेज दिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पाया गया कि बच्चों को कुछ भी जानकारी नहीं थी। ऐसे में बच्चो के साथ-साथ मां-बाप को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

### टास्क देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

डीसीपी के मुताबिक जांच में इसकी पुष्टि हुई कि बच्चों को जिसने ई-मेल भेजा है, उसे बच्चे नहीं जानते थे। ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए बच्चों के मोबाइल को पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया है। टीम उस मैसेज भेजने वाले को ट्रेस कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस स्कूल के साथ-साथ अन्य दो स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल भेजा गया था। उन्हें ई-मेल भेजने वाले को बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## चालू नहीं हो सकी ललितपुर इकाई बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ज्यादा लोड के कारण उत्पादन बिजलीघरों की बंद हुई इकाइयों के चालू न होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है। ऊंचाहार व ओबरा बिजलीघरों की बंद इकाइयों के गुरुवार की देर रात तक और ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई के 25 मई को चालू होने की संभावना है। गुरुवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर बने होने के कारण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती जारी है। गुरुवार को शाम के वक्त प्रदेश में लगभग 25,500 मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी, जबकि इस समय प्रदेश में तापीय बिजलीघरों में 4800 मेगावाट व जलीय परियोजनाओं में उत्पादन 750 मेगावाट उत्पादन हो रहा था।

## मतदान कर्मी मतदाताओं से विनम्र व्यवहार करें

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान कर्मियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किये हैं। कहा गया है कि मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई दिक्कत न होने पाये। जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति व रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें।

## बिना ठोस कारण व्यक्तिगत भूमि का सरकारी उपयोग अनुचित: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना ठोस कारण के व्यक्तिगत भूमि का सरकारी उपयोग करने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार शहर के अपशिष्ट जल को इकट्ठा करने के लिए जलाशय के रूप में उपयोग हेतु निजी भूमि पर अनावश्यक अधिकार का दावा कैसे कर सकती है।

कोर्ट ने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा ऐसी कार्यवाही पर आश्चर्य होता है जो खुले तौर पर नैसर्गिक न्याय के नियमों का उल्लंघन करती है। उपरोक्त तल्ख टिप्पणी न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने शकील और अन्य को सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि से पहले लागत के रूप में 10000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश देने के साथ की। हालांकि सरकारी वकील ने इस संबंध में एक बेहतर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है, साथ ही यह भी बताया कि मुद्दे की फिर से जांच की जाएगी। इस पर कोर्ट ने 28 मई 2024 को मामले को सूचीबद्ध कर दिया है।

## आत्मरक्षा में किया गया हमला प्रतिशोधात्मक मानना उचित नहीं

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक हत्यारोपी ससुर को जमानत देते हुए अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि कोई भी ससुर अपनी ही बेटी को विधवा बनाकर अपने दामाद को खत्म नहीं करेगा, जब तक उसके सामने गंभीर और असाधारण खतरा उत्पन्न न हो।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यह निर्णय करने के लिए कोई स्वर्णिम मानदंड या अंकगणितीय सूत्र नहीं हो सकता है कि घटना के समय हमलावर की सोच क्या रही होगी। हमले के समय हमलावर की मानसिकता, स्वभाव, व्यवहार, आत्मरक्षा और भावनाएं घटना के समय पर हमले की प्रकृति के आधार पर उत्पन्न भ्रम और उत्तेजना पर निर्भर करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति श्रीमती नंदप्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने डॉक्टर जे. एन. मिश्रा की अपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए की।

### राम मंदिर के खंभे में बनी हनुमान की मूर्ति खंडित

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास एक खंभे में बनी हनुमान की मूर्ति के खंडित होने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रोल हो रही है। लिखा गया है कि अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की प्रतिमा का एक हाथ खंडित है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संज्ञान ले। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने इस मामले से इंकार करते हुए कहा कि यह पुरानी फोटो है।


## वर्ग पहेली-79

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण, हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण, अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -78 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | | 2 अ | | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | | |
| | गी | | ले | | | 5 उ |
| 6 छु | | 7 उ | ख | म | | त |
| 8 आ | कं | प | न | | 9 दू | र |
| छू | | वे | | | | वा |
| त | | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | 6 | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | | 7 | |
| | | 5 | | | 1 | | | |

### सुडोकू -157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 19 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** – आज का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। यदि आवश्यक न हो तो कोई बड़ा निर्णय आज न लें। भाई-बहन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। अपनी रुचि के विषय का गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**वृष** – आज का दिन काफी शुभ रहेगा। अधिकारियों का व्यवहार आपके लिए काफी सहयोगात्मक रहेगा। आप कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। आपको अपनी कमजोरियों को पहचानने और उसे दूर करने का काम करना चाहिए।

**मिथुन** – आज आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। संतान के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नाक, कान या गले में इन्फेक्शन की संभावना हो सकती है।

**कर्क** – आज ऑनलाइन ठगों से सावधान रहें।ज्यादा देर तक बैठकर करने वाले कार्यों को टालना उत्तम रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में नए मित्र मिल सकते हैं। सर्विस प्रदाता सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**सिंह** – आज समाज की बुराइयों को लेकर आप कुछ रुष्ट हो सकते हैं, किंतु आपको किसी से विरोध नहीं लेना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण कुछ जुकाम जैसी समस्या हो सकती है। आप कई दिनों से जिस अवसर की तलाश में थे, वह आपको मिल सकता है।

**कन्या** – आज अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर बन सकता है। यात्रा के दौरान आप कुछ असहज रहेंगे। साइबर ठगों की चपेट में आ सकते हैं। आपकी प्रवृत्ति कुछ नया सीखने की हो सकती है। अपनी पुरानी किताबों की तरफ बढ़ सकते हैं।

**तुला** – आज लोग आपके प्रशंसक बन सकते हैं। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अचानक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ सामंज्य बना रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**वृश्चिक** – आज मेडिकल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नजर बनाकर रखें। छात्रों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिल सकती है।


**धनु** – आज आप जितने सम्मान के पात्र हैं,उतना सम्मान लोग आपको नहीं दे रहे हैं। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बड़बोलेपन के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**मकर** – आज अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें। संपत्ति विवादों के परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा।

**कुंभ** – आज कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक जीवन कुछ अशांत हो सकता है। यदि आप किसी बैठक या साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**मीन** – आज कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना चाहिए। आप अपने शौकों की पूर्ति में लगे रहेंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 10 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का महात्मा – सुबह : 10 .51
चाइना गेट – रात : 07 .00

&pictures
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी – सुबह : 11 .26
जिगर वाला नंबर 1 – शाम : 04 .45

SONY PIX
द शौशैंक रिडेम्पशन – दोपहर : 01 .15
स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
जहर – सुबह : 11 .00
जिस्म – रात : 08 .10

colors CINEPLEX
स्टूडेंट ऑफ द ईयर – सुबह : 08 .06
कभी अलविदा न कहना – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2065, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1940, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1885, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8100, लाल हिंदुस्तान 8200, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8700, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# आरबीआई लाभांश से घाटा कम होने पर भारत को मिलेगा रेटिंग समर्थन

## रिजर्व बैंक के फैसले को लेकर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के विश्लेषक ने कही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत अगर राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश का उपयोग करता है, तो उसे आने वाले समय में 'रेटिंग समर्थन' मिल सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के एक विश्लेषक ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया है। यह अबतक का सर्वाधिक लाभांश है। यह बजट में जताए गए 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से दोगुने से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। एसएंडपी ग्लोबल रेटंग्स के विश्लेषक यीफर्न फुआ ने कहा- आरबीआई से अतिरिक्त लाभांश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 0.35 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद करेगा या नहीं, यह वास्तव में अंतिम बजट पर निर्भर करेगा। यह जून के चुनाव परिणामों के बाद पारित किया जाएगा। इस साल फरवरी में संसद में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के अधिक लाभांश से घाटे में कमी कुछ बातों पर निर्भर है। अंतिम बजट में विनिवेश जैसे क्षेत्रों से राजस्व प्राप्ति कम रहती या व्यय मद में अतिरिक्त आवंटन होता है तो आरबीआई के अतिरिक्त लाभांश से घाटे में बहुत ज्यादा कमी नहीं आएगी।

### पिछले साल एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले साल मई में ने वृद्धि पर स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी। इसके साथ कमजोर वित्तीय प्रदर्शन और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी को जोखिम के रूप में चिह्नित किया था। 'बीबीबी-' निवेश को लेकर सबसे निचले स्तर की रेटिंग है। तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों - फिच, एसएंडपी और मूडीज - ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश स्तर की रेटिंग दी हुई है। निवेशक किसी देश में निवेश करते समय रेटिंग पर गौर करते हैं।

## सोने में 1,050 और चांदी की कीमत में 2,500 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में आक्रामक रुख दिखने के बाद सोने में तेज गिरावट आई। ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

# एनएसई-बीएसई का बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचा

## भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला बना 5वां देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,196.98 अंक यानी 1.61 प्रतिशत उछलकर 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया।

इस रिकॉर्ड तेजी ने बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,602.18 करोड़ रुपये बढ़ा दिया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण भी बृहस्पतिवार को पांच लाख करोड़ डॉलर से आगे निकल गया। इसके साथ ही इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सम्मिलित रूप से बढ़कर 4,20,22,635.90 करोड़ रुपये यानी 5.05 लाख करोड़ डॉलर हो गया जो इसका नया उच्चस्तर है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को कारोबार के दौरान पांच लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचा था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500-55,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,150 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## प्याज की कमी को रोकने के लिए विकिरण प्रसंस्करण की योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# भंडारण मुश्किल, सरकारी खरीद को भाव नहीं दे रहा गेहूं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **प्रदेश में 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन हुई गेहूं खरीद**

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण इस बार भी सरकारी गेहूं खरीद कार्य समय से पहले बंद होने वाला है। आवक न होने से सरकार के लिए किसानों से लक्ष्य के मुताबिक गेहूं खरीदना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए भंडारण करना मुश्किल है।

प्रदेश में 1 मार्च से 22 मई तक 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन (15.12 प्रतिशत) गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। 43 केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। कारण केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है और बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये में सीधे गांव-गांव गेहूं खरीद रहे हैं। खरीद जून तक होगी लेकिन, आवक न होने के कारण समय से पहले केंद्र दम तोड़ गए हैं। वर्ष 2023-24 में हालात इससे भी खराब थे। 22 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन में 2,09,706 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा गया था। उस समय 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बाजार भाव था। इसी उम्मीद में किसान अधिक मुनाफे के चक्कर में गेहूं घरों पर रोक रखे हैं तो व्यापारी भी डंप करने में पीछे नहीं हैं।

**यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण बिगड़े हालात:** गेहूं का बाजार भाव बढ़ना यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध वजह बताई जा रही है। यूक्रेन गेहूं का अधिक उत्पादन कर अन्य देशों में निर्यात करता है। जो युद्ध के कारण 2022 से नहीं कर सका। उस समय पूर्ति भारत से की गई थी। इस वजह से वर्ष 2022-23 में बाजार भाव 3 हजार से 3200 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा और खरीद 60 लाख मीट्रिक टन में महज 3.35 लाख मीट्रिक टन हो पाई। यही हालात वर्ष 2023-24 में होने के कारण 2.19 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई। जबकि युद्ध से पहले 2021-22 में 56.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। जानकारों की मानें तो पिछले वर्ष हालातों को देखते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई थी।

**राशन वितरण में घटता गया गेहूं:** गेहूं खरीद का असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ना बताया जा रहा है। इस वजह से कार्डों पर गेहूं की मात्रा घटती जा रही है। पहले पात्र गृहस्थी पर प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल मिलता था, जो संशोधन कर 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल किया गया। इसके बाद गेहूं 1 किलो गेहूं, 2 किलो चावल व 2 किलो बाजरा किया गया। इसी तरह अंत्योदय कार्ड पर पहले 20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल मिलता था। जो 21 किलो चावल व 14 किलो गेहूं किया गया। इसके बाद 14 किलो गेहूं व 14 किलो चावल व 7 किलो बाजरा (मोटा अनाज) मिलने लगा। हालांकि इसे मोटे अजान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है।

> किसानों को बाजार में अच्छे भाव मिल रहे हैं। इस वजह से खरीद कम हो रही है। लक्ष्य पूर्ति के प्रयास जारी हैं। खाद्यान वितरण के भंडारण के लिए एफसीआई इंतजाम करती है।
>
> **-राजीव मिश्रा,** अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग।

## राष्ट्रीय

# स्वाति मालीवाल बोलीं-मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार

## राज्यसभा सांसद ने साक्षात्कार में आपबीती सुनाई, बिभव ने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक साक्षात्कार में 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्यसभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया। इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। सांसद ने कहा कि मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हूं।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर में मौजूद थे। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि घटना वाले दिन वह घर पर नहीं थे। जबकि मुझे बताया गया था कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं। वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। मैं मदद के लिए चिल्ला रही थी, लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया था।

वहीं स्वाति मालीवाल ने कहा कि निर्भया से पूछा गया था कि उसने ऑटो से यात्रा क्यों नहीं की, वह रात में बाहर क्यों गई और दिन में क्यों नहीं? विक्टिम शेमिंग हर महिला के साथ होती है।

### आपकी लड़ाई मुझसे, मेरे माता-पिता को निशाना क्यों बना रहे हैं: केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को उन्हें 'तोड़ने' के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके सारी हदें पार कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से उनके माता-पिता को परेशान करना बंद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा- मेरे पास मोदी के लिए एक संदेश है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके।

### पुलिस ने मारपीट मामले में केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ टाली

दिल्ली पुलिस आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ करने बृहस्पतिवार को केजरीवाल के आवास पर नहीं जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े और बीमार माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। पुलिस इस मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि पुलिस आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास जा सकती है लेकिन वह बृहस्पतिवार को वहां नहीं जा रही। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आने वाले दिनों में केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं केजरीवाल ने कहा था कल पुलिस ने फोन करके मेरे माता-पिता से पूछताछ के लिए वक्त मांगा था।

## भाजपा नेता सिरिया परवीन तृणमूल कांग्रेस में शामिल

**कोलकाता।** भाजपा की नेता और संदेशखालि आंदोलन की में जाना माना चेहरा रहीं सिरिया परवीन बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं। उन्होंने कहा कि उनका भाजपा से मोहभंग हो गया क्योंकि उसके भीतर घुटन महसूस हो रही थी। पूर्व में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा के बशीरहाट मंडल की सचिव के रूप में कार्यरत परवीन के तृणमूल में शामिल होने की घोषणा एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की गई जिसमें राज्य मंत्री शशि पांजा और तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य ममता बाला ठाकुर ने भाग लिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए परवीन ने भाजपा पर संदेशखालि की स्थिति के बारे में झूठ गढ़ने का आरोप लगाते हुए अपनी निराशा व्यक्त की है।

# रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर कार्रवाई कर रहा विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कर्नाटक सरकार ने पत्र लिखकर किया था अनुरोध**

विदेश मंत्रालय जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर कार्रवाई कर रहा है। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है और माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से एक पत्र मिला है, जिसमें रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का अनुरोध किया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते हैं और पिछले महीने 27 तारीख को विदेश चले गए थे। इससे ठीक एक दिन पहले ही उनके निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ था। सूत्रों ने बताया-विदेश मंत्रालय को सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के लिए कर्नाटक सरकार से पत्र मिला है। उस पर कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि विदेश मंत्रालय पासपोर्ट अधिनियम-1967 और अन्य संबंधित नियमों के तहत प्रज्वल के राजनयिक पासपोर्ट को रद करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रकरण की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि अगर पासपोर्ट रद किया जाता है तो प्रज्ज्वल का विदेश में रहना गैर-कानूनी होगा और उनके खिलाफ उस देश में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरा पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने और कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

### देवेगौड़ा ने प्रज्ज्वल को स्वदेश लौटने को कहा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्यूलर) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और पार्टी के निलंबित सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को बृहस्पतिवार को कड़ी चेतावनी जारी की और उससे देश लौट कर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच का सामना करने को कहा। देवेगौड़ा ने यह भी कहा कि जांच में उनके या परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। वह अप्रैल के अंतिम सप्ताह में कथित रूप से जर्मनी चला गया था। देवेगौड़ा ने उससे कहा कि वह भारत लौटे और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करे। जद (एस) प्रमुख ने दोहराया कि उनके पोते को दोषी पाए जाने पर कानून के तहत कड़ी से कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

## एक नजर

### हरियाणा में पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक कुल 18.56 करोड़ रुपये की नकद राशि के अलावा 56.88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75.44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुयें जब्त की गई थीं।

### सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

**छपरा।** बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रुप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

## नवोदय अन्य जिले के होने के कारण छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी**





दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था।

अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है।

उच्च न्यायालय ने ध्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है।

न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है जिससे प्रत्येक छात्र को मुकदमेबाजी के लिए मजबूर न होना पड़े।

# केरल में भारी बारिश, दो जिलों में रेड अलर्ट

**कोच्चि, एजेंसी**

- **तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में जलभराव की समस्या**

केरल में मानसून से पूर्व हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को बारिश के अलर्ट को संशोधित किया और राज्य के दो जिलों में रेड अलर्ट जारी किया। इस बीच, राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जिससे तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई।

आईएमडी ने एर्णाकुलम और त्रिशूर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया। इससे पहले इन दोनों स्थानों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। मौसम विभाग ने राज्य के पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक की भारी से अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है। छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर येलो अलर्ट जारी किया जाता है। वहीं केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## अभियुक्तों को छुड़ाने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, दो गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में पुलिस अभिरक्षा से असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन चार अभियुक्तों को छुड़ा कर ले जाने के मामले में जहां जाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है वहीं, पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 20 मई 2024 की रात्रि में जाले थाना पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायाज मजमा लगा कर जाले थाना कांड संख्या-103/24 के चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा से जबरदस्ती छुड़ा लिया गया। मामले के संबंध में 24 नामजद एवं 130-140 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भाजपा संविधान बदलने का सपना न देखे : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले पार्टी और देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि यह सेना के खिलाफ है। उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया, लेकिन जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।

### हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार : प्रियंका गांधी



**सिरसा (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है जिसकी कीमत यहां के युवाओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा-जनता बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार और भाजपा की अस्थिरता से तंग आ चुकी है और एक बड़ा बदलाव लाने जा रही है। प्रियंका ने कहा-प्रदेश में पार्टी की जबरदस्त लहर है। कांग्रेस राज्य की सभी सीटें भारी अंतर से जीतेगी। प्रियंका ने इससे पहले हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# सनराइजर्स या रॉयल्स किसे मिलेगा फाइनल का टिकट

चेन्नई, एजेंसी



- हैदराबाद के बल्लेबाजों और राजस्थान के स्पिनरों के बीच होगी कड़ी टक्कर
- फाइनल मुकाबले विजेता टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स का करना होगा सामना

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर ने कोई विकेट नहीं लिया। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। रॉयल्स की बात करें तो आरसीबी खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

# 17 साल बाद भारत को खिताब की उम्मीद

## टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय दिग्गजों ने कसी कमर, 2014 के बाद फाइनल तक नहीं पहुंची है टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें 17 साल बाद दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है।

भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप की हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

### भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूतः पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 446 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।

### टी-20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मैदान

| मैदान | शहर |
|---|---|
| सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम | नॉर्थ साउंड, एंटीगा और बारबुडा |
| केंसिंग्टन ओवल | ब्रिजटाउन, बारबाडोस |
| प्रोविडेंस स्टेडियम | प्रोविडेंस, गयाना |
| डैरेन सैमी स्टेडियम | ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया |
| अर्नोस व्हेल स्टेडियम | किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस |
| ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम | सैन फर्नांडो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो |
| सेंट्रल ब्रोवर्ड पार्क लॉडरहिल | फ्लोरिडा, अमेरिका |
| ग्रैंड प्रीरी स्टेडियम | डलास (टेक्सास), अमेरिका |
| नासाउ काउंटी इंटरनेशनल | लॉन्ग आइलैंड (न्यूयॉर्क), अमेरिका |

### विश्व विजेता

| | |
|---|---|
| 2007 | भारत |
| 2009 | पाकिस्तान |
| 2010 | इंग्लैंड |
| 2012 | वेस्ट इंडीज |
| 2014 | श्रीलंका |
| 2016 | वेस्टइंडीज |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2022 | इंग्लैंड |

### टी-20 विश्व कप में अब तक के सबसे बड़े रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) 27 मैचों में 1,141 रन। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) ने 2014 विश्व कप में 319 रन बनाए थे। |
| सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर | ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन। |
| सर्वाधिक शतक | क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) ने 2007 और 2016 में 2-2 शतक बनाए। |
| सर्वाधिक विकेट | शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) 36 मैचों में 47 विकेट। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट | वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) 2021 विश्व कप में 16 विकेट। |
| सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े | अजंता मेंडिस (श्रीलंका) 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट। |
| सर्वाधिक शिकार | महेंद्र सिंह धोनी (भारत) 33 मैचों में 32 शिकार। |
| सर्वाधिक कैच (फील्डर) | एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) 30 मैचों में 23 कैच। |
| उच्चतम स्कोर | श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ 6 विकेट पर 260 रन बनाए। |
| न्यूनतम स्कोर | नीदरलैंड्स की टीम 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट। |

## खेल डायरी

### क्वालीफायर में भारत को मिल सकता है कोटाः कुट्टप्पा

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी कोच सीए कुट्टप्पा का मानना है कि 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। कुट्टप्पा ने बताया थाईलैंड क्वालीफायर से, हमें निश्चित रूप से 4-5 कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है और हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे पास निश्चित मौका है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुक्केबाज को 2-3 स्पैरिंग सत्र मिले और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बहुत सकारात्मक हैं। प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 देशों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस आदि के मुक्केबाजों के साथ स्पैरिंग सत्र ने हमारे मुक्केबाजों को बहुत कुछ दिया इस विश्वास के साथ कि उन्हें पेरिस में बड़े मंच पर चुनौती दी जा सकती है।

### प्रीतिस्मिता ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**लीमा (पेरू)।** भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। तुर्की की फातमा कोलकैक कुल 120 किग्रा उठाकर कांस्य जीतने में सफल रहीं। भारत के दो अन्य भारोत्तोलकों ने भी पहले दिन पदक मंच पर जगह बनाई।

### फ्रेंच ओपन से हटीं टेनिस की दिग्गज जेसिका पेगुला

**पेरिस।** दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका दो साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे पांच से सात दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती। निश्चित तौर पर मैं ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र और गर्मियों के बाकी सत्र के लिए वापसी करूंगी।

### फ्रेंच ओपनः पहले दौर में नडाल का मुकाबला ज्वेरेव से

**पेरिस।** राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन में खेलने का फैसला कर लिया है और गुरुवार को जारी ड्रॉ के मुताबिक 14 बार के चैंपियन खिलाड़ी के सामने पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव की मुश्किल चुनौती होगी। टूर्नामेंट की निदेशक एमेली मौरेस्मो ने कहा नडाल के साथ कुछ भी संभव है। वह इस बात को लेकर असमंजस में थे कि दो सत्रों से चोट के कारण प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बाद रोलां गैरों में प्रतिस्पर्धा करेंगे या नहीं। कूल्हे की सर्जरी के कारण वह पिछले साल फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाए थे। इस महीने इटैलियन ओपन में हार के बाद नडाल ने कहा कि उन्हें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि पेरिस में खेलना है या नहीं। उन्होंने हालांकि लाल बजरी पर अभ्यास जारी रखा था और उनका नाम आधिकारिक तौर पर ब्रैकेट में था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ज्वेरेव के खिलाफ उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल खेला था। ज्वेरेव उस मैच में टखने में चोट के कारण बीच में हट गए थे।

### भारत की महिला-पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे। महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

### भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

**दोहा।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को हराया जबकि अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को शिकस्त दी। सेंथिलकुमार अगले दौर में मिस्र के सातवें वरीय ओमान मोसाद से भिड़ेंगे जबकि अभय फ्रांस के छठे वरीय अगस्ते डुसोर्ड के खिलाफ खेलेंगे।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक



**जिनेवा।** नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया। हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था। सत्र के पहले खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच अगले दौर में डेनिस शापोवालोव और टेलोन ग्रीक्सपूअर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। जिनेवा ओपन का फाइनल शनिवार को होगा जबकि इसके एक दिन बाद रोलां गैरो पर मुख्य ड्रॉ के मुकाबले शुरू होंगे जहां जोकोविच गत चैंपियन हैं।

## मैच फिक्सिंग मामले में एलपीएल फ्रेंचाइजी को रद करने का फैसला बदला

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी के मालिक तमीम रहमान की मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तारी के कारण फ्रेंचाइजी को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद अपने फैसले से पलटते हुए कहा कि उसकी टी20 लीग मैचों की तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगी और इसमें सभी पांच टीमें शामिल होंगी। एसएलसी ने घोषणा की कि फ्रेंचाइजी का एक नया मालिक होगा और टूर्नामेंट एक से 21 जुलाई तक योजना के अनुसार आयोजित किया जाएगा। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र अपनी तय योजना और पांच टीमों के मैचों के तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा। सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक रहमान को अदालत के आदेश के बाद शहर के भंडारनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

# पाकिस्तान में प्रतिभा दिखाएगी चित्रकूट की उन्नति

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट



- हन्ना बिनैका गांव की बेटी है होनहार स्क्वैश खिलाड़ी

**अमृत विचार।** चित्रकूट जिले के गांव हन्ना बिनैका की उन्नति त्रिपाठी 25 जून से पाकिस्तान में होने वाली 31 वीं एशियाई इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्नति की इस उपलब्धि से उसके गांव ही नहीं बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। इसके अलावा उसे यूएसए के ह्यूस्टन में होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भी खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 12 जुलाई से होगी।

इस्लामाबाद में 25 जून से एशियाई खिलाड़ियों की स्क्वैश प्रतियोगिता होगी। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से जिन प्रतिभाओं का चयन किया गया है, उसमें उन्नति भी हैं। उन्नति ने दो से छह मई तक के ट्रायल में हिस्सा लिया था और उसमें अव्वल रहने के बाद उनको पाकिस्तान जाने का अवसर मिला। उन्नति की देश में स्क्वैश की अंडर 17 कैटेगरी में छठवीं रैंक है। उन्नति के पिता हरिओम त्रिपाठी भारतीय स्क्वैश टीम के वर्ष 2000 से 2015 तक कोच रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नति पाकिस्तान में अंडर 17 कैटेगरी में चौथे रैंक पर खेलेंगी। उन्नति के भाई अंश भी स्क्वैश के माहिर खिलाड़ी हैं। भाई-बहन छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। 16 वर्षीया उन्नति मुंबई में इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं का खिताब जीत चुकी हैं।

### 6 साल की उम्र से शुरू किया स्क्वैश खेलना

पिता हरिओम खुद भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह चेन्नई की एकेडमी में प्रशिक्षण दिया करते थे। वह बताते हैं कि उन्नति ने महज छह साल की उम्र में स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था। जब वह देहरादून की एक खेल संबंधी कोचिंग से संबद्ध हुए तो उन्नति भी वहीं पढ़ने और उनसे खेल का गुर सीखने लगी।

**मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चालिहा ने किया उलटफेर**

# सिंधू ने यू जिन को हराया, अशिमता जीतीं

कुआलालंपुर, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर मिली।

### ओलंपिक से पहले लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में लेंगी प्रशिक्षण



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में प्रशिक्षण लेगी। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के तहत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की तैयारी के लिए फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लक्ष्य सेन आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को कार्तिक ने कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतर्राष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रशंसकों के दिलों पर राज किया।

आईपीएल में आरसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। 20 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी-20 खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाए रखा।

## बॉलीवुड हलचल

# वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार वेलकम टू द जंगल इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल, तुषार कपूर, कृष्णा सहित करीब 20 कलाकार हैं। फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।



# भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज, फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में देंगी सेवाएं
- 2022 से उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी



भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मी बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया। सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है।

**राज सिंह बधेशा फ्रेस्नो काउंटी में नियुक्त :** इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

## दिल्ली के लेडी श्री राम हंसराज व अन्य कॉलेजों को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक कॉलेजों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लेकिन गहन तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

एक दिन पहले, इसी तरह का एक ई-मेल नॉर्थ ब्लॉक को भेजा गया था, जिसमें उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शाम चार बजकर 38 मिनट पर लेडी श्रीराम कॉलेज में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। इसके कुछ देर बाद अन्य कॉलेजों को भी ऐसे ही धमकी भरे ई-मेल मिले। स्थानीय पुलिस, एक बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ते से लैस बम का पता लगाने वाली एक टीम लेडी श्रीराम कॉलेज पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# प्ले स्टोर की फर्जी ऐप से सावधान बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के मॉडर्न समय में स्मार्ट फोन और उस फोन में मौजूद ढेरों ऐप्स हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये ऐप्स हमारा मनोरंजन तो करते हैं, साथ ही हमें जरूरी सेवाएं भी देते हैं। अब तक हमें लगता था कि प्ले स्टोर में मौजूद ऐप्स तो सुरक्षित हैं। हम किसी भी ऐप को आंख मूंदकर डाउनलोड कर लेते थे। लेकिन सावधान, ठगों और क्रिमिनलों की नजर से अब प्ले स्टोर भी अछूता नहीं है। साइबर क्रिमिनल कुछ ऐसे नकली ऐप बना रहे हैं, जिन्हें इंस्टॉल करने के बाद आपकी पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है या फिर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। इसी को लेकर भारत सरकार के सिक्योरिटी पोर्टल 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने एक इमेज शेयर करते हुए बताया है कि गूगल प्ले स्टोर पर यूनियन-रिवार्ड.एपीके नाम से एक ऐप मौजूद है। ये ऐप देखने में यूनियन बैंक के असली ऐप जैसा लगता है, लेकिन यह एक फेक एंड्रॉयड ऐप है। इससे पहले भी साइबर दोस्त फेक लोन ऐप्स और फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप से अलर्ट रहने की चेतावनी दे चुका है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात फेक ऐप्स की।




### असली व नकली ऐप्स को इस तरह पहचाने

आमतौर पर जब हमें कोई भी ऐप डाउनलोड करना होता है तो हम गूगल के प्ले स्टोर या एपल के एप स्टोर पर जाकर उसे डाउनलोड करते हैं। इन ऐप स्टोर्स पर कई ऐसे फर्जी ऐप भी मौजूद हैं, जो यूजर्स की निजी जानकारी चोरी करने से लेकर बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल नकली ऐप्स की डिजाइनिंग बेहद सफाई से करते हैं, जिससे आम लोगों के लिए अंतर कर पाना मुश्किल होता है।

### मोबाइल बैंकिंग सुरक्षित पर सावधानी जरूरी

साइबर एक्सपर्ट ईशान सिन्हा बताते हैं कि मोबाइल बैंकिंग पूरी तरह सुरक्षित है, क्योंकि बैंक बेहद सेफ और हाई इन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं। बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। जैसे- मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने की सबसे सुरक्षित जगह आपके बैंक की वेबसाइट है। आपके मोबाइल बैंकिंग ऐप को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड नींव की तरह होता है। इसलिए स्ट्रॉन्ग पासवर्ड जरूर बनाएं। बैंकिंग ऐप्स के इन-ऐप फिंगरप्रिंट डिवाइस का प्रयोग करें।

### फर्जी ऐप्स से फोन को बचाएं

अगर आपने पहले ही कोई संदिग्ध ऐप इंस्टॉल कर लिया है, जिसकी वजह से आपकी डिवाइस स्लो हो गई है या अनचाहे विज्ञापन आ रहे हैं तो ऐसे ऐप्स को तुरंत अनइंस्टॉल कर दें। इसके अलावा अगर आपको स्मार्टफोन के किसी ऐप के संदिग्ध होने की आशंका है तो इन स्टेप्स को फॉलो करें। जैसेकि- अपने फोन या टेबलेट को रीस्टार्ट करें। एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें।

### नकली ऐप्स के इंटरफेस असली जैसे होते हैं

नकली मोबाइल ऐप्स ऐसे एप्लिकेशन होते हैं, जो वैलिड ऐप्स के लुक और अंदर के इंटरफेस से काफी मिलते-जुलते होते हैं। जिससे आसानी से यूजर्स को इंस्टॉल करने के लिए धोखा दिया जा सके। इन्हें इतने सलीके से बनाया जाता है कि ज्यादातर यूजर्स के लिए असली और नकली ऐप्स के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होता है। ये वैलिड ऐप स्टोर जैसे ऐपल के ऐप स्टोर या गूगल के प्ले स्टोर पर भी हो सकते हैं। कुछ नकली ऐप्स आपके कैमरे को कंट्रोल करने की परमिशन मांगते हैं।

## एक नजर

### रामास्वामी ने जॉर्जिया में जीता डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है। हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा-जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था।

### चार श्रीलंकाई आरोपियों का साथी कोलंबो से गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने भारत में गिरफ्तार किए गए अपने चार नागरिकों के एक साथी को पकड़ा है। चारों कथित तौर पर प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट की ओर से भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गए थे। भारत में गिरफ्तार आरोपियों का साथी कुख्यात मादक पदार्थ माफिया का बेटा है। उसे मालिगावट्टा के सेंट्रल कोलंबो वार्ड से गिरफ्तार किया गया और पुलिस के आतंकवाद अन्वेषण प्रभाग में उससे लगातार पूछताछ की जा रही है।

### ऋषि सुनक व विपक्षी दल चुनाव प्रचार में जुटे

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा विपक्षी नेता बृहस्पतिवार से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है।

### गुप्त सूचनाएं लीक करने वाला पाकिस्तानी एजेंट गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नगर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया (21) पिछले चार महीनों से अद्विका प्रिंस नामके पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है।

### महाराष्ट्र में एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था।

### तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगी सुनीता विलियम्स

**ह्यूस्टन।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अगले महीने अंतरिक्ष में तीसरी बार उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग स्टारलाइनर यान से अंतरिक्ष जाएंगी, जिसके 1 जून से 5 जून के बीच उड़ान भरने की उम्मीद है।

# पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश के तटों से टकराएगा भीषण चक्रवात रेमल


## रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में उठने वाला भीषण चक्रवाती तूफान रेमल पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट से टकराएगा। बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव तेज होता जा रहा है, जिस कारण रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मॉनसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात के नामकरण प्रणाली के अनुसार इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है। भारत मौसम विभाग की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया यह प्रणाली शुक्रवार की सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक दबाव क्षेत्र में केंद्रित हो जाएगा। यह शनिवार की सुबह एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद रविवार शाम तक यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचेगा। आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान के कारण चक्रवाती तूफान तेजी से अपनी गति बढ़ा रहे हैं और लंबे समय तक अपनी शक्ति बरकरार रख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप महासागर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अधिकांश अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर रहे हैं।



चक्रवात की प्रतीकात्मक फोटो।

### बंगाल और अरब सागर बहुत गर्म

वैज्ञानिक राजीवन ने कहा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर इस समय बहुत गर्म हैं, इसलिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसानी से बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह चक्रवात न केवल समुद्र द्वारा नियंत्रित होते हैं, बल्कि इसमें वायुमंडल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई के अनुसार, समुद्र की सतह के गर्म तापमान का मतलब अधिक नमी है, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव प्रणाली को चक्रवात में बदलने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना आवश्यक है। बंगाल की खाड़ी में सतह का तापमान फिलहाल 30 डिग्री सेल्सियस है।

## पन्नू मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ निखिल गुप्ता की याचिका खारिज

**लंदन।** चेक की संवैधानिक अदालत ने अमेरिकी सरजमीं पर खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की साजिश रचने के मामले में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका खारिज कर दी। गुप्ता चेक की राजधानी प्राग की एक जेल में कैद है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता (52) के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में मुकदमा दाखिल किया था।

गुप्ता पर भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप है। पन्नू अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक गणराज्य के प्राग से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जेल में है। अमेरिकी सरकार उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है।



आतंकी पन्नू।

- चेक संवैधानिक अदालत ने की याचिका खारिज

चेक संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने कहा कि संवैधानिक अदालत को ऐसी किसी परिस्थिति का भान नहीं हुआ, जिसमें प्रत्यर्पण को मंजूर करने से संवैधानिक मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता हो। अधीनस्थ अदालत ने प्रत्यर्पण को रोक सकने वाले सभी पहलुओं पर पूर्ण रूप से विचार किया।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग का दादा डॉन का करीबी

पुणे, एजेंसी

- शिवसेना के पूर्व पार्षद ने कहा- जान से मारने की दी थी सुपारी

पुणे में शिवसेना के पूर्व पार्षद अजय भोसले ने कार हादसे के आरोपी नाबालिग के दादा पर अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध होने का आरोप लगाया है। अजय ने दावा किया है कि 15 साल पहले छोटा राजन गैंग को उसकी हत्या करने की सुपारी दी थी।

वह 2009 में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के उम्मीदवार थे, उस समय कोरेगांव पार्क क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर कथित तौर पर गोली चलाई गई थी। इस हमले में हालांकि, भोसले तो बाल-बाल बच गए, लेकिन एक गोली उनके कार चालक शकील सैय्यद को लगी थी। इस मामले की जांच वर्तमान में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही है और उसने कार दुर्घटना के आरोपी नाबालिग के दादा को मामले में आरोपी संख्या-छह के रूप में नामित किया है। फिलहाल जेल में बंद गैंगस्टर छोटा राजन को आरोपी संख्या- तीन बनाया गया है। भोसले पर हमले के मामले में कुल सात आरोपी हैं।

मामले में अदालत द्वारा पारित आदेशों में से एक के अनुसार आरोपी संख्या 6 (किशोर के दादा) और उसके भाई के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था। आरोपी ने अपने भाई को संपत्ति का हिस्सा सौंपने हेतु मनाने के लिए मामले के आरोपियों में से एक और छोटा राजन के कथित गुर्गे विजय सालवी की मदद मांगी। भोसले ने एक मराठी टेलीविजन चैनल से बातचीत में दावा करते हुए कहा मैं 2009 का विधानसभा चुनाव शिवसेना के टिकट पर वडगांव शेरी निर्वाचन क्षेत्र से लड़ रहा था।



### पुलिस ने दादा से की पूछताछ

पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंडवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था।

### कार का पंजीकरण होगा रद

**पुणे।** जिस पोर्शे कार की चपेट में आकर दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हुई थी, उसके अस्थायी पंजीकरण को रद करने की प्रक्रिया आरटीओ ने शुरू कर दी है। पोर्शे टायकन कार को अस्थायी पंजीकरण के आधार पर महाराष्ट्र भेजे जाने से पहले मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर ने इसका आयात किया था।

# ताइवान को चारों तरफ से घेरकर चीन का युद्धाभ्यास

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है।

इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था। साथ ही ताइवानियों को चेतावनी दी थी कि अगर वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें।



### चीन सैन्य अभ्यास रोके : ताइवान

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने को कहा है। लाई ने चीन से अपील की है कि वह अपने आक्रोश को रोककर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश करे। लाई के मुताबिक जिन द्वीपों के पास अभ्यास चल रहा है वे ताइवान के हैं।

## सिंगापुर में मुस्तफा समूह का बड़े पैमाने पर डेटा लीक

**सिंगापुर।** सिंगापुर के लिटिल इंडिया में शॉपिंग मॉल का संचालन करने सहित कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे मुस्तफा ग्रुप का डेटा बड़े पैमाने पर लीक हो गया है और इस द्विपीय देश की डेटा सुरक्षा एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। चर्चित हैकर मंच ब्रीचफोरम के साइबर हमलावरों ने दावा किया है कि उन्होंने मुस्तफा समूह के ग्राहकों और कर्मचारियों की निजी जानकारी चोरी कर ली है।

हाल के सप्ताह में मंच को बंद कर दिया है। हैकर ने पूर्व में दावा किया था कि उसने कंपनियों द्वारा संभावित अपराधियों की पहचान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैश्विक डेटाबेस से डेटा चोरी की है।

## उत्सव



कोलकाता में बौद्ध भिक्षुओं ने गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी में बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा की।

## कंबोडिया में धोखेबाज नियोक्ताओं से बचाए 60 भारतीय घर लौटे

**नोम पेन्ह/नई दिल्ली।** कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने 60 भारतीय नागरिकों के एक समूह को स्वदेश वापस भेज दिया। इन नागरिकों को 20 मई को चलाए गए एक बचाव अभियान के बाद कंबोडियाई अधिकारियों ने सिहानोकविले में घोटाला केंद्रों से बचाया था।

भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया विदेश में भारतीयों की मदद के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हूं। कंबोडिया में भारतीय दूतावास द्वारा धोखेबाज नियोक्ताओं से बचाए गए 60 भारतीय नागरिकों का पहला बैच घर लौट आया। कंबोडियाई अधिकारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद।


खगोल विज्ञान | क्षुद्रग्रहों की विविधता उजागर करती है यह खोज

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोल वैज्ञानिकों ने एक जुड़वां क्षुद्रग्रह खोज निकाला है। यह दोनों एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर मौजूद रहकर अपने पथ पर सफर करते हैं। इनसे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह खोज क्षुद्रग्रहों की विविधता बताती है।

क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। इनमें से न जाने कौन कब पृथ्वी से टकरा जाय, इस कारण वैज्ञानिकों की नजर इन पर बनी रहती है। मगर अब जिस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है, वह विचित्र है। पहली बार इस तरह की खोज हुई है। यह ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के लिए नासा के मिशन लुसी द्वारा खोजा गया हैं। लूसी मिशन अंतरिक्ष में जब डिंकिनेश नामक क्षुद्रग्रह से गुजर रहा था, तो उसे नजर आ गई। पहली नजर में देखने पर यह चंद्रमा प्रतीत हो रहा था। मगर से देखने पर इसकी वास्तविकता आश्चर्यजनक लगी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि यह दो वस्तुओं से बना है जो गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से भौतिक रूप से एक दूसरे को छूते हैं, लेकिन पूरी तरह से एक दूसरे में विलय नहीं होते हैं। यह खोज अप्रत्याशित थी। कॉर्नेल कोल्बी मेरिल, कोलोराडो विश्वविद्यालय और बर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। इस क्षुद्रग्रह की प्रकृति को बाइनरी यार्कोव्स्की-ओ''कीफ-रेडज़िएव्स्की-पैडैक प्रभाव कहा जाता है। यह क्षुद्रग्रह लगभग 790 मीटर व्यास का है।



जुड़वां क्षुद्र ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

### अभी और भी प्रकृति के हो सकते हैं क्षुद्रग्रह

इस क्षुद्रग्रह के मिलने के बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विविध प्रकृति के कई अन्य क्षुद्र ग्रह हमारे अपने सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं। आने वाले समय में क्षुद्रग्रहों के अनेक रहस्य खुलेंगे। इसके लिए नई तकनीक इजाद की जा रही हैं।

## राष्ट्रपति रईसी को सुपूर्द-ए-खाक किया

**दुबई।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को देश की सबसे पवित्र शिया दरगाह में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनकी कुछ दिन पहले हेलीकॉप्टर दुर्घटना में विदेश मंत्री तथा छह अन्य लोगों के साथ मृत्यु हो गई थी।

रईसी को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह के अंदर एक कब्र में दफनाया गया। इस दरगाह में शिया समुदाय के आठवें इमाम दफन हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और उन्होंने काले कपड़े पहने हुए थे। उनके जनाजे में हालांकि उतनी भीड़ शामिल नहीं हुई, जितनी 2020 में बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल कासिम सुलेमानी के मारे जाने के बाद के जनाजे में थी। इसके पीछे रईसी को लेकर लोगों की भावनाएं एक संभावित संकेत हो सकती हैं।


# विकासशील देशों पर भारी कर्ज कम करने में मदद करने का आग्रह

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की बैठक

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं से केन्या और अन्य विकासशील देशों को नुकसान पहुंचा रहे भारी कर्ज के बोझ को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस अफ्रीकी देश के किसी नेता द्वारा 15 वर्ष में की गयी यह अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा है। इस कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया जबकि राष्ट्रपति बाइडन अफ्रीकी देशों से अपनी इस अपील पर जोर दे रहे हैं कि अमेरिका आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन की तुलना में बेहतर भागीदार हो सकता है। बीजिंग अफ्रीका महाद्वीप में अपना निवेश बढ़ा रहा है। यह काम अक्सर उच्च-ब्याज दर पर ऋण देकर और अन्य कठिन वित्तीय शर्तों के साथ किया जा रहा है। बाइडन और रूटो चाहते हैं कि ऋणदाता देश उन विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण बाधाओं को कम करें जो उच्च ऋण बोझ की वजह से लाचार हैं।



केन्या के राष्ट्रपति के साथ जो बाइडन।